


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बढ़ती आबादी हांफते संसाधन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 231, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 7 जुलाई 2024


आज का मौसम

31.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में बादल छाए रहेंगे बारिश होगी।

सूर्योदय 05 : 22
सूर्यास्त 07 : 15



सलमान को पसंद आया विक्की कौशल का तौबा-तौबा डांस...14


MONTE CARLO

SALE START 20% to 50%

— वास्तविक छूट —

शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज

7 DAYS OPEN

SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050 | DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन


# बारिश से 13 लोगों की गई जान, बरेली सहित 20 जिलों में अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रदेश में पिछले 24 घंटों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गई। इसमें बिजली गिरने से कुल छह लोगों, अतिवृष्टि से दो लोगों व डूबने से पांच लोगों की मौत हो गई। बरेली मंडल समेत प्रदेश के 20 शहरों में 8 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बारिश के मौसम में अधिकारी राहत कार्य पर गंभीर नजर रखें और प्रभावित लोगों की मदद करें।

राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार डूबने से मारे गये लोगों में फतेहपुर के दो और मैनपुरी, कौशांबी, प्रतापगढ़ व रायबरेली के एक-एक लोग शामिल हैं, जबकि अतिवृष्टि से मारे गये लोगों में रायबरेली व मैनपुरी के एक-एक लोग शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को प्रदेश में औसतन 18.3 मिलीमीटर बारिश हुई। एक जून से अब तक 155.2 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई जो सामान्य वर्षा 134.5 मिलीमीटर के सापेक्ष 115.4 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक 65.5 मिमी बारिश श्रावस्ती जिले में दर्ज की गई। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, समुद्र तल पर मानसून टर्फ अपनी सामान्य स्थिति से थोड़ा दक्षिण की ओर से होते हुए जैसलमेर से सीकर, उरई, चुर्क, डाल्टनगंज, पुरूलिया एवं कोंटाई होते हुए उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। इसके अतिरिक्त पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं दक्षिणी-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर बने दो अलग-अलग चक्रवाती परिसंचरण का प्रभाव है। प्रदेश में जारी सक्रिय मानसून की परिस्थितियों के कारण 2-3 दिनों के दौरान प्रदेश में कहीं तेज तो कहीं भारी बारिश के आसार हैं। आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, शाहजहांपुर, मथुरा, हाथरस, एटा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत और राजधानी लखनऊ समेत 20 शहरों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।



बरेली शहर के रामपुर बाग क्षेत्र में जलभराव के बीच गुजरते वाहन।

## दो दिन भारी बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने 8 जुलाई तक जारी की चेतावनी

### बारिश से शहर पानी-पानी, जलजमाव से परेशानी

**बरेली।** जिले में शनिवार को दिन भर झमाझम बारिश हुई। इससे जगह-जगह जलभराव हो गया। मौसम विभाग ने 10 जुलाई तक मध्यम से भारी बारिश का अनुमान जताया है। पिछले 24 घंटे में 22 मिमी बारिश रिकार्ड की गई। शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा की गति आठ किलोमीटर प्रति घंटे दर्ज की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने तीन दिन मध्यम से भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान अधिकतम तापमान 30 और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं।

### उत्तराखंड में पुल बहा, चारधाम यात्रा भी स्थगित

**देहरादून।** उत्तराखंड में बारिश का कहर जारी है। भूस्खलन व मलबा आने से कुमाऊं मंडल में 80 से अधिक सड़कें बंद हैं। रामनगर-रानीखेत और अल्मोड़ा को जोड़ने वाला मोहान के पास स्थित पुल पानी के तेज बहाव में बह गया। बनबसा में शारदा बैराज का जल स्तर 1.21 लाख क्यूसेक तक पहुंच गया। जिस वजह से वहां वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ी है। गंगोत्री, यमुनोत्री, बदरीनाथ, केदारनाथ (चारों धाम) की यात्रा स्थगित कर दी गई है। आयुक्त, गढ़वाल मंडल और अध्यक्ष, चार धाम यात्रा प्रशासन संगठन, विनय शंकर पाण्डेय ने बताया कि गढ़वाल मंडल के चार धाम यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालु 7 जुलाई को ऋषिकेश से आगे चार-धाम की यात्रा शुरू न करें।

## एक नजर

### कुलभूषण मांटा को मरणोपरांत शौर्य चक्र

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की पवित्र धरा ने एक और वीर सपूत को देश की सेवा में खो दिया। राइफलमैन कुलभूषण मांटा को मरणोपरांत 'शौर्य चक्र' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी मां दुर्गा देवी और धर्मपत्नी नीतू कुमारी ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में ग्रहण किया।

### नहीं हुआ मोहर्रम का चांद यौम-ए-आशूर 17 को

**लखनऊ।** शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने बताया कि 6 जुलाई को मोहर्रम का चांद नहीं हुआ, इसलिए 7 जुलाई को जिलहिज्जा की 30 तारीख होगी और 8 जुलाई को पहली मोहर्रम होगी। 17 जुलाई को यौम-ए-आशूर मनाया जाएगा। मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने कहा कि कि पहली मोहर्रम 8 जुलाई को और यौम-ए-आशूर 17 मोहर्रम को होगा।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत शनिवार को 15 जुलाई तक बढ़ा दी। आप के नेता सिसोदिया की न्यायिक हिरासत अवधि समाप्त होने पर विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की कोर्ट में पेश किया गया।

# पटना में भोले बाबा पर रिपोर्ट दर्ज

## राजनीतिक आकाओं से जुड़े हैं साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के तार, जांच करेगी पुलिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : हाथरस भगदड़ प्रकरण में पुलिस अब आरोपी साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के राजनीतिक संबंधों की जांच में जुट गई है। पुलिस को कुछ सुराग मिले हैं जो भोले बाबा के राजनीतिक संबंधों की ओर इशारा कर रहे हैं। संदेह है कि कहीं भगदड़ किसी राजनीतिक साजिश का हिस्सा तो नहीं थी।

इस बीच, पटना कोर्ट में भोले बाबा के खिलाफ पहला केस दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार ने आवेदन करते हुए भोले बाबा को मुख्य आरोपी बनाया है और कानूनी कार्यवाई की मांग की है। हाथरस के पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के एक बयान में यह तथ्य सामने आया कि भोले बाबा का मुख्य सेवादार और मामले में मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर ने हाल में कुछ नेताओं से संपर्क किया था। इससे घटना के इर्द-गिर्द संभावित राजनीतिक साजिश को भी बल मिल रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मधुकर, भोले बाबा के



लिए धन जुटाता था। पुलिस मधुकर को रिमांड पर लेने की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए छह जुलाई को न्यायालय में याचिका दाखिल करेगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आरोपी मधुकर से जुड़े वित्तीय लेनदेन और कॉल रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

**डीजीपी ने बनाई फैक्ट्स फाइंडिंग टीम :** डीजीपी प्रशांत कुमार ने एक फैक्ट्स फाइंडिंग टीम बनाई है। मैनपुरी, एटा, कासगंज, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, फिरोजबाद, इटावा और आगरा के एसपी और पुलिस आयुक्त को जिम्मेदारी दी गई है कि वह अपने अपने जिलों में सेवादारों से बात कर बाबा के कामकाज, आश्रम, फंडिंग और मददगारों के बारे में भी जानकारी जुटाएं। भोले बाबा राजस्थान के एक पेपर लीक माफिया का भी परिचित है। एक एडीजी ने बताया कि भोले बाबा जब भी राजस्थान जाता था कि तो दौसा जिले में हर्षवर्धन मीणा के घर पर रुकता था। मीणा राजस्थान-2020 जूनियर इंजीनियर परीक्षा (जेईएन) भर्ती पेपर लीक का मुख्य आरोपी है।

### हमें विश्वास, उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा : भोले बाबा

हाथरस हादसे में आरोपी भोले बाबा का पहला बयान सामने आया है। उन्होंने वीडियो बयान जारी कर कहा कि वह दो जुलाई की घटना से बहुत ही व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर हमें इस दुख की घड़ी से उबरने की शक्ति दें। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि सभी शासन और प्रशासन पर भरोसा बनाए रखें। हमें विश्वास है कि जो भी उपद्रवी हैं, उनको बख्शा नहीं जाएगा। अधिवक्ता एपी सिंह के माध्यम से उन्होंने समिति के सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे शोक संतप्त परिवारों और घायलों के साथ खड़े रहें और जीवन भर उनकी मदद करें।

### हाथरस पहुंचा आयोग घटनास्थल का निरीक्षण

हाथरस में घटनास्थल पर एसआईटी के बाद शनिवार को न्यायिक जांच आयोग की तीन सदस्यीय टीम जांच करने पुलिस लाइन पहुंची। टीम ने प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद टीम फुलरई मुगलगढ़ी स्थित घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने सिकंदराराऊ ट्रॉमा सेंटर को भी देखा। आयोग की टीम में इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव, पूर्व आईएएस हेमंत राव और पूर्व आईपीएस भवेश कुमार सिंह थे।

### ब्लॉक में बतौर तकनीकी सहायक तैनात था मधुकर



पुलिस की गिरफ्त में आया मुख्य आरोपी मधुकर एटा जिले के ब्लॉक शीतलपुर में बतौर तकनीकी सहायक (मनरेगा) के रूप में तैनात था, जिसे अब हटा दिया गया है। मधुकर वहां अनुबंध पर 20 ग्राम पंचायतों का कार्य देख रहा था। खंड विकास अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि मधुकर का मुख्य आरोपी के रूप में नाम सामने आने के बाद सेवा समाप्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मधुकर की पत्नी भी पंचायत सहायक है, दोनो एक साथ हाथरस के सिकंदराराऊ कस्बे में रहते थे। मधुकर ने ग्राम प्रधान का चुनाव भी लड़ा था, लेकिन हार गया। मधुकर ने अपने गांव के भी 30 लोगों को सत्संग से जोड़ा था, लेकिन वह सुरक्षित हैं।

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया आरोपी

हाथरस भगदड़ मामले के मुख्य आरोपी मधुकर को जिला न्यायालय ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस मामले में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक भोले बाबा को समन भेजा जाएगा।

# कुलगाम में आतंकी हमला, दो जवान शहीद चार आतंकी भी ढेर

श्रीनगर, एजेंसी

अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा को लेकर जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को तलाशी अभियान चला रही सेना की टीम पर आतंकियों ने हमला कर दिया। इस हमले में एक पैरा कमांडो शहीद हो गया। कुलगाम में ही हुई दूसरी मुठभेड़ में एक अन्य जवान शहीद हो गया। सेना ने जवाबी कार्रवाई में चार आतंकियों को भी ढेर कर दिया। अमरनाथ यात्रा पर जाने के लिए तीर्थयात्रियों को कुलगाम से होकर गुजरना होता है। अनंतनाग के पहलगाम मार्ग और गंदेरबल के बालटाल मार्ग से पिछले शनिवार को ही अमरनाथ यात्रा शुरू हुई है।

अमरनाथ यात्रा के कारण पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि पहली मुठभेड़ कुलगाम के मोदरगाम गांव में उस समय शुरू हुई जब सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमें आतंकवादियों की सूचना मिलने के बाद तलाशी अभियान चला रही थीं। इसी बीच जवानों पर गोलाबारी शुरू हो गई। सेना की एलीट यूनिट के पैरा कमांडो प्रदीप नैन शहीद हो गए। प्रदीप हरियाणा के जींद जिले के रहने वाले थे। देर रात तक जवानों ने आतंकियों को घेर रखा था और मुठभेड़ जारी थी। इसी दौरान कुलगाम जिले के फ्रिसल चिनिगाम में एक और मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना ने कार्रवाई करते हुए चार आतंकियों को ढेर कर दिया। मुठभेड में सेना के हवलदार राजकुमार भी शहीद हो गए। गोलीबारी देर रात तक जारी थी।



मुठभेड़ में शहीद हरियाणा के प्रदीप नैन।

- **अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा को लेकर सेना चला रही थी तलाशी अभियान**

# अयोध्या में हमने राम मंदिर आंदोलन को हराया : राहुल

अहमदाबाद, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि इंडिया गठबंधन ने अयोध्या में भाजपा को हराकर राम मंदिर आंदोलन को पराजित कर दिया है जिसे लालकृष्ण आडवाणी ने शुरू किया था। उन्होंने विश्वास जताया कि अगले चुनाव में भाजपा का गुजरात में भी यही हश्र होगा। गांधी ने कहा कि कांग्रेस को भाजपा द्वारा चुनौती दी गई है और धमकी दी गई है, लेकिन वह गुजरात में भाजपा और नरेन्द्र मोदी को उसी तरह हराएगी, जिस तरह उन्हें अयोध्या में हराया गया। गांधी यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। कुछ दिन पहले ही कांग्रेस और भाजपा के बीच गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय के बाहर झड़प हुई थी, जब भाजपा के कार्यकर्ता हिंदुओं पर उनकी (गांधी की) टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन करने वहां गए थे।

गांधी ने कहा कि उन्होंने (भाजपा) हमें धमकाकर और हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाकर हमें चुनौती दी है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम सब मिलकर उनकी सरकार को उसी तरह तोड़ देंगे जैसे उन्होंने हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाया है। यह लिखकर ले लीजिए कि कांग्रेस गुजरात में चुनाव लड़ेगी और नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा को हराएगी, जैसा हमने अयोध्या में किया था। गांधी ने उत्तर प्रदेश की फैजाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा की हार को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। अयोध्या फैजाबाद में स्थित है।



- **गुजरात पहुंचे कांग्रेस नेता ने भाजपा और मोदी सरकार पर किया प्रहार**
- **अहमदाबाद में बोले-उन्होंने हमारा दफ्तर तोड़ा, हम उनकी सरकार तोड़ेंगे**

### हर धर्म में पाया जाता है कांग्रेस का 'हाथ'


गांधी ने कहा कि कांग्रेस का 'हाथ' चिह्न हर धर्म में पाया जाता है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''गुरुनानक, महावीर, बुद्ध की तस्वीरों को देखिए। इस्लाम में भी वे आशीर्वाद के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। भगवान शिव के चित्र देखिए और आपको यह वहां भी मिलेगा। इसका मतलब है डरो मत, डराओ मत। गांधी ने कहा कि भाजपा के विपरीत कांग्रेस में पार्टी कार्यकर्ता अपने नेताओं के समक्ष अपनी राय व्यक्त करने से नहीं डरते हैं और यहां तक कि उनके फैसलों पर सवाल उठाते हैं तथा उनके मुंह पर ही कह देते हैं कि उन्होंने जो किया, वह उन्हें पसंद नहीं आया।

# सुधारवादी नेता पेजेश्कियान होंगे ईरान के नए राष्ट्रपति

दुबई, एजेंसी

ईरान के राष्ट्रपति चुनाव में सुधारवादी नेता मसूद पेजेश्कियान को जीत मिली है। उन्होंने कट्टरपंथी नेता सईद जलीली को हरा दिया है। अब तक गिने गए तीन करोड़ वोटों में से डॉ. मसूद पेजेश्कियान को 53.3 फ़ीसदी वोट मिले हैं, जबकि जलीली को 44.3 फीसदी वोट मिले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मसूद पेजेश्कियान को ईरान का राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर शनिवार को बधाई दी।

पेजेश्कियान पेशे से हार्ट सर्जन रहे हैं। सुधारवादी माने जाने वाले पेजेश्कियान देश में 'मोरल पुलिसिंग' के कड़े आलोचक रहे हैं। उन्होंने ईरान में एकता और सद्भाव लाने का वादा किया था। यह भी वादा किया था कि वह दुनिया से ईरान के अलगाव को खत्म करेंगे। इसके बाद ही ईरान के लोगों का उनकी ओर झुकाव बढ़ना शुरू हुआ।



- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई**
- **कट्टरपंथी नेता सईद जलीली हारे चुनाव**

# वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 23 को पेश करेंगी बजट

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा और 12 अगस्त को समाप्त होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को बजट पेश करेंगी। रीजीजू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत सरकार की अनुशंसा पर बजट सत्र, 2024 के लिए 22 जुलाई से 12 अगस्त, 2024 तक संसद के दोनों सदनों की बैठक बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली तीसरी सरकार का यह पहला बजट होगा। बजट में प्रमुख सामाजिक व आर्थिक फैसले होने की उम्मीद है।

# नीट-यूजी : मासान्त तक काउंसलिंग की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया इस माह के अंत तक शुरू हो सकती है। काउंसलिंग सत्र जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू होने की संभावना थी। हालाँकि, काउंसलिंग अधिकारियों ने कोई तारीख या कार्यक्रम अधिसूचित नहीं किया था।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की मेडिकल काउंसलिंग कमेटी ने अभी तक वर्ष 2024 के लिए नीट यूजी और पीजी की काउंसलिंग कार्यक्रम घोषित नहीं किया है। मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि चिकित्सा परामर्श समिति ने अभी तक काउंसलिंग अनुसूची अधिसूचित नहीं की है। काउंसलिंग कार्यक्रम की घोषणा एमसीसी अपनी वेबसाइट पर परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने के आधार पर की जाती है। वर्ष 2024 के लिए एनएमसी यूजी और पीजी सीटों के लिए जुलाई के तीसरे सप्ताह तक यूजी सीट बंटवारे और अगस्त के मध्य तक पीजी सीटों को अंतिम रूप दे देगा।

- **पहले जुलाई माह की शुरूआत में होनी थी काउंसलिंग**

# केजरीवाल की पत्नी देख सकती हैं उनके चिकित्सा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता को उनके चिकित्सा रिकॉर्ड उपलब्ध कराने की अनुमति दे दी और उन्हें उनकी ओर से मेडिकल बोर्ड या डॉक्टरों से स्वतंत्र रूप से सलाह लेने की अनुमति भी दे दी। हालांकि, अदालत ने केजरीवाल की उस अर्जी को खारिज कर दिया जिसमें चिकित्सकों से परामर्श के दौरान सुनीता केजरीवाल को उनकी 'अटेंडेंट' के तौर पर शामिल करने की अनुमति देने के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिए जाने का आग्रह किया गया था।

# झारखंड के पूर्व मंत्री के खिलाफ ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन मामले की जांच के तहत झारखंड के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, उनके पूर्व निजी सचिव और घरेलू सहायक के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है तथा 4.42 करोड़ रुपये की संपत्ति भी कुर्क की है। संघीय एजेंसी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसने 4 जुलाई को आलमगीर आलम, उनके पूर्व निजी सचिव संजीव कुमार लाल, लाल की पत्नी रीता लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम के खिलाफ कुर्की आदेश जारी किया है।

- **पूर्व मंत्री और सहयोगियों की 4.42 करोड़ की संपत्ति कुर्क**

**सुरक्षा का जिम्मा** | 1288 वर्ग किलोमीटर में फैले कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए ऑपरेशन मानसून शुरू

# जान जोखिम में डाल वन्यजीवों की रक्षा कर रहे सीटीआर के जवान

विनोद पपनै, रामनगर

**अमृत विचार** : बियावान जंगल में घुप्प अंधेरा ऐसा कि हाथ को हाथ नहीं दिखाई दे, ऊपर से मूसलाधार बारिश, जंगल में कहीं से बाघ तो कहीं से गुलदार के दहाड़ने की आवाज... ऐसी ही दुरुह स्थितियों में जान जोखिम में डालकर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) के कर्मचारी जंगलों में शिकारियों की घुसपैठ रोकते हैं। रात के अंधेरे में अजगर, कोबरा, करैत जैसे जानलेवा सांप-बिच्छुओं से बचते-बचाते हुए शिकारियों की घुसपैठ रोकना और जंगल के चप्पे-चप्पे पर नजर रखना आसान नहीं है। फिर भी ये वनकर्मी बारिश के मौसम में 'ऑपरेशन मानसून' के तहत पार्क में सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहते हैं। सीटीआर के पर्यटन जोन बंद होने के बाद बारिश के मौसम में 'ऑपरेशन मानसून' शुरू हो जाता है। एक जुलाई से कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के 1288.32 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैले जंगल में रेड अलर्ट घोषित हो गया है। मानसून सत्र तक सभी वनकर्मियों की छुट्टियां रद कर दी गई हैं, वनकर्मी शिकारियों से वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद हैं।



### सीटीआर की दक्षिणी सीमा अति संवेदनशील

बारिश शुरू होते ही शिकारियों की नजर बाघ, गुलदार और हाथी समेत अन्य जंगली जानवरों के साथ ही पेड़ों पर रहती है। सीटीआर में उत्तर प्रदेश के अमानगढ़, अफजलगढ़, शेरकोट, धामपुर नगीना, नजीबाबाद और मंडावली से शिकारियों की घुसपैठ का खतरा बना रहता है। दक्षिणी सीमा पर प्रत्येक दो किमी में 40 वन चौकियां हैं। इनसे विशेष नजर रखी जाती है। बारिश में सड़कें क्षतिग्रस्त होने से कर्मचारी जंगल से बाहर नहीं आ पाते हैं इस वजह से वन चौकियों में पर्याप्त मात्रा में राशन व जीवन रक्षक दवाइयां भेज दी गई हैं। पार्क में जिन इलाकों में वनकर्मी नहीं पहुंच पाते हैं, वहां ड्रोन और थर्मल कैमरे से निगरानी होती है।

सीटीआर के फील्ड कर्मचारी वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण के लिए पूरी मुस्तैदी से दिन-रात तैनात हैं। खोजी कुत्तों, ड्रोन, तथा हाथियों से भी गश्त की जा रही है। वन्यजीवों की सुरक्षा, शिकारियों की घुसपैठ रोकने को हर पल निगहबानी के लिए हम चौकस हैं। - **डॉ. धीरज पांडेय,** निदेशक, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व

### ऐसे होती है जंगल की निगहबानी

एक हजार वन कर्मी, 4 स्नीफर डॉग्स व 12 हाथियों के माध्यम से गश्त करते हैं। इसके अलावा वन कर्मियों की लंबी और छोटी दूरी की पैदल गश्त, ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे से निगरानी, वायरलैस सेट से सूचनाओं का आदान-प्रदान होता है। इतनी चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की वजह से ही सीटीआर में शिकारियों का घुसपैठ करना आसान नहीं है।

## आज का मौसम

आसमान में धूप खिली रहेगी।

31.0⁰ अधिकतम तापमान | 25.0⁰ न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की ओर से उद्यान विभाग की हाईटेक नर्सरी के निर्माण कार्य का निरीक्षण दोपहर 2:30 बजे।
- बरगद वाले मंदिर से जगन्नाथ रथ यात्रा दोपहर 12:30 बजे।
- समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप की सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता सुबह 11:30 बजे।

## पांच दिन के बाद भी पूर्व सीएमएस ने नहीं लौटाया एसी, सीएमओ नाराज

**बरेली, अमृत विचार** : पांच दिन पहले सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने तीन सौ बेड अस्पताल के पूर्व सीएमएस एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भानुप्रकाश को एसी लौटने का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन अभी तक उन्होंने एसी नहीं लौटाया है। दरअसल, पूर्व सीएमएस के आवास पर तीन एसी लगे हैं। एसी वापस न किए जाने पर सीएमओ ने नाराजगी जताई है। उन्होंने डॉ. भानु को जल्द एसी लौटाने और अस्पताल के कोल्ड रूम में उसे लगवाने के निर्देश दिए हैं, ताकि मरीज और स्टाफ को राहत मिले।

## कार क्षतिग्रस्त होने के केस को उपभोक्ता आयोग ने किया खारिज

**बरेली, अमृत विचार** : दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त होने के केस को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष राधेश्याम यादव, सदस्य मुक्ता गुप्ता और प्रशांत मिश्रा की पीठ ने खारिज कर दिया। आंवला के मोहल्ला बजरिया निवासी कफील अहमद ने 23 नवंबर 2020 को कार के दुर्घटनाग्रस्त होने पर बीमा कंपनी बजाज अलियान्स और मारूति इंश्योरेंस बुकिंग को विपक्षी बनाते हुए आयोग में 6 जुलाई 2021 को मुकदमा दायर किया था। विपक्षी मारूति के वकील रविन्द्र पाल सिंह कालरा ने तर्क दिया कि उनकी भूमिका केवल फैसिलीटेटर की है, परिवादी ने झूठे, भ्रामक तथ्यों पर वाद दायर किया है।

# सीबीगंज में खंभे में करंट से झुलसा किशोर, तीन गोवंशीय पशुओं की मौत

### स्थानीय नागरिकों में आक्रोश, विभाग पर लापरवाही का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बारिश के मौसम में बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मर में करंट आने से हादसों का खतरा बढ़ गया है। शुक्रवार की रात सीबीगंज क्षेत्र में तीन गोवंशीय पशुओं की करंट लगने से मौत हो गई और एक किशोर करंट लगने से झुलस गया। एसडीओ के निर्देश पर बिजली के खंभे में आ रहे करंट को ठीक कराया गया। क्षेत्रवासियों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नाराजगी जाहिर की।

सीबीगंज के मथुरापुर गांव निवासी मिश्रीलाल ने बताया कि उनके घर के सामने बिजली का खंभा लगा है। शुक्रवार को खंभे में आ रहे करंट की चपेट में आकर एक गाय की मौत हो गई। उसके बाद ट्यूबवेल के पास लगे ट्रांसफॉर्मर की चारदीवारी के पास से गुजर रहे गोवंशीय पशु की भी करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। गांव के ही रहने वाले कल्लू ने बताया कि उनका 10 साल का बेटा नावेद दुकान पर सामान लेने जा रहा था। रास्ते में उसने बिजली के खंभे को छू लिया, जिससे उसका हाथ झुलस गया। आसपास मौजूद लोगों की सतर्कता से उसको बचाया जा सका। सुभाषनगर क्षेत्र के बाजपेई ढाल के पास भी एक गोवंशीय पशु की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई थी। एसडीओ सीबीगंज रोहित सिंह ने बताया कि गांव के लोगों ने करंट आने की सूचना दी थी। उसके बाद कर्मचारियों को मौके पर भेजकर उसे ठीक करा दिया गया।



मथुरापुर गांव में करंट लगने घटना के बाद मौके पर जुटी भीड़। ● अमृत विचार

### पिछले साल छात्रा की करंट लगने से हुई थी मौत

पिछले साल भी ट्रांसफार्मर की फेंसिंग में आ रहे करंट की चपेट में आकर स्कूल जा रही छात्रा लक्ष्मी की मौत हो गई थी। इसके बाद भी कई जगह पर ट्रांसफार्मर और बिजली के खंभों को कवर नहीं किया गया है, जिससे आए दिन करंट लगने के मामले सामने आते रहते हैं। मुख्य अभियंता रणविजय सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि क्षेत्र में निरीक्षण करके देख लें कि कहीं पर पोल और ट्रांसफार्मर में करंट तो नहीं आ रहा है फिर भी ट्रांसफार्मरों को कवर नहीं किया गया है।

## किला में ब्रेकडाउन से कई घंटे गुल रही बिजली

**बरेली, अमृत विचार** : बारिश में फाल्ट होने से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। किला में दो नंबर फीडर पर ब्रेकडाउन हो गया। वहीं मढ़ीनाथ में 33 केवीए की लाइन में फाल्ट होने से पांच घंटे से अधिक समय तक बिजली ठप रही। सिविल लाइंस में भी फाल्ट से दिक्कत हुई। शनिवार को लगातार बारिश की वजह से फाल्ट ठीक करने में कर्मचारियों को परेशानी हुई। किला उपकेंद्र का दो नंबर फीडर ब्रेकडाउन में चला गया, जिससे दो घंटे से अधिक समय तक बाकरगंज, हुसैन बाग आदि में दिक्कत रही। इसके अलावा किला उपकेंद्र पर परसाखेड़ा से आने वाली 33 केवीए की लाइन में काम कराने को लेकर भी बिजली कटौती की गई। वहीं मढ़ीनाथ की 33 केवीए की लाइन में शनिवार की शाम 4 बजे फाल्ट हो गया। इसके बाद रात 9 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। फाल्ट नहीं मिलने पर मढ़ीनाथ की बिजली आपूर्ति को सुभाषनगर से जोड़कर सप्लाई को चलाया गया। सिजगतपुर उपकेंद्र से जुड़े एजाज नगर गौटिया, सतीपुर, पशुपति बिहार कॉलोनी, आजादनगर आदि क्षेत्रों में ट्रिपिंग होने से उपभोक्ता परेशान हुए। महानगर के आकांक्षा एन्क्लेव, सरदार जी कॉलोनी, मुंशीनगर आदि जगहों पर ट्रिपिंग और कटौती से भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कुतुबखाना से जुड़े बिहारीपुर, पुराना बस अड्डा, आजमनगर आदि क्षेत्र में शनिवार की सुबह दो से तीन घंटे की बिजली कटौती की गई।



किला क्षेत्र में फाल्ट ठीक करते कर्मचारी ● अमृत विचार

## चार दिन बाद बदला गया ट्रांसफार्मर



**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : फतेहगंज पश्चिमी विद्युत सब स्टेशन में चार दिन खराब ट्रांसफार्मर बदला गया। इसके बाद आपूर्ति बहाल हो सकी।

पांच एमवी का ट्रांसफार्मर बुधवार को खराब हो गया था। अधिकारियों ने नया ट्रांसफार्मर मंगाने के लिए गोरखपुर के अधिकारियों को सूचना दी। शनिवार दोपहर बाद ट्रांसफार्मर पहुंचा तो उसे लगाने का काम शुरू कर दिया। इस ट्रांसफार्मर से जुड़े फीडरों को दूसरे ट्रांसफार्मर से जोड़कर सप्लाई दी गई थी। शनिवार शाम को जब ट्रांसफार्मर बदला गया तब जाकर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इसी के साथ बरेली टेस्ट डिवीजन से एई मीटर लाल बहादुर यादव व जेई सुधीर कुमार और स्टाफ रमेश चन्द के साथ बिजली घर फतेहगंज पश्चिमी पहुंच कर पांच एमवीए ट्रांसफार्मर की जांच की। शनिवार को बारिश के कारण चार्जिंग नहीं हो सकी। अब रविवार को ट्रांसफार्मर चार्ज किया जाएगा। एसडीओ अखिलेश यादव ने बताया की पांच एमवीए ट्रांसफार्मर को बदल दिया गया है, बारिश के चलते चार्जिंग नहीं हो सकीं, रविवार को क्षेत्र में सुचारू रूप से ट्रांसफार्मर से सप्लाई चालू कर दी जाएगी।

# कार्यकारिणी में भाजपा के पांच और सपा के एक पार्षद निर्वाचित



नए सदस्यों के साथ महापौर डॉ. उमेश गौतम और नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- छह सदस्य नाम की पर्ची निकलने के बाद हुए विदा
- इतने ही सदस्यों ने चुनाव में कराया था नामांकन

**अमृत विचार** : नगर निगम की कार्यकारिणी समिति के चुनाव में शनिवार को भाजपा के पांच और सपा के एक पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी से इतने ही पुराने सदस्य विदा हुए हैं। कार्यकारिणी में फिर भाजपा के 10 और सपा के दो पार्षद हो गए हैं, जबकि कांग्रेस, रालोद और निर्दलीय पार्षदों को कार्यकारिणी में जगह नहीं मिल पाई है।

नगर निगम के पुराने भवन के सभागार में सुबह करीब 11 बजे कार्यकारिणी समिति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। महापौर डॉ. उमेश गौतम और नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स की मौजूदगी में 12 सदस्यों में से छह सदस्यों रामपाल गंगवार, सीता पटेल, मीरा देवी, निधि सक्सेना, अलीम खां और आरेंद्र अरोरा को बाहर निकालने के लिए उनके नाम की पर्ची निकाली गई। इसके बाद कार्यकारिणी के लिए नए छह सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई। नामांकन प्रक्रिया के दौरान नए सदस्यों के लिए भाजपा से पांच और सपा से एक पार्षद ने नामांकन पत्र भरे। नामवापसी का समय समाप्त होने के बाद भाजपा के रितिका किशोर, हरिशंकर लोधी, नरेंद्र सिंह, संतोष कश्यप, अंजुल गंगवार और सपा के ओमान खान को कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित घोषित किया गया। महापौरा, उपसभापति सर्वेश रस्तोगी, मुकेश सिंघल, पुष्पेंद्र महेश्वरी, सतीश कातिब मम्मा सहित अन्य पार्षदों ने सभी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई दी।

### सर्वेश रस्तोगी एक साल के लिए और उप सभापति

चुनाव के दौरान उपसभापति सर्वेश रस्तोगी भाग्यशाली रहे। अगर उनके नाम की पर्ची निकल जाती तो उन्हें पद से हटना पड़ता लेकिन अब वह एक साल तक और उपसभापति बने रहेंगे। इसके लिए उन्हें भी पार्षदों ने बधाई दी है।

### निर्दलीय को कार्यकारिणी में मिलनी चाहिए थी जगह

सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना ने बताया कि चुनाव में भाजपा ने अपने पांच सदस्यों को कार्यकारिणी में पहुंचाने के लिए निर्दलीय पार्षदों पर दबाव बनाकर उन्हें चुनाव लड़ने से रोककर सदन में लोकतंत्र को कमजोर किया है, जबकि तीन निर्दलीय पार्षद कार्यकारिणी का चुनाव लड़ना चाहते थे। पार्षद राजेश अग्रवाल ने कहा कि कार्यकारिणी के लिए चुने गए सभी पार्षदों को शुभकामना देता हूं। वह लोगों की समस्या के निदान को लेकर निरंतर प्रयास करते रहेंगे। हम सभी को आपसी समन्वय बनाकर शहर के विकास को लेकर गंभीर रहना चाहिए। अगर लोगों की समस्या सामने आए तो उसे पूरे मनोयोग से हल करने की जरूरत है।

### सातवीं बार निर्विरोध चुनाव ऐतिहासिक है

महापौर उमेश गौतम ने कहा कि कार्यकारिणी में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की है। हमें निर्दलीय पार्षदों को साथ लेकर चलेंगे और अन्य को भी ऐसा करना चाहिए। हमें एकजुट होकर शहर के विकास कार्यों के लिए कदम बढ़ाना होगा। लगातार सातवीं बार निर्विरोध चुनाव ऐतिहासिक है। यह हम सभी के आपसी तालमेल का बड़ा उदाहरण है।

# टैक्स जमा करने को लोग तैयार मगर बिलों में गड़बड़ियों की भरमार

**बरेली, अमृत विचार** : नगर निगम में कर जमा करने के लिए पहुंच रहे भवनस्वामियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिलों में गड़बड़ियों की भरमार होने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है।

लोगों का कहना है कि वे टैक्स जमा करना चाहते हैं, लेकिन जमा ही नहीं हो रहा है। शनिवार को नगर निगम के टैक्स विभाग में कर जमा करने के लिए लोगों की लंबी लाइन लगी थी। लोगों ने बताया कि सबसे ज्यादा दिक्कत गलत बिल के कारण हो रही है, जिसे ठीक कराने के लिए विभाग के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। कुछ भवनस्वामियों ने कहा कि वह कई बार निगम के चक्कर लगा चुके हैं, मगर हर बार अलग- अलग समस्या बता कर उन्हें टरका दिया जाता है। सर्वे के दौरान जिन घरों के गृहस्वामी नहीं मिले थे, उनकी आईडी का मिलान नहीं हो पा रहा है।



टैक्स विभाग में कर जमा करने पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

- नगर निगम में कर जमा करने के लिए पहुंच रहे भवनस्वामियों को हो रही परेशानी



"दो बार कर जमा करने के लिए नगर निगम में आ चुके हैं, लेकिन हर बार यही कहा जा रहा है कि जीआईएस सर्वे के आधार पर ही टैक्स जमा होगा। जबकि पहले से ही सभी दस्तावेज यहां दर्ज हैं। – **नरेश कुमार सिंह**



"पेयजल कनेक्शन न होने के बाद भी लगातार जलकर बिल में लगकर आ रहा है। शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। – **नरेंद्र गंगवार**

# 10 से चौपुला पुल को अटल सेतु से जोड़ने का काम होगा शुरू



चौपुला पुल को अटल सेतु से जोड़ने के लिए पहुंचे गर्डर।

**बरेली, अमृत विचार** : लंबे इंतजार के बाद चौपुला पुल को अटल सेतु से जोड़ने का काम 10 जुलाई से शुरू हो जाएगा। इसके लिए सोनीपत से 42 मीटर लंबे स्टील के सभी गर्डर आ गए हैं। दोनों पुलों को जोड़ने के बाद सड़क और रैलिंग बनाई जाएगी। सेतु निगम ने पुल पर सितंबर में वाहनों के आवागमन की योजना तैयार की है। दोनों पुलों के जुड़ने से जाम की समस्या दूर हो जाएगी। अटल सेतु का काम वर्ष 2018 में शुरू हुआ था। इसे पुराने चौपुला पुल से भी जोड़ना था लेकिन दोनों पुलों के बीच एक निजी भवन के मालिक की आपत्ति की वजह से 2021 में यह काम अटक गया था। सेतु निगम ने डिजाइन में बदलाव कर दोनों पुलों को गर्डर से जोड़ने की योजना बनाई। दिल्ली की एक कंपनी ने 42 मीटर लंबे स्टील के स्ट्रक्चर को सोनीपत के खरौदा की एक कंपनी को गर्डर तैयार करने के लिए फरवरी 2023 में आर्डर दिया था। पिछले सप्ताह दो गर्डर बरेली पहुंच गए थे। शुक्रवार रात में चार गर्डर और पहुंच गए। 10 जुलाई से गर्डर को जोड़कर क्रेन से पिलर पर रखे जाएंगे।

सेतु निगम के सहायक अभियंता सुनील गोस्वामी ने बताया कि सभी गर्डर आ गए हैं। दोनों पुलों को जोड़ने का काम अगले सप्ताह से शुरू कर दिया जाएगा। दोनों पुल जुड़ने से जाम की समस्या दूर हो जाएगी।

## गोविंद मौर्य बने एसडीएम सदर और रत्निका एसडीएम बहेड़ी

**बरेली, अमृत विचार** : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शनिवार को कई एसडीएम के कार्यक्षेत्र में फेरबदल करते हुए नई तैनाती दी है। एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव को यहां से हटाकर एसडीएम बहेड़ी की जिम्मेदारी दी गई है। एसडीएम न्यायिक फरीदपुर गोविंद मौर्य को एसडीएम सदर बनाया गया है। एसडीएम बहेड़ी रहे अजय कुमार उपाध्याय को एसडीएम फरीदपुर की जिम्मेदारी दी गई है। एसडीएम फरीदपुर रहीं निधि डोंडवाल को एसडीएम न्यायिक आंवला के पद पर तैनाती दी गई है।



























शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# कोर्ट के आदेश का अनुपालन न करने पर पुलिस आयुक्त गाजियाबाद को नोटिस

**विधि संवाददाता, बरेली :** चेक बाउंस मामले में अभियुक्त के विरुद्ध गैर जमानती वारंट, फरार घोषित किए जाने के कोर्ट के आदेश का अनुपालन न कराने पर स्पेशल जज एनआई एक्ट कोर्ट हरिहर प्रसाद यादव ने पुलिस आयुक्त गाजियाबाद को कारण बताओ नोटिस भेजा है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर आठ अगस्त को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है।

वादी के वकील मनोज बाबू गंगवार के अनुसार कोर्ट में वर्ष 2021 में सिविल लाइंस स्थित टीम इंजीनियर्स के पार्टनर भुता के केसरपुर निवासी मनोहर सिंह ने चेक बाउंस होने पर गाजियाबाद इंद्रिरापुरम निवासी प्रदीप कुमार के विरुद्ध स्पेशल कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया था। दोनों के बीच व्यवसाय के सिलसिले में रुपये का लेनदेन हुआ था। प्रदीप ने मनोहर सिंह को 25-25 लाख के दो चेक दिए थे। उन्होंने ने 1 सितंबर 2020 को बैंक शाखा में जब चेक लगाए तो बाउंस हो गए। कोर्ट ने प्रदीप के कोर्ट में हाजिर न होने पर गैर जमानती वारंट/फरार होने के आदेश के निष्पादन का आदेश गाजियाबाद कोतवाली इंद्रिरापुरम के प्रभारी निरीक्षक और एसएसपी गाजियाबाद को दिए थे, पर आरोपी को कोर्ट में पेश नहीं किया।

# नगर निगम : 40 करोड़ रुपये से 200 कार्य और 45 सड़कों का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य

## नगर आयुक्त ने कहा - सड़कों की एक लेयर की भराई का कार्य जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि 40 करोड़ रुपये से 200 काम और 45 सड़कों का निर्माण पूरा करने लक्ष्य रखा गया है। इससे लोगों को राहत मिलेगी। फिलहाल, बारिश के दौरान सड़कों की एक लेयर की भराई का कार्य किया जा रहा है।

नगर आयुक्त ने शनिवार को अमृत विचार से खास बातचीत में बताया कि कई सड़कों के टेंडर किए जा चुके हैं। कई जगहों पर काम शुरू हो गया है। इस मौसम में मिट्टी की भराई होने से ठीक से बैठ जाती है। जब बारिश बीच में रुक जाती है तो काम शुरू कर दिया जाता है। निर्माण विभाग के सभी इंजीनियरों को निर्देश दिए गए हैं कि जिन सड़कों काम शुरू हो गया है, उसको समय से पूरा कर लिया जाए। करीब 45 सड़कों के निर्माण हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी वार्डों में सड़क और नाली का निर्माण कराया जाना है। इसके लिए भी काफी संख्या में टेंडर किए गए हैं। प्रयास है कि जिन जगहों पर समस्या है, वहां प्राथमिकता के आधार पर काम किया जाए।



### स्मार्ट सिटी के कई प्रोजेक्ट से जल्द मिलेगा लोगों को फायदा

नगर आयुक्त ने बताया कि स्मार्ट सिटी के कई प्रोजेक्ट के संचालन के लिए टेंडर निकाले गए हैं। बहुत जल्द अर्बन हाट, कामर्शियल भवन (तांगा स्टैंड), बीएमडी, स्काई वॉक के संचालन के लिए एजेंसी का चयन हो जाएगा। इसका फायदा लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के तहत शहर में बड़ा बदलाव हुआ है।

# स्टेडियम रोड पर नक्शे के विपरीत बना भवन सील

**बरेली, अमृत विचार :** बीडीए की टीम ने शनिवार शाम स्टेडियम रोड पर नक्शे के विपरीत बने एक ब्यूटी पार्लर के भवन को सील कर दिया।

स्टेडियम रोड पर माडल टाउन के पास पंजाब एंड सिंध बैंक के ऊपर ब्यूटी पार्लर का संचालन किया जा रहा था। इस भवन का निर्माण नक्शे के अनुरूप नहीं किया गया था। गोलीकांड के बाद दो अवैध भवनों को ध्वस्त करने और तीन भवनों को सील करने के बाद बीडीए ने मास्टर प्लान के अनुरूप भवनों के नक्शे पास कराने और कंपाउंडिंग कराने का सर्वे शुरू कर दिया है।

ASHOKA FOAM
WOW SALE
UP TO 70%

- Bed Linen
- Bath Linen
- Sofa Fabric
- Wallpapers
- Wooden
- PVC Flooring
- Rugs
- Louvers
- Curtains

106/8 Civil Lines, Opp. Mission Hospital
Bareilly, Uttar Pradesh, India 243001
Tel: +91 9720031000 | www.shokafoam.com

# मुसीबत : लगातार बारिश से शहर में जलभराव

## नाला चोक होने से रामपुर बाग समेत कई इलाकों में भरा पानी, आवागमन में हुई परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लगातार बारिश और बदहाल जलनिकासी की वजह से लोग परेशानी झेल रहे हैं। शनिवार को हुई बारिश से शहर के मुख्य मार्गों समेत कई इलाकों में जलभराव हो गया। सबसे अधिक परेशानी निचले इलाकों में हो रही है, जहां गलियों में घुटनों तक पानी भर गया है।

बारिश से रामपुर बाग की मुख्य सड़क पर पानी भर गया। सुभाष नगर पुलिया के नीचे भीषण जलभराव की वजह से वाहन सवारों आने जाने में दिक्कत हुई। यहां तक की नगर निगम परिसर में भी जलनिकासी की व्यवस्था न होने के कारण जलभराव हो गया। सेटेलाइट बस अड्डा और पुराना रोडवेज परिसर में पानी भरने से यात्रियों को बसों में चढ़ने और उतरने में समस्या आई।

नकटिया स्थित आरटीओ परिसर में जलभराव से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पीलीभीत बाईपास रोड पर कई जगहों पर फुटपाथ पर पानी भर गया। मलूकपुर में पुलिस चौकी चौराहे पर नाली के ऊपर से पानी बहने के कारण मुख्य सड़क पर घुटने भर पानी से लोग आ जा रहे थे। इस दौरान कई लोग गिरकर चोटिल हो गए। सूफी टोला, हजियापुर, बानखाना, कांकर टोला, हुसैन बाग, पुराने शहर के कई जगहों पर जलभराव के वजह से लोग परेशान रहे। वहीं बारिश की वजह से जर्जर सड़कों की हालत और भी ज्यादा खराब हो गई है।


सेटेलाइट बस अड्डे पर जलभराव के कारण यात्रियों को परेशानी से जूझना पड़ा। ● अमृत विचार


मलूकपुर चौकी तिराहे पर भरा पानी।


नगर निगम परिसर में भी जलभराव हो गया। ● अमृत विचार


सुभाषनगर पुलिया के नीचे जलभराव से होकर निकलते वाहन सवार। ● अमृत विचार


बिहारीपुर ढाल के पास भरा पानी।


पीलीभीत हाईवे पर सड़क धंसने से गहरा गड्ढा हो गया है। ● अमृत विचार


बारिश से बचने को छाता लगाकर जातीं युवतियां।

# भारी बारिश का अनुमान उत्तराखंड की यात्रा करने वाले बरतें सावधानी

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तराखंड की ओर आवागमन करने वाले लोगों से सावधानी बरतने की अपील मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की ओर से की गई हे। दरअसल, मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के चेतावनी पत्र के अनुसार 6 से 10 जुलाई तक उत्तराखंड के अधिकांश क्षेत्रों में भारी बारिश का पूर्वानुमान है। इसको लेकर मंडलायुक्त ने बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर के जिलाधिकारियों को सतर्कता बरतने के आदेश दिए हैं।


स्काईवॉक के नीचे गहरा गड्ढा हो गया था, जिसे शनिवार को बंद किया गया।

# जर्जर सड़क पर चलना मुश्किल समाधान दिवस में लगाई गुहार


सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में शिकायतें सुनते अफसर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जलभराव से आवागमन में दिक्कत अपर नगर आयुक्त को लिखा पत्र
- सदर तहसील में पहुंचीं 46 शिकायतें एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं

**अमृत विचार :** शहर के वार्ड 75 एजाजनगर के लोग जर्जर सड़क की वजह से परेशान हैं। बारिश ने उनके सामने समस्या और बढ़ा दी है। जलभराव से आवागमन में दुश्वारियां हो रही हैं। समस्या के समाधान के लिए कई बार शिकायतों के बाद भी हल न निकलने पर शनिवार को सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मोहल्ले के लोग पहुंचे।

जाकिर हुसैन, राशिद, आजाद, अफसर, इमरान आदि सौंपे गए शिकायती पत्र में बताया कि दो मीनार मस्जिद का रोड काफी खराब है। तीन सौ मीटर सड़क पूरी तरह से उधड़ चुकी है। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। स्कूली बच्चों को आने-जाने में बहुत परेशानी हो रही है। मोहल्ले के लोगों की समस्या के समाधान के लिए एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव की ओर से अपर नगर आयुक्त को पत्र लिखा गया है।

बिहारीपुर की प्रभा धवन ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाने की मांग की। ऐना गांव के ओमप्रकाश ने शिकायती पत्र सौंपकर बताया है कि बैंक शाखा से 26 अगस्त 2016 को 1 लाख 76 हजार रुपये केसीसी पर लोन लिया था। बताया कि पूरा पैसा ब्याज सहित 15 मई को चुकता कर दिया है। इसके बाद जमीन को भारमुक्त कराने के लिए नो ड्यूज प्रमाण पत्र 15 मई को तहसील भेजा गया था, लेकिन अभी तक जमीन भार मुक्त नहीं की जा सकी है।

करमपुर चौधरी निवासी सरताज अली ने डीआईओएस को संबोधित प्रार्थना पत्र सौंपकर कहा कि, उनका बेटा हसन अली केपीएस विद्यालय में कला संकाय से 11वीं का छात्र है। सरताज ने आर्थिक तंगी की वजह से विद्यालय की फीस भर पाने में असमर्थता जाहिर करते हुए स्कूल परिवर्तन की मांग की है। चौधरी तालाब निवासी पूर्व सैनिक नेत्रपाल सिंह ने शिकायती पत्र में बताया कि घर के सामने एक मैरिज हॉल है। जहां देर रात तक तेज आवाज में साउंड बजते हैं। बराबर में रसोईघर से धुंआ उठने से परेशानी हो रही है। आरोप लगाया कि मना करने पर धमकी दी जाती है। पूर्व में भी शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। 46 में एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसडीएम सदर ने शिकायतों को सुना।

# स्काईवॉक की जगह उचित जल निकासी की करनी चाहिए थी व्यवस्था


पटेल चौक पर बनाया गया है स्काईवॉक। ● अमृत विचार

- मल्टीनेशनल कंपनी में मानव संसाधन विशेषज्ञ दिव्या सिंह ने मुख्यमंत्री को ईमेल पर भेजा सुझाव

**बरेली, अमृत विचार :** स्काईवॉक का लाभ लोगों को कितना मिलेगा, इस बारे में संशय है। लोगों का कहना है कि इसकी जगह दूसरा प्रोजेक्ट होता तो ज्यादा फायदा होता। इसके बदले में शहर में जल निकासी की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए थी। मल्टीनेशनल कंपनी में मानव संसाधन विशेषज्ञ दिव्या सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ईमेल पर इसका सुझाव भेजा है।


दिव्या सिंह।

बरेली स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में शामिल किए गए छह वार्ड ही पूरी तरह स्मार्ट नहीं हैं। पॉश कॉलोनी रामपुर बाग ही बारिश के पानी में डूबा रहता है। यहां जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। सिकलापुर और आजमनगर की तंग गलियों में सीवर का पानी सड़क पर भरा रहता है। शहर में स्मार्ट सिटी में कई काम कराए गए। चौड़ीकरण के नाम पर सड़क के किनारे लगे छायादार पेड़ों को काटकर फुटपाथ को हरियाली विहीन कर दिया गया।

सुभाष नगर निवासी दिव्या सिंह इन दिनों शहर में हैं। उन्होंने शहर की हालत देखकर मुख्यमंत्री को ईमेल किया कि स्मार्ट सिटी में पहले सीवर प्रणाली को दुरुस्त करने की योजना होनी चाहिए। उचित जल प्रबंधन के लिए पाइपलाइन के रिसाव और जल अपव्यय योजना पर स्पष्ट नीति का पालन होना चाहिए। जल निकासी बेहतर होगी तो गंदगी नहीं होगी और शहर स्वच्छ रहेगा। इसके अलावा डेंगू, मलेरिया के अलावा संक्रामक बीमारियों से बचाव होगा और सरकारी अस्पतालों पर बोझ भी कम होगा। दवाओं की खरीद में कम बजट लगेगा। अंडरग्राउंड बिजली लाइनें होंगी तो लाइन लॉस कम होगा। कचरा प्रबंधन संयंत्र की स्थापना से सरकार रोजगार पैदा करने में सक्षम होगी। यातायात नियंत्रण योजना दुर्घटनाओं को कम करेगी और सरकार पर अनावश्यक मुआवजे के बोझ को कम करेगी। सुझावों को कैसे लागू किया जा सकता है इसका भी ब्योरा भी उन्होंने मेल में दिया है।

# घर में ट्यूशन पढ़ा रही युवती से छेड़छाड़

**कैंट, अमृत विचार :** ट्यूशन पढ़ा रही युवती से शोहदे ने घर में घुसकर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने युवती के पिता को जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गया। थाना कैंट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। युवती के मुताबिक शुक्रवार शाम को वह अपने घर में बच्चों को ट्यूशन पढ़ा रही थी। इसी दौरान नकटिया निवासी आकाश उनके घर में घुस आया और छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर उनके पिता छत से आए तो आरोपी ने उनके साथ गालीगलौज की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर कैंट पुलिस ने आरोपी आकाश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कमरा दिलाने के बहाने महिला से किया दुष्कर्म

- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया

**सीबीगंज, अमृत विचार :** कमरा दिलाने के बहाने एक युवक ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि भोजीपुरा रेलवे स्टेशन के सामने रहने वाला आलम उर्फ अमानउल्ला शनिवार को उसे सीबीगंज के अटा कायस्तान गांव में कमरा दिलाने के बहाने ले गया। आरोप है कि वहां उसने महिला के साथ दुष्कर्म किया। महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके कपड़े फाड़ दिए। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। इंस्पेक्टर राजबली सिंह ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

**महिलाओं को अपशब्द कहने का वीडियो वायरल :** एक्स पर आरोपी का एक वीडियो शनिवार शाम वायरल हो गया, जिसमें वह दूसरे धर्म की महिलाओं को लेकर अपशब्द कह रहा था। एक्स पर कई लोगों ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।




**शहर में लगा भीषण जाम**

बारिश के दौरान शहर में भीषण जाम भी लग गया। सेटेलाइट बस अड्डे के पास सड़क पर ही बसें और ऑटो खड़े होने से जाम में कई वाहन फंस गए। वहीं चौपुला पुल के नीचे जलभराव से दिक्कत हुई। ● अमृत विचार

# बर्दाश्त नहीं किया जाएगा किसानों का शोषण नकली बीज और खाद बेचने वालों पर करें सख्ती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सर्किट हाउस में कृषि मंत्री ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नकली खाद और बीज बेचने वालों पर अधिकारी सख्त कार्रवाई करें। कोई भी किसान सम्मान निधि से वंचित नहीं रहना चाहिए। ये बातें कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने शनिवार को सर्किट हाउस में कृषि विभाग की मंडलीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहीं।

उन्होंने कहा कि किसानों को दुकानों पर आसानी से खाद और बीज उपलब्ध हो रहा है या नहीं इसकी सत्यता जांचने के लिए समय-समय पर छापेमारी करें। उन्होंने कहा कि कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है, इससे किसान ज्वार, बाजरा, मक्का, उड़द, मूंग की बोआई अभी नहीं कर पाएंगे। बारिश रुकने के बाद या फिर ऊंचे खेतों पर ही बोआई संभव है, लेकिन बीज आ चुका है तो उसे समय से किसानों में वितरण करा दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कीटनाशक में मिलावटखोर हेराफेरी न कर सकें, इस पर भी अधिकारियों को नजर रखनी है। मंत्री ने बैठक में श्री अन्न (मोटा अनाज) उत्पादन पर जोर दिया। कहा कि श्री अन्न से स्वास्थ्य पर प्रभाव, अच्छी उपज को लेकर लखनऊ में 19 से 21 जुलाई तक गोष्ठी है।


सर्किट हाउस में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप से वार्ता करते सांसद और विधायक। ● अमृत विचार

### मंत्री ने लाभार्थी को दी ट्रैक्टर की चाबी

समीक्षा बैठक के बाद मंत्री ने लाभार्थियों को बीज के किट बांटीं। पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पंप लाभार्थियों को चयन पत्र वितरित किए। इसके अलावा सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन के तहत फरीदपुर के निवासी नन्हे सिंह को कस्टम हायरिंग सेंटर में ट्रैक्टर की चाबी दी गई।

### किसान रजिस्ट्री बनने से नहीं कराना होगा बार-बार सत्यापन

8 जुलाई से 8 अगस्त तक किसान रजिस्ट्री कार्यक्रम की शुरुआत हो रही है, इसमें किसानों का आधार कार्ड, गाटा संख्या अपलोड होगी, जिससे किसानों को बार-बार सत्यापन नहीं कराना होगा। इस दौरान सांसद छत्रपाल गंगवार, महापौर उमेश गौतम, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, विधायक एमपी मौर्य, विधायक डॉ. डीसी वर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, संयुक्त निदेशक कृषि डॉ. राजेश कुमार, उप निदेशक कृषि समेत जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी मौजूद रहे।

# मोहर्रम के जुलूस में अब नहीं खोदनी पड़ेगी सड़क

- थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों में बनाई सहमति, पीपल की छांटी डाल
- चक महमूद में हर साल तनाव की वजह से खोदनी पड़ती थी सड़क

**बरेली, अमृत विचार :** थाना बारादरी क्षेत्र के पुराने शहर के चक महमूद में मोहर्रम के जुलूस के दौरान अब टकराव नहीं होगा। हर साल जुलूस में निकलने वाले ताजिये के लिए सड़क पर 10 फुट का गहरा गड्ढा खोदा जाता था। इस विवाद को खत्म करने के लिए थाना अमित पांडे ने हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों से बात की। दोनों पक्षों की सहमति के बाद शनिवार को पीपल के पेड़ की छंटाई कर रास्ता साफ कर दिया गया।

वार्ड 62 चक महमूद में मौर्य वाली गली में करीब 60 साल पुराना पीपल का पेड़ है। मोहर्रम में जुलूस के दौरान ताजिया निकालने के लिए 50 मीटर के हिस्से में 10 फुट का गहरा गड्ढा किया जाता था ताकि ताजिया पीपल के पेड़ से न टकराए। दोनों पक्षों में तनाव की वजह से भारी संख्या में फोर्स तैनात की जाती थी। इंस्पेक्टर अमित पांडे ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर कर लंबी वार्ता के बाद इस टकराव को खत्म कराया। उन्होंने हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों के प्रमुख लोगों के साथ बैठक की। इसके बाद आपसी सौहार्द और सद्भाव को बनाए रखने के लिए तय हुआ कि पीपल के पेड़ की छंटाई कर दी जाए।





डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला
IFFCO HOSPITAL
मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक

नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
- 24 घंटे के अन्दर
- 14 दिन के बाद भी
- हथेली व तलुवे का भी पीला होना
- Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)



चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000
8859493000
GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ



हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रेक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
स्त्री एवं प्रसूति रोग
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वैन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565
9410002566



कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज
मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।
ADMISSION OPEN
AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified
PHARMACY
B. Pharma
बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma
डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
NURSING
B.Sc. Nursing
बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में
सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)
कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com



KOPAL HOSPITAL BAREILLY
NABH PRE ACCREDITED
कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL



डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm
डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm



डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm
डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm
डॉ. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405


# लवेदी में प्रधानमंत्री आवासों पर प्लास्टर तक नहीं मिला

## लोकपाल मनरेगा ने पूछा तो प्रधान नहीं दे सके जवाब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अनियमितताओं की शिकायत पर जिला लोकपाल मनरेगा गांव में जांच करने पहुंचे

**अमृत विचार :** सरकारी कार्यों में अनियमितताओं की शिकायत पर जिला लोकपाल मनरेगा शिशुपाल मौर्य ने शनिवार को दमखोदा ब्लाक के गांव लवेदी में प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया। यहां उन्हें आवासों पर प्लास्टर तक नहीं मिला। मौके पर नागरिक सूचना बोर्ड भी नहीं लगा था। उनके पूछने पर ग्राम प्रधान इस संबंध में कोई जवाब नहीं दे पाए।

दरअसल, गांव के ही कुछ लोगों ने 15 जून को ग्राम पंचायत में आवास ,मनरेगा कार्यों ,सार्वजानिक पौधरोपण आदि में अनियमितताओं की शिकायत की थी। इसपर जिला लोकपाल मनरेगा ने ब्लाक दमखोदा के बीडीओ से जांच आख्या मांगी थी। लेकिन उन्होंने कोई आख्या नहीं दी।

इस पर वह शनिवार को जांच करने गांव लवेदी पहुंचे। जहां उन्होंने प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया। जिन पर प्लास्तर नहीं पाया गया। इस संबंध में प्रधान कोई जवाब नहीं दे सके। जब तकनीकी सहायक से बात की तो उन्होंने कोर्ट की तारीख पर होना बताया। पंचायत सचिव भी बारिश का बहाना बनाकर मौके पर नहीं पहुंचे। मनरेगा कर्मियों से बात की तो पता चला कि पंचायत सचिव कभी कभी आते हैं और फोन भी नहीं उठाते हैं। इस पर जिला लोकपाल ने प्रधान, पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक को जरूरी प्रपत्रों के साथ दफ्तर में एक सप्ताह में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। जब ब्लाक के बीडीओ आशीष पाल से जांच आख्या न देने पर सवाल किया तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई आदेश नहीं मिला था। वह खुद छह जुलाई को गांव आने वाले थे।

### गांधीपुरम से दो आयुर्वेदिक दवाओं के नमूने लिए

**बरेली, अमृत विचार :** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी अमरदीप नायक ने अपनी टीम के साथ गांधीपुरम में स्थित निजी आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर से दो आयुर्वेदिक दवाओं के नमूने लिए। इनमें से एक दवा लिवर की बीमारी में काम आती है और दूसरी जोड़ों व मांसपेशियों में दर्द निवारक तेल के रूप में प्रयोग की जाती है। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

### उपखंडों में तैनात किए गए एसडीओ

**बरेली, अमृत विचार :** शहर से लेकर देहात तक कई जगह पर एसडीओ के तबादले होने के बाद उपभोक्ता परेशान हो रहे थे। अब मुख्य अभियंता रणविजय सिंह की ओर से खाली पड़े उपखंडों में एसडीओ की तैनाती शुरू कर दी गई है। किला में एसडीओ भगवान दास के ट्रांसफर के बाद रवेंद्र कुमार को तैनाती दी गई है। रिठौरा उपखंड में तैनात एसडीओ विपुल शुक्ला को राजेंद्र नगर का एसडीओ बनाया गया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में अधिशासी अभियंता प्रथम के पद पर मनोज कुमार को तैनाती दी गई है। फतेहगंज पश्चिमी और सिविल लाइंस में अब तक किसी एसडीओ को तैनात नहीं किया गया है।

## बारिश से 24 घंटे में रामगंगा का जलस्तर 0.295 मीटर बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कोसी, खो और किच्छा नदी में अधिक पानी छोड़ा गया तो स्थिति खतरनाक होगी
- तीन-चार दिन लगातार होती रही बारिश तो तटीय क्षेत्र में बढ़ सकता है बाढ़ का खतरा

**अमृत विचार :** बारिश की वजह से 24 घंटे में रामगंगा का जल स्तर 0.295 मीटर बढ़ गया है। तीन-चार दिन लगातार बारिश होती रही तो बाढ़ का खतरा बढ़ जाएगा। अगर कोसी, खो और किच्छा नदी में अधिक पानी छोड़ा गया तो स्थिति खतरनाक हो जाएगी। तेजी से बढ़ते जलस्तर को देखते हुए रामगंगा के सभी तटीय क्षेत्रों में अलर्ट घोषित कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार जलस्तर यदि ऐसे बढ़ता रहा तो आसपास के खेतों में पानी घुसने लगेगा। खतरे के निशान 163 मीटर तक जलस्तर पहुंचने पर रेड अलर्ट घोषित कर दिया जाएगा।

लगातार बारिश के कारण रामगंगा नदी उफान पर है। शनिवार को बाढ़ खंड के नियंत्रण कक्ष से जारी रिपोर्ट के मुताबिक बीते 24 घंटे में जल स्तर 159.060 से बढ़कर 159.350 मीटर पहुंच गया है। 161 मीटर के बाद बाढ़ की आशंका बढ़ जाएगी। अधिकारियों के अनुसार नदी में जल का स्तर 161 मीटर तक होने पर खेतों में पानी पहुंच जाता है।

> अभी रामगंगा का जलस्तर खतरे के निशान से कम है, लेकिन यदि बरसात लगातार होती रही तो तटीय क्षेत्र के खेतों में पानी भर सकता है। जलस्तर 161 मीटर से ऊपर जाने पर बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। बाढ़ से बचाव और सुरक्षा को लेकर निरंतर लोगों को सचेत किया जा रहा है। जलस्तर पर निगरानी रखी जा रही है। **-अमित किशोर,** सहायक अभियंता, बाढ़ खंड

### खो नदी में अधिक पानी छोड़े जाने की वजह से आई थी बाढ़

बाढ़ खंड के अधिकारियों के मुताबिक उत्तराखंड की किसी नदी में 50 हजार क्यूसेक पानी यदि छोड़ा जाता है तो यहां बाढ़ की स्थिति बन सकती है। पिछली बार खो नदी में अधिक पानी छोड़े जाने के कारण यहां के तटीय क्षेत्रों में बाढ़ आई थी, जो बिजनौर पहुंच कर रामगंगा में सम्मिलित होती है।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG + ECHO + TMT + HOLTER
हृदय रोग के लक्षणः- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808



सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


### राशन की दुकानों से लिए चावल के नमूने

**बरेली, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मॉडल टाउन स्थित दो सरकारी राशन की दुकानों से चावल के नमूने लिए। ये नमूने एफएसओ प्रतिमा त्रिपाठी ने पूर्ति इंस्पेक्टर शिखा के साथ मिलकर लिए। डीओ खाद्य सुरक्षा अपूर्व श्रीवास्तव ने बताया कि आईजीआरएस पर आई शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई।

### पादरियों के हॉस्टल से कब्जा हटवाने की जिलाधिकारी से मांग

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल डिनोमिनेशन क्रिश्चियन वेलफेयर सोसायटी की ओर से सिविल लाइंस स्थिति पादरियों के एक हॉस्टल पर कब्जे की शिकायत जिलाधिकारी से की गई है। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. संजय एंथोनी ने जिलाधिकारी को दिए पत्र में बताया कि हॉस्टल पर लंबे समय से एक महिला, उसके परिवार और एक पादरी का अवैध कब्जा है। इस वजह से पादरियों का प्रशिक्षण प्रभावित होता है। कब्जेदार इस भूमि को खुर्दबुर्द कर बेचना चाहते हैं। उन्होंने कब्जा हटवाने की मांग की है।

### एक साल से युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी थाना क्षेत्र के गांव डंडिया निवासी पूरन देई के अनुसार उनका बीस वर्षीय बेटा धर्मेंद्र एक साल से लापता है। अभी तक उसका कोई पता नहीं चला है। उन्होंने शनिवार को थाने में बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई। वह परिषदीय स्कूल में रसोइया हैं।

### खेतों में पानी भरने से फसल को नुकसान

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** बारिश में खेतों में पानी भरने से सब्जी की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। शनिवार को लगातार बारिश से खेत तालाब जैसे दिखाई देने लगे। सब्जियों को नुकसान हुआ है। इससे किसानों को घाटा झेलना पड़ेगा।

# नदी में युवक का शव मिला

## दोस्तों के साथ नहाने गया था, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता, बरेली/भोजीपुरा

**अमृत विचार :** थाना भोजीपुरा क्षेत्र में एक युवक का शव देवरनिया नदी में झाड़ियों में फंसा मिला। युवक अपने दो दोस्तों के साथ पार्टी करने के बाद नदी में नहाने गया था। परिजनों ने दोस्तों पर शराब पिलाकर हत्या कर शव नदी में फेंकने का आरोप लगाया है। हालांकि पोस्टमार्टम में डूबने से मौत की पुष्टि हुई है।

गांव कंचनपुर निवासी वरुण (20) शुक्रवार शाम 5 बजे गांव के दो दोस्तों के साथ देवरनिया नदी में नहाने की बात कहकर घर से निकला था। तीनों दोस्तों ने पहले शराब पार्टी की और देवरनियां नदी में नहाने पहुंचे। पुलिस हिरासत में दोस्तों ने बताया कि वरुण को तैरना नहीं आता था। इस कारण नहाते समय नदी में डूबने से उसकीमौत हो गई।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।

इसके बाद वे लोग चुपचाप घर चले आए। देर शाम तक वरुण घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने तलाश शुरू की और पुलिस को सूचना दी। शनिवार सुबह 9 बजे वरुण का शव देवरनिया नदी की झाड़ियों में फंसा मिला। वरुण माता-पिता का इकलौता पुत्र था। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा जगत सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम में युवक की मौत डूबने से होने की पुष्टि हुई है।

### जंगल में युवक का शव मिला, नहीं हुई पहचान

**बरेली/कैंट, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के पालपुर–कमालपुर के जंगल में शनिवार की सुबह चांदमारी के पास ग्रामीणों को युवक का शव पड़ा देखा। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर कैंट जगनारायण पांडेय और सीओ सिटी प्रथम पंकज श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। फील्ड यूनिट टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। युवक की उम्र 35 साल बताई जा रही है। वह गुलाबी रंग का नया कोट पैंट पहने था। सिर पर टोपी लगी थी। पुलिस के मुताबिक शव करीब 24 घंटे पुराना लग रहा है। शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। बारिश से शव फूल गया था। पुलिस के अनुसार युवक की मौत प्रथमदृष्टया नशीले पदार्थ के सेवन और हार्ट अटैक से होना प्रतीत हो रही है। हालांकि, मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगी।

## युवक पर खौलता तेल डालने वाले को पांच वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली :** युवक पर खौलता तेल डालने वाले शेरगढ़ के गांव अंबरपुर निवासी मुकेश कुमार को दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पाण्डेय ने पांच वर्ष सश्रम कारावास और 11 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील महेश यादव ने बताया कि वादी मुकदमा आकाश ने थानाध्यक्ष शेरगढ़ को तहरीर देकर बताया था कि 31 अक्टूबर 2019 को शाम 7 बजे घर के बाहर शराब के ठेके के पास खड़ा था। इसी दौरान मुकेश कुमार आया और गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर मुकेश ने राजेन्द्र की दुकान से खौलते हुए तेल की कढ़ाई उठाकर उनके ऊपर फेंक दी। जिससे बायां हाथ और शरीर जल गया था। पड़ोसी हरीश और राजेन्द्र ने उन्हें बचाया था। शासकीय अधिवक्ता ने आठ गवाह पेश किए थे।

## सार-संक्षेप

### रेस्टोरेंट में बीयर की बोतल से युवक का सिर फोड़ा



**बरेली, अमृत विचार :** एक रेस्टोरेंट में कुछ लोगों ने युवक से गाली गलौज की। विरोध करने पर बीयर की बोतल सिर में मारकर घायल कर दिया। युवक ने आरोपियों पर सोने की चेन, पर्स और मोबाइल लूटने का भी आरोप लगाया है। मामले में थाना बारादरी में शिकायती पत्र दिया है। आरोप है कि रेस्टोरेंट मालिक समझौते का दबाव बना रहा है। सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला पुरवा बब्बन खां निवासी राशिद हुसैन के अनुसार वह शुक्रवार रात सतीपुर चौराहा स्थित एक रेस्टोरेंट में खाना खा रहे थे। इसी बीच वहां पहले से बैठे पांच–छह अज्ञात लोग उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की और बीयर की बोतल से सिर फोड़ दिया। हाथ को भी बोतल मारकर घायल कर दिया। आरोपियों ने सोने की चेन, पर्स और मोबाइल छीन लिया। मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है।

### स्मैक तस्करी के आरोपी की जमानत मंजूर

**विधि संवाददाता, बरेली :** स्मैक तस्करी के आरोपी फतेहगंज पश्चिमी के गांव कुरतरा निवासी रोहित कश्यप की जमानत अर्जी स्पेशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट ने मंजूर कर ली। आरोपी के वकील विनीत प्रकाश 'विन्नी' ने तर्क दिया कि आरोपी को यूकेलिप्टस न बेचने के कारण झूठा रंजिशन फंसा दिया गया है। अभियोजन के कथानक के अनुसार 13 मई को फतेहगंज पश्चिमी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रोहित को भिटौरा रेलवे फाटक के पास से 12 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा था। एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया था, कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया था। आरोपी 13 मई से जेल में बंद था।

### सीसीटीवी फुटेज न देने पर कॉलेज में किया हंगामा

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज से दो दिन पहले छात्रा लापता हो गई। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई। शनिवार को कॉलेज प्रबंधन ने सीसीटीवी फुटेज देने से इन्कार किया तो परिजनों ने हंगामा किया। इसके बाद फुटेज दी गई। एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी कक्षा नौ में सुभाषनगर स्थित एक इंटर कॉलेज में पढ़ती है। बेटी 4 जुलाई को कॉलेज पढ़ने के लिए गई थी लेकिन वापस नहीं आई। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन से सीसीटीवी फुटेज मांगी तो नहीं दी। इस पर परिजनों ने कॉलेज में हंगामा किया। छात्रा के पिता ने एसएसपी से बेटी की बरामदगी की मांग की है।

### साजिश के तहत मॉब लिंचिंग करने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी के प्रदेश संगठन प्रभारी नदीम कुरैशी ने शनिवार को एक बैठक में कहा कि उत्तर प्रदेश में मुस्लिम नौजवानों के साथ मॉब लिंचिंग की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। सरकार ऐसी घटनाओं पर खामोश है। शामली, अलीगढ एवं बुलंदशहर में सोची–समझी साजिश के तहत घटनाओं को अंजाम दिया गया। उसके बाद भी आरोपियों पर हल्की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। मॉब लिंचिंग पर स्पेशल एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि मुसलमानों की वजह से सपा आज विपक्ष में मजबूत पार्टी बन गई है। उसके बाद भी वह आवाज नहीं उठा रही है। इस दौरान प्रदेश के पांच जिलों में अध्यक्षों की नियुक्ति भी की गई। माजिद अली खान को रायबरेली, जियान रजा को मथुरा, शुएब खान को रामपुर, फुरकान खां को हरदोई और साबित खान को महाराजगंज की जिम्मेदारी सौपी गई।

### मकान पर कब्जा करने का लगाया आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** बुजुर्ग महिला ने एक युवक को सिर छुपाने के लिए मकान दिया। आरोप है कि उसी ने उनके मकान पर कब्जा कर लिया है। आरोप है कि आरोपी ने दबाव बनाने के लिए दो दिन पहले एसएसपी कार्यालय परिसर में खुद पर पेट्रोल डालकर जान देने की कोशिश की थी। मामले में उनके खिलाफ हत्या के प्रयास में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। पीड़ता ने शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र की डिफेंस कॉलोनी निवासी बलराज शर्मा की पत्नी विनय शर्मा ने बताया कि वह पिता मनोहर लाल की कानूनी वारिस हैं। उनके पिता के नाम चार सौ गज का प्लाट है। जिसपर एक कमरा बना हुआ है। उन्होंने घर से बेदखल होने पर एक युवक को मानवता के नाते बगैर किराए के वहां रहने दिया। जिस पर उसने कब्जा कर लिया है। अब युवक मकान खाली करने के लिए उनसे रंगदारी मांग रहा है।

### पति से रिश्ता तुड़वाकर प्रेमी ने शादी से किया इन्कार

**बरेली, अमृत विचार :** थाना बारादरी क्षेत्र में प्रेमी ने महिला को शादी का झांसा देकर रिश्ता तुड़वा दिया और फिर शादी से इन्कार कर दिया। महिला ने प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बारादरी निवासी महिला ने बताया कि उसका 13 साल से मोहल्ले के सुनील उर्फ छोटू से प्रेम प्रसंग चल रहा है। उसने 13 जून 2018 को सुनील से परिजनों की बिना मर्जी के आर्य समाज मंदिर में विवाह कर लिया था। विवाह के बाद परिजनों ने दबाव बनाकर उसकी शादी दूसरे युवक से करा दी। शादी होने के बाद सुनील ने कहा कि वह अपने पति को छोड़ दे तो वह शादी कर लेगा। सुनील ने उसके पति को उसके वीडियो, कॉल रिकार्डिंग और फोटो भेज दिए। इस पर पति ने उसे छोड़ दिया। पति के छोड़ने पर उसने दोबारा सुनील से संबंध बना लिए। महिला के मुताबिक वह तीन माह की गर्भवती है। उसने जब सुनील से शादी करने के लिए कहा तो उसने इन्कार कर दिया। सुनील के परिजनों से शिकायत की तो उन्होंने गर्भपात करने का दबाव बनाया। बारादरी पुलिस ने आरोपी सुनील उर्फ छोटू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मुकदमा वापस लेने का बना रहा दबाव

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी के पशुपति विहार कॉलोनी निवासी शमा के अनुसार 10 जून की रात एक बजे तौफीक प्रधान उनके घर में साथियों के साथ घुस आया और उनके पति फारुख मंसूरी, भांजे इसरार और उनके साथ मारपीट कर पथराव किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि आरोपियों ने दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग की। इस प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद आरोपी मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। मना करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर गिरफ्तारी की मांग की है।

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ. आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरूष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरूष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरूष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मदीना-कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 07 जुलाई 2024, रविवार
21 जुलाई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
● एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# पहले दर्ज नहीं की रिपोर्ट अब तलाशेंगे बदमाशों को

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

- चोरों का पीछा कर बाइक छीनने वाले युवक पर फायरिंग का मामला
- सीओ द्वितीय ने किया घटनास्थल का निरीक्षण, दिया आश्वासन

**अमृत विचार :** सीबीगंज थाना क्षेत्र में बाइक चोरों का पीछा कर रहे युवक पर फायरिंग के मामले में पुलिस की फजीहत होने के बाद सीओ द्वितीय संदीप सिंह ने घटना स्थल का मुआयना किया। इसके साथ ही वह पीड़ित के परसाखेड़ा स्थित होटल भी पहुंचे और उससे पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। रामपुर रोड पर लगे सीसीटीवी में बाइक चोर कैद हुए हैं। अब फुटेज के आधार पर उनकी तलाश की जा रही है। वहीं मामले में रिपोर्ट लिखने की तैयारी भी की जा रही है। घटनास्थल पर परसाखेडा चौकी इंचार्ज के न पहुंचने की शिकायत भी की गई है।

सीबीगंज के पचागौटिया निवासी गंगाराम की बाइक उनके घर से बुधवार की रात चोरी हो गई थी। गंगाराम के पिता ने उन्हें फोन कर घटना की जानकारी दी थी। परसाखेड़ा स्थित होटल से गंगाराम तत्काल ही बाइक ढूंढ़ने के लिए निकले तो खड़ौआ गांव के पास दो बाइकों से चार लोग आते हुए दिखाई दिए। उसमें से एक बाइक उनकी थी। कुछ दूर पीछा करने के बाद उन्होंने रामपुर रोड स्थित मथुरापुर अड्डे पर आरोपियों को रोकने का प्रयास किया था तब चोरों ने स्पीड बढ़ा दी थी। इस पर गंगाराम ने बाइक को पैर मारकर गिरा दिया था। गंगाराम के अनुसार चोरों ने खुद को घिरता देख गंगाराम के ऊपर फायर झोंक दिया था। गनीमत रही कि उन्हें गोली लगी नहीं। इस दौरान आरोपी उनकी बाइक छोड़ एक बाइक से भाग निकले। मौके पर इंस्पेक्टर सीबीगंज राजबली के पहुंचने के बाद भी मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पीड़ित ने वीडियो जारी कर मामले में कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस की किरकिरी होने के बाद सीओ द्वितीय संदीप सिंह शनिवार को पीड़ित के ढाबे पर पहुंचे और उससे घटना के बारे में पूरी जानकारी ली। उसकी बहादुरी को सराहा और कार्रवाई का आश्वासन दिया। सीओ ने बताया कि घटना स्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज को चेक किया गया है। पीड़ित से भी जानकारी ली गई। पुलिस मामले में जल्द रिपोर्ट दर्ज करेगी।

# सर्राफ की दुकान से लाखों रुपये के जेवर और नकदी ले गए चोर

## गांव नवीनगर में वारदात, सीसीटीवी फुटेज में दिखे आरोपी

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के गांव नवीनगर में सर्राफ की दुकान के ताले और शटर तोड़कर चोर लाखों रुपये के जेवर और नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस और सीओ सिटी प्रथम पंकज श्रीवास्तव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। पीड़ित दुकानदार ने चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस सीसीटीवी की मदद से घटना का खुलासा करने का प्रयास कर रही है।

थाना बारादरी के कांकर टोला निवासी राघव वर्मा ने बताया कि वह नवीनगर में सादिक हुसैन की दुकान में उसकी सरार्फ की दुकान है। शनिवार सुबह उन्हें सूचना मिली कि उनकी दुकान में चोरी हो गई है। वह चाचा विनोद के साथ दुकान पर पहुंचे तो देखा ताले और शटर टूटे हुए थे। दुकान के भीतर रखी तिजोरी से करीब 5 किलो 200 ग्राम चांदी के और कुछ सोने के जेवरात चोरी कर लिए गए हैं। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस सीसीटीवी की मदद से घटना का खुलासा करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज में तीन-चार लोग चोरी करते नजर आ रहे हैं। लेकिन उनकी पहचान नहीं हो सकी है। पीड़ित ने कैंट थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।



चोरी के बाद दुकान में बिखरा पड़ा सामान।

### सर्राफ की दुकान में नकब लगाकर चोरी

**भमोरा, अमृत विचार :** सर्राफ की दुकान से चोरों ने नकब लगाकर पचास हजार के गहने चुरा लिए। देवचरा निवासी शिवम गुप्ता की देवचरा बल्लिया चौराहे पर सर्राफ की दुकान है। शुक्रवार रात चोरों ने दीवार में नकब लगाकर पचास हजार के गहने चुरा ले गए। गनीमत रही की चोर तिजोरी नहीं तोड़ पाए नहीं तो तिजोरी में रखे 2.50 लाख के आभूषण थे। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इससे पहले भी देवचरा बल्लिया चौराहे पर बनी मार्केट में एक ही रात में 11 दुकानों के ताले तोड़ लाखों रुपये की चोरी हो गई थी। पुलिस अभी तक किसी भी चोरी का खुलासा नहीं कर सकी है।

### दुकान का ताला तोड़कर 25 हजार की चोरी

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** बरात घर में स्थित परचून की दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोर 25 हजार रुपयों से भरा बैग चोरी कर ले गए। शिकायत के बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया। गांव दोहरिया पचदौरा निवासी आशीष शर्मा का नैनीताल हाईवे पर बरात घर है, बरात घर में ही परचून की दुकान है। उन्होंने बताया कि रात में दो चोरों ने शटर का ताला तोड़कर दुकान में प्रवेश किया। चोर काउंटर की दराज खोलकर उसमें रखा बैग लेकर फरार हो गए। बैग में पच्चीस हजार रुपये थे। भोजीपुरा प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह और एफएसएल और डाग स्क्वाइड की टीम ने निरीक्षण किया। चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। चोर भगवा कलर का नेकर और बनियान पहने थे।

# राजीव राणा के भाई गौरीशंकर ने हाईकोर्ट में लगाई जमानत अर्जी

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र के पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए गोलीकांड मामले में फरार गौरीशंकर राणा ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी लगाई है। होटल सीके वैली होटल के मालिक चांद मियां समेत 24 आरोपी अभी फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगी हुई हैं।

22 जून को सुबह पीलीभीत बाईपास पर महादेव मार्बल शोरूम के पास करोड़ों की जमीन पर कब्जे के लिए राजीव राणा और आदित्य उपाध्याय पक्ष में फायरिंग हुई थी। इस मामले में राणा और उपाध्याय पक्ष के होटल और मैरिज हाल पर बुलडोजर चला दिया गया था। पुलिस राजीव राणा समेत 30 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अभी बदमाशों को होटल में शरण देने वाले सीके वैली होटल के मालिक चांद मियां, राजीव राणा का भाई गौरीशंकर समेत 24 आरोपी फरार हैं। एसएसपी अनुराग आर्य ने राजीव राणा समेत छह आरोपियों के खिलाफ 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इनमें गौरीशंकर और चांद मियां भी शामिल हैं। गौरीशंकर ने गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी लगाई है।

# मानवता के उपासक थे श्यामा प्रसाद मुखर्जी



कार्यालय पर भाजपा नेताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भारतीय जनसंघ के संस्थापक की जयंती पर बोले कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित भाजपा कार्यालय पर भाजपाइयों ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती हर्षोल्लास से मनाई। सब ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर गोष्ठी में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी थे। हम सब को उनके बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए।

वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि श्री मुखर्जी 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। इस पद पर नियुक्ति पाने वालों में वह सबसे कम आयु के कुलपति थे। विचारक और प्रखर शिक्षाविद के रूप में उनकी उपलब्धियां और ख्याति आगे बढ़ती गईं। सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने धारा 370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की थी। एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने कहा कि उन्होंने अपना जीवन समाज की सेवा के लिए समर्पित किया। उनकी विचारधारा हम सब के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इसके अलावा कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने भी उनके जीवन पर प्रकाश डाला। संचालन महानगर महामंत्री प्रत्तेश पांडेय ने किया। अधिवक्ता अनिल कुमार, गुलशन आनंद, रामगोपाल मिश्रा, गुलशन आनंद, रवि रस्तोगी, पूरनलाल लोधी, डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. विमल भारद्वाज आदि रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
BIUCHJ BAREILLY Towards Professional Excellence
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

# सभी घटनास्थलों का एक बार फिर निरीक्षण कर रहे हैं एसपी दक्षिणी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



घटनास्थल का निरीक्षण करते एसपी अधीक्षक दक्षिणी मानुष पारीक। ● अमृत विचार

- अनीता हत्याकांड में किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रही पुलिस
- हत्याकांड के खुलासे के लिए अपर पुलिस महानिदेशक ने लगाई हैं सात टीमें

**अमृत विचार :** शाही और शीशगढ़ क्षेत्र में महिलाओं की हो रही सिलसिलेवार हत्याओं के खुलासे के लिए अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) रमित शर्मा की सात टीमें लगातार काम कर रही हैं। दूसरी तरफ पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मानुष पारीक अभी तक क्षेत्र में हुई महिलाओं की हत्या को लेकर सभी घटनास्थलों पर जाकर हर एक पहलू पर खुद जांच कर रहे हैं ताकि पता चल सके कि सभी महिलाओं की हत्या किस उद्देश्य से की गई है।

शाही के गांव हौसपुर निवासी सोमपाल की पत्नी अनीता देवी (45) की मंगलवार शाम गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। अनीता का शव शाही-शेरगढ़ मार्ग पर बुझिया नहर के पास गन्ने के खेत में मिला था। मामले में अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। इस मामले को इससे पहले शाही-शीशगढ़ क्षेत्र में हुई नौ महिलाओं की हत्या से जोड़कर देखा जा रहा है। अपर पुलिस महानिदेशक ने खुद आईजी डॉ. राकेश सिंह समेत अन्य अधिकारियों के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया था। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मानुष पारीक शनिवार को पुलिस फोर्स के साथ सभी घटना स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने हत्या वाले दिन अनीता देवी किस रास्ते से गई हैं। उस रास्ते में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाली। जिसमें अनीता रोड किनारे सेवाज्वालापुर गांव के एक मंदिर में जाती दिखाई दे रही हैं। उसके बाद वह ई रिक्शा से बैठकर निकलती हैं। उनके पीछे जाने वाले सभी लोगों को चिह्नित किया जा रहा है। उन सभी से भी पूछताछ की जाएगी। जिससे हत्यारोपी की पहचान कर गिरफ्तार किया जा सके।

> अभी तक उस क्षेत्र में हुई महिलाओं की हत्या वाले घटना स्थल पर जाकर जानकारी जुटाई गई है। साथ ही अनीता जिस रास्ते से गई थी, उस रास्ते में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली गई है। जल्द हत्यारोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।
> –मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी

## सार-संक्षेप

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अर्पित की श्रद्धांजलि



**बरेली, अमृत विचार :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा की आंवला इकाई की ओर से करगैना में खुशहाली फॉर्म पर गोष्ठी की गई। इस अवसर पर पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि श्री मुखर्जी ने अपना जीवन देश के लिए बलिदान कर दिया था। पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता के लिए प्राण न्योछावर कर दिया। बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि हम सब को उनके आदर्शों का अनुसारण करना चाहिए। इससे पूर्व सब ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला प्रभारी दोदराम कुशवाहा, आंवला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख अरविंद चौहान, हरेंद्र पटेल, हरवेंद्र यादव, शिवप्रताप सिंह, रविंद्र गुर्जर, ओमवीर सिंह, बबिता गुप्ता, पूजा माथुर, नीरज पटेल, श्रृषभ शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### आंबेडकर वाहिनी ने मिशन कंपाउंड में किया पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के पौधरोपण अभियान के छठे दिन शनिवार को मिशन कंपाउंड में पौधरोपण किया गया। बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी के महानगर अध्यक्ष अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में परिसर में पीपल, नीम और बरगद के पौधे रोपे गए। इस दौरान जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, दीपक शर्मा, राजेश मौर्या, धीरज यादव, नाजिम कुरैशी, मोहम्मद आरिफ कुरैशी, शमीम अहमद, ओमान रजा, मोहसिन खान, गुलबशर अंसारी, सनी मिर्जा आदि उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006



पुलिसकर्मी ही तोड़ रहे नियम

पुलिसकर्मी ही यातायात के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। शनिवार को शहर में कई पुलिसकर्मी दोपहिया वाहन पर बिना हेलमेट के ही अभियुक्तों को ले जाते दिखाई दिए। बारिश में कोई हादसा भी हो सकता था। ● मोहित कुमार सिंह।

### ट्रेन से फिसला युवक जवान ने बचाया

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर मंडल के काठगोदाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर एक युवक चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा था। इस बीच ड्यूटी पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के जवान मोहर सिंह कुशवाहा ने उसे आवाज देकर ऐसा न करने को कहा, लेकिन युवक ने उसे अनसुना कर दिया। अचानक उसका पैर फिसला और वह प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच गैप के अंदर चला गया। यह देख ड्यूटी पर तैनात जवान दौड़ कर वहां पहुंचा और फंसे हुए यात्री को किसी प्रकार खींचकर गाड़ी में सुरक्षित चढ़ा दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
सूचित हो कि मेरे घर में दिनांक 01.07.2024 को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी हो चुकी है। जिसकी सूचना थाना मीरगंज में दर्ज है। चोरी में मेरे हाई स्कूल अनुक्रमांक 0776866 वर्ष 2019-20 व इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 2225597337 वर्ष 2021-22 यू.पी. बोर्ड की मार्कशीट व प्रमाण पत्र भी खो चुका हूँ। मुझे शैक्षिक प्रमाणत्र पत्रों की आवश्यकता है। अखलाक हुसैन पुत्र श्री सज्जाद हुसैन, निवासी ग्राम सैजना, पोस्ट मण्डनपुर, थाना व तह. मीरगंज (बरेली)
आवश्यकता है
आकांक्षा एन्क्लेव, निकट मुंशी नगर बरेली में 200, 300 या 500 वर्ग मीटर भूमि की आवश्यकता है। सेंट जेवियर स्कूल के पीछे, बरेली
संपर्क करें
मो. 7310623798
सूचना
मैंने अपने पुत्र का नाम लक्ष्य से बदलकर लक्ष्य गौतम कर दिया गया है। भविष्य में लक्ष्य गौतम नाम से जाने। देवेन्द्र कुमार पुत्र श्री घनश्याम सिंह, निवासी मकान नं. 54, पार्क एवेन्यू रेजीडेन्सी, निकट टोल प्लाजा दोहना, बरेली
वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma
Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

### फर्जी दस्तावेज से दूसरे की जमीन का कर दिया बैनामा, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** जालसाज ने फर्जी दस्तावेज के जरिये एक व्यक्ति के प्लाट का बैनामा युवक के नाम कर दिया। आरोपी प्लाट पर कब्जा करने पहुंचे तो पीड़ित ने विरोध किया। इस दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और रंगदारी मांगी। मामले में एसएसपी के आदेश इज्जतनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली के आलमगीरीगंज निवासी कृष्ण मोहन ने बताया कि बिहारमान नगला में एक प्लाट का बैनामा मकबूल हुसैन से चार अप्रैल 2012 को कराया था। बैनामा के बाद सुरेश चंद्र और केला देवी ने उनके खिलाफ सिविल कोर्ट में वाद दायर कर दिया था। 15 अक्टूबर 2022 को न्यायालय ने उनके पक्ष में फैसला किया। आरोप है कि इसके बाद सुरेश चंद्र ने फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर राकेश चंद्र निवासी गांव माधोपुर परशुरामपुर थाना क्योलड़िया के पक्ष में बैनामा कर दिया। 25 जनवरी को सुरेश, राकेश, सुरेश का बेटा कल्लू व अन्य लोग प्लाट पर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। सुरेश ने कहा कि प्लॉट में से सौ वर्ग मीटर का बैनामा उसने राकेश के नाम कर दिया है। आरोपियों ने पांच लाख रुपये की रंगदारी भी मांगी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।

# मोहनपुर के प्रधान के दो भाइयों समेत तीन पर रिपोर्ट

संवाददाता, बरेली/कैंट

- 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने में प्रधान गया है जेल
- एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** पचास लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में मोहनपुर के प्रधान जाकिर को जेल भेजने के बाद उसके भाइयों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। एसएसपी के आदेश पर थाना कैंट पुलिस ने प्रधान के दो भाइयों समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

किला के चौधरी तालाब निवासी अंकिश त्रिपाठी के मुताबिक आरटीओ के पास मोहनपुर रोड पर उनकी जमीन है। जमीन की देखरेख के लिए चौकीदार परिवार सहित रहता है। मोहनपुर के प्रधान जाकिर ने उनसे 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी और न देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। डर की वजह से उन्होंने जाकिर को दो लाख रुपये दे भी दिए थे। इसके बाद भी जाकिर और उसके साथी 48 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। उन्होंने कैंट थाने में जाकिर और उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

जाकिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब उसके भाई आसिफ, वाजिद और शाकिर लगातार धमका रहे हैं। आरोपियों ने 3 जुलाई को उनके घर पर पत्र भेजकर जान से मारने की धमकी दी थी, तब से परिवार दहशत में है। उन्होंने एसएसपी से मामले की शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर आसिफ, वाजिद और शाकिर के खिलाफ कैंट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कांवड़ यात्रा और मोहर्रम से पहले व्यवस्थाएं हो दुरुस्त

**बहेड़ी, अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा और मोहर्रम में लोगों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय ने शनिवार को विशेषकर लोक निर्माण, बिजली, नगर विकास, वन तथा पुलिस विभाग के स्थानीय अधिकारियों संग बैठक कर व्यवस्थाओं को पहले दुरुस्त करने को कहा। एसडीएम ने बिजली व्यवस्था चाक चौबंद रखने को एसडीओ अमित कुमार को निर्देश दिए। सीएचसी के साथ ही सभी पीएचसी के प्रभारियों से अस्पतालों में सर्प दंश के टीके, एंटी रेबीज वैक्सीन तथा अन्य जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता हर हाल में बनाए रखने को कहा। मोहर्रम पर्व को लेकर एसडीएम ने कहा कि ताजियों की ऊंचाई 12 फिट निर्धारित की गई है। ताजियों के आने जाने के मार्ग में आने वाली किसी भी दिक्कत को समय से दूर कर लें।

## एक नजर

### डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे के माधौपुर ओवरब्रिज के पास अनियंत्रित बाइक सवार दो लोग डिवाइडर से टकराकर घायल हो गए। फतेहगंज पश्चिमी के गांव रसूला चौधरी निवासी भूरे श्रीवास्तव और उनके रिश्तेदार अनुज निवासी गांव गोकुलपुर थाना सीबीगंज बाइक से बरेली से लौट रहे थे। माधौपुर ओवरब्रिज के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे दोनों घायल हो गए।

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**फरीदपुर अमृत विचार :** सड़क किनारे पैदल जा रहे युवक को टेंपो ने मारी टक्कर, जिससे वह घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे बरेली के निजी अस्पताल भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी शनिवार को मौत हो गई। फरीदपुर के मोहल्ला फर्रखपुर निकट दुर्गा मंदिर निवासी भूपराम शुक्रवार की रात हाईवे पर स्थित डॉ. महेश चौधरी अस्पताल के सामने से पैदल जा रहा था, इसी दौरान तेज रफ्तार टेंपो ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए, परिजन इलाज के लिए लेकर गए, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। मृतक की पत्नी उर्मिला ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही बबलू ने मुझसे शादी करने के लिए कहा था, दोनों के परिवार वाले राजी थे। इसी का फायदा उठाकर उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया। जब मैंने शादी करने को कहा तो उसने इन्कार कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज गिरफ्तार कर लिया।

### बच्चे से कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** बच्चे से कुकर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने टीम के साथ आरोपी हैदर अली को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। क्षेत्र के एक पिता ने आरोपी के खिलाफ अपने बच्चे से कुकर्म करने की रिपोर्ट लिखाई थी।

### महिला से दुष्कर्म की कोशिश, रिपोर्ट दर्ज

**फरीदपुर, अमृत विचार :** गांव का ही दबंग महिला पर बुरी नजर रखता है, वह उससे कई बार दुष्कर्म की कोशिश कर चुका है। परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई। पीड़िता ने बताया कि वह पति की मौत के बाद बच्चों के साथ रह रही है। 3 जुलाई की रात गांव के दबंग उसके घर में घुस गया, उससे दुष्कर्म की कोशिश करने लगा, विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### लिफ्ट देकर महिला से दुष्कर्म की कोशिश

**नवाबगंज, अमृत विचार :** सवारी के इंतजार में खड़ी महिला को परिचित बाइक सवार साथ ले गए। रास्ते में बाइक रोककर दोनों उसे गन्ने के खेत में ले जाने लगे। महिला के शोर मचाने पर राहगीरों को आता देख आरोपी उसे छोड़कर भाग गए। महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। नवाबगंज की महिला का विवाह पीलीभीत में हुआ है। शुक्रवार शाम को वह रिश्तेदारी से लौटते समय कुंडरा कोठी पर सवारी के इंतजार में खड़ी थी। इसी बीच उसके परिचित बाइक सवार उसे देखकर रुक गए। बोले वह लोग भी नवाबगंज जा रहे हैं उसे छोड़ देंगे। आरोप है कि रास्ते में गेला गांव के पास बाइक सवारों ने बाइक दूसरे रास्ते पर मोड़ दी और उसे गन्ने के खेत में खींचकर ले जाने लगे तो महिला ने शोर मचा या तो आरोपी उसे छोड़कर भाग गए।

### दान पेटी चोरी, बंटवारा करते एक चोर पकड़ा

**भमोरा, अमृत विचार :** दरगाह की दान पेटी को तीन चोरों ने शुक्रवार रात को चुरा लिया, शनिवार को रुपये बंटवारा करते हुए ग्रामीणों ने एक चोर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया,जबकि दो चोर भागने में सफल हो गए। शुक्रवार रात मजनूपुर में बनी दरगाह से चोर दान पेटी चुरा ले गए, शनिवार सुबह बकरी चरा रहे बच्चों ने रेलवे अंडर बाइपास पुल के नीचे तीन लोगों को रुपयों का बंटवारा करते देखा, पास में ही दानपेटी पड़ी थी। बच्चों ने यह बात गांव में बताई तो ग्रामीणों ने एक चोर को पकड़ लिया, उसके साथी भाग गए। आरोपी ने अपना नाम नइम निवासी मजनूपुर और अपने साथियों के नाम गांव निवासी हसमत और हाफिज बताएं, उसके पास से 7,692 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर नइम को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# बारिश के बीच लगी फरियादियों की भीड़

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनीं शिकायतें, 137 में नौ का मौके पर निस्तारण

संवाददाता,आंवला



आंवला तहसील परिसर में शिकायतें लेकर पहुंचे फरीयादी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं। 137 शिकायतों में से नौ का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शनिवार सुबह से हो रही बारिश के बाद भी बड़ी संख्या में लोग शिकायत करने पहुंचे।

जिलाधिकारी और एसपी सिटी राहुल भाटी ने तहसील परिसर में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत चंदन और रुद्राक्ष के पौधे लगाए उसके बाद फरियादियों की शिकायतें सुनीं। डीएम ने मौजूद अधिकारियों से कहा कि प्राप्त शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करें। भूमि संबंधी शिकायतों को पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के साथ निस्तारण करें। शिकायतों में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, हिंदू जागरण एवं स्वाभिमान सेवा समिति, हिंदू जागरण मंच ने संयुक्त रुप से डीएम को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें नगर के सोसायटी के समीप सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर धार्मिक स्थल का स्वरूप देने का आरोप लगाया गया। भारतीय जनता मजदूर संघ जिलाध्यक्ष सय्यद अकबर अली के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर में अवैध अस्पतालों के संचालन और एक अस्पताल सील होने के बावजूद भी रोगियों का इलाज करने आदि आरोप लगाए। अलीगंज गांव निवासी सतेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि आंवला अलीगंज मार्ग जर्जर हो गया है। सावन माह में रुट डायवर्जन कर वाहनों को अखा अलीगंज आंवला होते हुए बदायूं को निकाला जाता है। इस सड़क पर कई फैक्ट्री बन रही हैं। सड़क पर वाहनों की भीड़ होने से राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीण ने सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। समाधान दिवस में राजस्व विभाग संबंधी 55, पुलिस संबंधी 35, विकास संबंधी 26, समाज कल्याण विभाग संबंधी 05, शिक्षा संबंधी 01 और अन्य विभागों की 15 शिकायतें मिलीं।

### खेतों में पानी भरने से किसान परेशान

आंवला के मोहल्ला लठैता निवासी बच्चन सिंह ने बताया कि बदायूं रोड पर उसका खेत है। नगर के नाले का पानी उसके खेतों में जाता है। जिससे करीब 50 से अधिक किसानों की फसल नष्ट हो जाती है। नगर पालिका में कई बार शिकायत दी गई, परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। भीमपुर निवासी गुलफाम सिंह ने बताया कि सहकारी ग्राम विकास बैंक ने ऋण अदा न करने पर उसकी जमीन कुर्क कर ली। उसने ऋण अदाकर भार मुक्ति प्रमाण पत्र भी ले लिया है। परंतु तहसील से उसकी जमीन भार मुक्त नहीं की जा रही है।

### बरसात की भेंट चढ़ा समाधान दिवस,सिर्फ 39 फरियादी पहुंचे

**नवाबगंज, अमृत विचार :** पूरे दिन शनिवार को हुई झमाझम बारिश के से जनजीवन अस्त- व्यस्त रहा, वहीं सम्पूर्ण समाधान दिवस भी फीका रहा, मात्र 39 फरियादी ही शिकायतें लेकर पहुंचे। समाधान दिवस में बहिर जागीर के वीरेन्द्र पाल ने पट्टे की भूमि पर पति के स्थान पर ससुर का नाम दर्ज कर दिए जाने की शिकायत करते हुए कहा कि उसकी पत्नी पुष्पा देवी के नाम कृषि भूमि का पट्टा हुआ था, खतौनी में पुष्पा के पति के स्थान पर उसके ससुर दुन्दी राम का नाम दर्ज कर दिया गया है। नगर के एक सेवा निवृत्त शिक्षक ने सामने रह रहे एक शिक्षक पर छत के ऊपर सीसीटीवी कैमरा लगाकर उसके घर की रेकी करने की शिकायत दर्ज कराई है। इस दौरान शिक्षक ने बताया कि वह पहले थाना पुलिस को शिकायती पत्र दे चुका है जिसमें थाने पर हुई बात में पुलिस ने कैमरा ग्राउंड भवन पर लगाने को कहा था जिस पर आरोपी शिक्षक ने कैमरा हटाने को कहा था पर उसके बाद भी कैमरा पहली मंजिल पर ही लगा हुआ है।

### चार महीने से नहीं बने जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र प्रधानों ने सौंपा ज्ञापन

**मीरगंज, अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को प्रधानों ने जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र समय से न बनने को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

प्रधानों ने बताया कि उनके गांव के लोग जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन सचिव के पास करते हैं, लेकिन चार माह बाद भी नहीं बन पा रहे है। इस वजह से बच्चों का स्कूल में दाखिला और अन्य कार्य नही हो पा रहे हैं। ग्रामीण अभिवावक विकास खंड और तहसील के चक्कर लगा रहे हैं। एसडीएम को ज्ञापन देते समय वहां एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह भी मौजूद रहे। ज्ञापन देने वालों में प्रधान संघ अध्यक्ष सोनू कुर्मी, अजहरुद्दीन, शिवकुमार उर्फ कक्कू, पिंकी गंगवार,गजेंद्र गंगवार, सहित कई प्रधान मौजूद रहे। मीरगंज में समाधान दिवस में 42 शिकायतें आई, जिसमें से दो शिकायतों का निस्तारण हुआ। राजस्व विभाग की 11,पुलिस विभाग की 12 , आपूर्ति विभाग की 10, विकास विभाग की 4, विद्युत विभाग एक, वन विभाग एक,लोकनिर्माण विभाग एक, नगर पंचायत विभाग एक रहीं।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से राजमिस्त्री की मौत

संवाददाता, शेरगढ़



● मकान के छज्जा निर्माण के दौरान सलीम खां को लगा करंट

**अमृत विचार :** निर्माणाधीन मकान का छज्जा डालते समय राज मिस्त्री हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

राजमिस्त्री की मौत से उसकी पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। शेरगढ़ के मोहल्ला डूंगरपुर निवासी सलीम खां (40 ) शनिवार दोपहर दो बजे शेरगढ़ के ही गांव कुड़का में पप्पू यादव के निर्माणाधीन मकान का छज्जा डालने गया था, जो छज्जा डालने के दौरान पन्नी बिछाते समय मकान के बराबर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं परिजनों का बताया कि बरसात में काम पर जाने से उन्हें मना किया था, लेकिन वह नहीं माने।थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा ने बताया कि मृतक के शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा है।

# तीन करोड़ रुपये से कराए जाएंगे विकास कार्य

संवाददाता, मीरगंज



मीरगंज ब्लॉक परिसर में आयोजित बीडीसी की बैठक को संबोधित करते सांसद।

● मीरगंज में बीडीसी की बैठक में 52 कार्यों पर बनी सहमति

**अमृत विचार :** मीरगंज ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत (बीडीसी) की बैठक में तीन करोड़ के विकास कार्यों के 52 प्रस्तावों पर मुहर लगी।

इस दौरान कुल तीन करोड़ के 52 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कराए गए, जिन पर ब्लाक प्रमुख ने मोहर लगाई। बतौर मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा भ्रष्टाचार नहीं होने दिया जाएगा। कई विभागों के अधिकारी नहीं पहुंचने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की।और इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से करने की बात कही। प्रधान संघ अध्यक्ष ने बताया कि बीईओ ने कहा है कि गांवों में स्कूल चलो अभियान के तहत रैलियां निकाली गई हैं। लेकिन अधिकतर गावों में स्कूली बच्चों ने कोई रैली नही निकाली गई है।न ही प्रधानों की इसकी जानकारी दी जाती है।वहीं प्रधान संघ अध्यक्ष ने कहा कि अधिकतर स्कूलों में अध्यापक देर से स्कूल जाते हैं और कुछ विद्यालय में अध्यापक स्कूल जाकर तुरंत लौट आते हैं । ऐसे में बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष पवन शर्मा ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार ने की। ब्लाक प्रमुख एवं बीडीओ कुलदीप कुमार ने सभी अतिथियों को बुके भेंटकर स्वागत किया।

# शौचालय घोटाले की जांच शुरू

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

खबर का असर


दलालों की माया... कई और गांवों में शौचा
पात्रों की पूरी सूची साफ, सारे शौचालय दे दिए अपात्रों को

● सीडीओ बोले, जांच में अपात्र मिले लोगों से होगी रिकवरी

**अमृत विचार :** खंड प्रेरक और दलालों की साठगांठ से अपात्रों के खातों में पहुंचीं शौचालय की रकम के मामले में सीडीओ ने जांच शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जांच में जो भी अपात्र पाए जाएंगे,उन सभी के खातों में पहुंची रकम की रिकवरी कराई जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

बिथरी ब्लॉक की भगवतीपुर ग्राम पंचायत की प्रधान ने बताया था कि 1 जुलाई को स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय के लिए आई 6 हजार रुपये की पहली किस्त में उनकी ग्राम पंचायत के एक भी पात्र लाभार्थी के खाते में पैसा नहीं आया है। जबकि,उनकी ग्राम पंचायत में ही 20 अपात्रों के खाते में पैसा आ गया है। प्रधान प्रतिनिधि श्रीपाल का आरोप था कि ब्लॉक में तैनात खंड प्रेरक और दलालों की साठगांठ होने की वजह से उनकी दी गई पात्र लाभार्थियों की सूची को सिस्टम में फीड नही किया गया। दलाल की दी गई अपात्र लोगों की सूची को सिस्टम में फीड किया गया था। शुक्रवार को प्रधान प्रीति ने सीडीओ को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी। वहीं सैदुपुर कुर्मियान, फरीदापुर इनायत खां और पहरापुर बसावन नगरीय ग्राम पंचायत के प्रधानों ने भी उनके ओर से शौचालय के लिए दी गई पात्र लाभार्थियों की सूची को गायब करने की बात कही थी।पूरे मामले को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसका संज्ञान लेकर मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश ने पूरे मामले की जांच शुरू करवा दी है। उन्होंने बताया की जांच में जो भी अपात्र पाए जाएंगे। उनसे रिकवरी कराई जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा,उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### अंजुमन की नवगठित कमेटी के विरोध में उठी आवाज

● कमेटी भंग कर दोबारा चुनाव कराने की मांग

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नगर की प्रमुख मुस्लिम धार्मिक संस्था अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन की नवगठित इकाई का चयन गैर कानूनी तरीके से कराने के आरोपों के साथ ही कमेटी भंग कर दोबारा चुनाव कराने की मांग सदस्यों ने की है। तयशुदा प्रोग्राम के मुताबिक अंजुमन की नई कमेटी का चुनाव 7 को होना था, इससे पूर्व पर्चा बिक्री, नामांकन और नाम वापसी होने थे। चुनाव के लिए पहले हाजी परवेज उर्फ गुड्डू, हाजी परवेज, मौलाना अख्तर, खुर्शीद अहमद कोटा व मो. यूनुस मंसूरी की पांच सदस्यीय समिति नामित की गई थी। बाद में इसमें पूर्व सदर एनए अंसारी और पूर्व सेक्रेटरी जफरुदीन मंसूरी को शामिल कर लिया गया। 4 जुलाई को पर्चा वापसी से पहले चयन समिति ने निर्विरोध चुनाव कराने की रणनीति तय करते हुए सदर, नायब सदर, खजांची व सेक्रेटरी सहित चारों पदों पर एक एक दावेदार को छोड़ बाकी को नाम वापसी के लिए सहमत कर लिया। जिसके बाद पूर्व सदर एनए अंसारी को कमेटी का सदर, मो. ताहिर एड. को सेक्रेटरी, यासीन सिद्दीकी खुद्दार को खजांची व अलीम अशरफी को निर्विरोध नायब सदर घोषित कर दिया गया। नायब सदर की दावेदारी कर रहे शकील अहमद ने दावा बरकरार रखते हुए चुनावी प्रक्रिया को चैलेंज किया है, जिस पर चयन समिति ने पर्चा शुल्क जमा न होने की बात कहते हुए उनके दावे को नकार दिया। 55 सदस्यीय बोर्ड में से 35 ने चयन समिति के निर्णय को मनमाना ठहराते हुए निवर्तमान कार्यवाहक सदर आदिल हुसेन बफाती और चुनाव समिति से लिखित तौर पर सारी प्रक्रिया निरस्त कर नए सिरे से चुनाव कराने की मांग की है। कार्यवाहक सदर आदिल हुसेन ने सदस्यों की मांग से सहमत होते हुए एक आपात बैठक कर फैसला लेने का आश्वासन दिया है।

### छात्रों को लेकर जा रहा ई -रिक्शा पलटा

**फरीदपुर,अमृत विचार :** स्कूल से छात्रों को घर छोड़ने जा रहा ई-रिक्शा सड़क पर गड्ढे में पलट गया, इससे चीख- पुकार मच गई। ग्रामीणों ने पहुंचकर बच्चों को बाहर निकाला और ई-रिक्शा को सीधा कर बच्चों को उनके घर रवाना किया। फरीदपुर में टोल प्लाजा शुरू होने से बड़ी गाड़ियों के चालक अपना टोल बचाने के लिए फरीदपुर बुखारा मार्ग से बचकर निकलते हैं, जिसमें सबसे ज्यादा गौसगंज पुलिया से बुखारा मार्ग को बड़े वाहन चालकों ने वैकल्पिक मार्ग चुन रखा है जिससे नौगंवा होते हुए भी टोल बचाकर गाड़ी वाले निकल जाते हैं शनिवार को स्कूल की छुट्टी होने पर सड़क पर गहरे गड्ढे हो गए, जिनमें आए दिन हादसे होते रहते है उन्हीं गड्ढों में शनिवार को ई -रिक्शा पलट गया, जिससे बच्चे पानी में गिर कर घायल भी हो गए।

### नशीला इंजेक्शन लगाकर दो ने किया दुष्कर्म

**आंवला, अमृत विचार :** एक महिला ने मायके के दो लोगों पर नशीला इंजेक्शन लगाकर दुष्कर्म करने और वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि आरोपी बात न मानने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे हैं। महिला ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला ने बताया कि उसका पति बाहर रहता है। उसका मायका रामपुर के एक गांव में है। उसके मायके का एक व्यक्ति डॉक्टरी का काम करता है। उसने आरोप लगाया कि तीन माह पहले वह मायके के उस व्यक्ति से दवा लेने गई थी। वहां उसने नशे का इंजेक्शन लगा दिया और दो लोगों ने उससे दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील वीडियो बना ली। अब वह लोग विभिन्न नम्बरों से फोन करके उसे ब्लैकमेल कर रहे हैं। उसने बताया कि वह लोग उनकी बात न मानने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे हैं।

### इटौआ गांव में मिट्टी डालकर बंद की नाली

**देवरनियां, अमृत विचार :** गांव से पानी का निकास बंद होने की शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम से करके कार्रवाई की मांग की। देवरनियां के गांव इटौआ निवासी महेश पाल, मुकेश कुमार, तोताराम, राजेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार और भूपराम ने एसडीएम बहेड़ी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव में गिरधरपुर से बसुधरन जागीर रोड के दोनों तरफ पानी निकास के लिए नालियां बनीं है । नालियों से सटे दो लोगों का घर है, जिन्होंने मिट्टी डालकर पानी का निकास बंद कर दिया है । जलभराव से बीमारियां फैलने की आशंका है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब उन्होंने आरोपियों से नाली से मिट्टी निकालने को कहा तो वह झगड़े पर उतारू हो गए। गाली देते हुए कहा कि जो नाली से मिट्टी निकालने की कोशिश करेगा उसे जान से मार देंगे। ग्रामीणों ने एसडीएम से नाली को साफ कराने की गुहार लगाई है।

घटिया निर्माण | क्षेत्र वासियों का आरोप , पीडब्ल्यूडी ने मानक के अनुसार नहीं लगाई सामग्री

# एक माह में ही उखड़ी नकटिया-मोहनपुर सड़क

संवाददाता, कैंट



एक माह पहले बनी सड़क पर हुए गड्ढे,जिससे लोगों को हो रही परेशानी।

**अमृत विचार :** एक माह पहले पीडब्ल्यूडी की ओर से बनवाई गई नकटिया से मोहनपुर को जाने वाली सड़क बारिश के चलते उखड़ गई है। सड़क की बजरी इधर-उधर फैल गई है, जिस वजह से बाइक चालक फिसलकर गिर रहे हैं। कई राहगीर गिरकर घायल हो गए। सड़क में जगह-जगह गड्ढे होने से जलभराव हो गया है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क में मानक के अनुसार सामग्री नहीं लगाई गई थी, जिसकी शिकायत उसी समय पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से की गई थी। लेकिन ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की मिलीभगत के चलते शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। ठेकेदार ने आधा इंच बजरी भी सड़क पर नहीं बिछाई थी, उसमें कोलतार भी कम मात्रा में लगाया गया था। रोड रोलर से उसको ठीक तरह से दबाया भी नहीं गया था। सड़क डालने के तुरंत बाद ही बजरी निकलने लगी थी। अब एक सप्ताह से हो रही बारिश से सड़क पूरी तरह से उखड़ गई है। इससे राहगीरों को परेशानी हो रही है।

पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता संभव पचौरी ने बताया कि बीच-बीच में सड़क पर सीसी निर्माण भी कराया गया है। नाला निर्माण प्रधान के अवरोध के कारण नहीं हो सका। यदि नाला निर्माण हो जाता तो जलभराव की समस्या उत्पन्न नहीं होती। अवर अभियंता के मुताबिक नकटिया से मोहनपुर सड़क निर्माण, नाली निर्माण के लिए करीब 80 लाख रुपये का बजट पास हुआ है। अभी ठेकेदार को भुगतान नहीं किया गया है। यदि सड़क खराब हुई है तो ठेकेदार द्वारा उसका दोबारा निर्माण कराया जाएगा।

> अवर अभियंता से बात की है। उन्होंने बताया कि जहां से शिकायतें आ ही है। वहां पर अभी काम नहीं हुआ है। उस जगह पर सीसी निर्माण कराया जाना है। वहां जल भराव के चलते काम नहीं हो सका था।
> **-नारायण सिंह**, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग

### परिवार के साथ भूख हड़ताल पर बैठी विधवा

**आंवला, अमृत विचार :** एक विधवा ने प्रशासन पर दुकानें न खुलने देने का आरोप लगाकर परिवार के साथ शनिवार को तहसील कार्यालय के सामने भूख हड़ताल पर बैठ गई। बारिश में भी हड़ताल पर बैठे परिवार को देखकर एसडीएम ने दो दिन में दुकानों के ताले खुलवाने का आश्वासन देकर हड़ताल स्थगित करा दी। अलीगंज के गांव गैनी निवासी पुत्तू सिंह की विधवा पत्नी महादेवी ने बताया कि उसने गांव में अपनी जगह में दुकानों का निर्माण कराया है। उसने आरोप लगाया कि सहखातेदारों की नीयत में खोंट आ जाने से वह लोग विवाद करने लगे। एसडीएम से शिकायत पर उन्होंने टीम गठित कर पैमाइश कराई थी। जिसमें दुकानें उसकी ही जगह में बनी हुई मिलीं। सहखातेदारों ने जबरन उसकी दुकानों में अपने ताले डाल दिए। शिकायत पर अधिकारियों ने ताले खुलवा दिए। उसने आरोप लगाया कि बीते एक वर्ष से प्रशासन उसकी दुकानें खुलने नहीं दे रहा है।

## सार-संक्षेप

### बेटी की मौत का सदमा, पिता की भी गई जान

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** बेटी के गम में शनिवार को पिता की भी मौत हो गई। दरअसल कुछ दिन पहले इंटर की छात्रा कॉलेज इंप्रूमेंट का फार्म भरने आई थी। जिसे दूसरे समुदाय के युवक ने जबरदस्ती ले जाकर धर्म परिवर्तन कराकर उसे ट्रेन के आगे धकेल दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस घटना के बाद काफी बवाल के बाद पीड़ित परिवार के शिकायती पत्र के बाद आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जेल भेजा गया था। बेटी की मौत के बाद से पिता गुमसुम रहने लगे, कुछ दिन पहले उन्होंने खाना पीना भी छोड़ दिया और डिप्रेशन में चले गए, लंबी बीमारी के बाद उनके परिजनों ने आर्थिक तंगी के बाद भी उनका काफी इलाज कराया, किन्तु शनिवार को हृदय गति रुकने से उनकी निजी अस्पताल में मौत हो गई। वहीं परिवार पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा बेटी के बाद पिता की भी मौत से घर वाले बेहाल है।

### संपूर्णता अभियान में गर्भवतियों की हुई गोदभराई

**बहेड़ी, अमृत विचार :** नीति आयोग के निर्देशन में 30 सितंबर तक चलने वाले संपूर्णता अभियान की शुरुआत शनिवार को ब्लॉक कार्यालय में हुई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, कृषि , ग्राम्य विकास एवं बाल विकास व पुष्टाहार विभाग की ओर से स्टाल लगाए गए। नीति आयोग के निदेशक मनीष कुमार ने मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश के साथ हर स्टाल पर जाकर विभागीय कर्मचारियों से संबंधित चीजों के बारे में जानकारी की। पुष्टाहार विभाग की ओर से लगाए गए स्टाल पर अधिकारियों ने गर्भवतियों की गोद भराई की। डिप्टी सीएमओ डॉ. अमित कुमार ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के रजिस्ट्रेशन के साथ उनकी, खून की कमी के साथ साथ हर तरह की जांच कराने का लक्ष्य तय किया है। बड़ी मां का किरदार निभा कर महिलाओं को कुपोषण से बचाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। बीडीओ मनोज बगौरिया ने संपूर्णता अभियान की सफलता के लिए निर्धारित समय सीमा के तहत लक्ष्य पूरा कर लेने का भरोसा दिया।

### विधायक ने छात्र-छात्राओं को बांटे मोबाइल

**रिठौरा, अमृत विचार :** सिल्वर लॉ कॉलेज में शनिवार को कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने छात्रों को मोबाइल बांटा। विधायक ने कहा सरकार लगातार छात्र हित में काम रही है। बच्चों को बेहतर बनाने तथा उनके आगे बढ़ने के मार्ग प्रशस्त कर रही है । मौके पर प्राचार्य डॉक्टर रवि भटनागर, नोडल अधिकारी डॉ. नुपूर गोयल, डॉ. अखिलेश कुमार, अभिषेक कुमार, सुरेश विमल, छात्र मोहम्मद रिजवी, सद्दाम कुरैशी,अनुज शर्मा,सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

### परास्नातक के छात्र-छात्राओं को मिले टैबलेट

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** निहाल श्याम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में परास्नातक के छात्रों को टैबलेट वितरित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बीएल वर्मा ने कहा कि समाज की युवाशक्ति को तकनीकि रूप से सशक्त करने एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने में सहायक सरकार की यह योजना बेहद कारगर है । विशिष्ट अतिथि सचिव जितेंद्र पाल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग के बढ़ते प्रभाव से युवाओं को शिक्षण के साथ तकनीकी प्रशिक्षण देने के लिए सरकार का यह कदम मील का पत्थर है। महाविद्यालय के 35 छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिया गया।

### मीरगंज में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

**मीरगंज, अमृत विचार :** मीरगंज के श्रीमती कमला देवी मेमोरियल इण्टर कॉलेज, हुरहुरी में मेधावियों का सम्मान हुआ। इंटरमीडिएट जिला टॉपर खदीजा को 11 हजार रुपये का चेक, मेडल, ट्राफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। हाईस्कूल टॉपर विकास कुमार को इक्कीस सौ रुपये का चेक मेडल, ट्राफी और प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के टाप 20 छात्रों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के पूर्व मेधावियों और अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य मो. असलम अंसारी,भूपेंद्र गंगवार , वेदराम गंगवार, प्रेमपाल गंगवार पत्नि राजेश्वरी गंगवार समेत अन्य मौजूद रहे।

### बारिश में आंवला सीएचसी की छत से टपक रहा पानी

**आंवला, अमृत विचार :** बारिश से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंवला की बिल्डिंग टपक रही है। रोगियों को स्वास्थ्य केंद्र में छाता लगाकर दवा लेने के लिए आना पड़ रहा है। छत टपकने से स्वास्थ्य कर्मी भी परेशान है। शनिवार दोपहर इलाज कराने आए रोगी छाता लेकर स्वास्थ्य केंद्र में नजर आए। रोगियों ने बताया कि इस अस्पताल की बिल्डिंग वर्ष 1992 में बनी थी। बारिश में यह टपकती है। अस्पताल स्टाफ ने बताया कि छत पर कोई भी गंदगी नहीं है। कमरें ठीक हैं। परंतु बरामदे और गैलरी टपकती है। इस मामले से अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

### दबंगों ने श्मशान भूमि पर किया कब्जा, शिकायत

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** एक गांव में समुदाय विशेष के लोगों ने श्मशान भूमि की जमीन पर कब्जा कर मकान बना लिए। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर श्मशान भूमि से कब्जा हटवाने जाने की मांग की है। भोजीपुरा का जादौंपुर मुस्लिम बहुल्य गांव है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके समाज के लोगों की श्मशान भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा करके निर्माण करा लिया। ग्रामीणों ने इस संबंध में एसडीएम सदर से शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। तहसील प्रशासन श्मशान भूमि की जमीन से अवैध निर्माण हटवाए जाने का रिस्क नहीं लेना चाहता है। शुक्रवार को जादौंपुर के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र पर मान सिंह, उमेश बाबू, राजेश,शिवम्, रामकिशोर आदि के हस्ताक्षर हैं।

### मकान की गिरी दीवार, मलबे में दबने से एक घायल

**आंवला, अमृत विचार :** आंवला भमोरा रोड के गांव रामनगला में बारिश से एक दीवार गिर गई, जिसके मलबे में दबने से किसान घायल हो गया। ग्रामीणों ने उसका इलाज कराया। लगातार हो रही बारिश से कच्चे और पक्के मकान टपकने लगे हैं। वहीं शनिवार की शाम करीब 7 बजे पूरनलाल के मकान की दीवार गली की ओर गिर गई। उस समय वह घर से बाजार के लिए जा रहा था। दीवार गिरने से दब गया। चीख पुकार पर मोहल्ले के लोगों ने उसे बाहर निकाला और इलाज के लिए डॉक्टर के पास ले गए।

### नौकरी लगवाने के बहाने ठगे साढ़े तीन लाख रुपये

**आंवला, अमृत विचार :** सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर एक अधिकारी ने साढ़े तीन लाख रुपये हड़प लिए, नौकरी भी नहीं लगवाई। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। आंवला के मोहल्ला किला बजरिया निवासी नीरज गुप्ता ने बताया कि मोहल्ले का एक व्यक्ति बिजली विभाग में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के पद पर एटा में तैनात है। उसके छोटे भाई को बिजली विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर पांच लाख रुपये मांगे थे। उसने कई बार में उसे साढ़े तीन लाख रुपए दे दिए। परंतु उसने नौकरी नहीं लगवाई। अब वह इन्कार कर रहा है, रुपये भी नहीं लौटा रहा है।

### नवनिर्वाचित एमएलसी बहोरन लाल मौर्य का स्वागत

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** भाजपा ने भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं मंत्री बहोरन लाल मौर्य को एमएलसी का टिकट दिया, जो निर्विरोध चुने गए। इससे उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। निर्वाचन के उनके प्रथम बरेली आगमन पर भोजीपुरा में उनका जगह- जगह स्वागत हुआ । आटामांडा तिराहे पर तारिक नियाजी के नेतृत्व में कस्बे के लोगों ने उनका स्वागत किया । इसके अलावा भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया । इस अवसर पर सभासद रामराज,भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष पंडित सूरजपाल शर्मा, सभासद राकेश कुमार कश्यप, भाजपा किसान मोर्चा पदाधिकारी सतीश कश्यप, शारिक नियाजी ,सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद अजीम, मोहम्मद फहीम रियाज,मोहम्मद मुईद रियाज समेत अन्य मौजूद रहे।

### खेतों में अकेले जाने से बचें महिलाएं : सीओ

**शेरगढ़, अमृत विचार :** शेरगढ़ थाना परिसर में प्रधानों और चौकीदारों की बैठक हुई, जिसमें ग्रामीणों को सुरक्षा के प्रति सचेत करने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं को घर से अकेले बाहर नहीं जाने के लिए हिदायत दी गई। सीओ बहेड़ी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सुरक्षा के प्रति हम सभी को जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने प्रधानों एवं चौकीदारों को प्रेरित करते हुए कहा कि महिलाओं को घर के बाहर जंगल में अकेले चारा आदि लेने एवं सुनसान इलाके में नहीं जाने दें यदि जंगल आदि में जाना जरूरी हो तो समूह में बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि अपनी सुरक्षा के प्रति हम सबको जागरूक रहना चाहिए। इस लिए सुरक्षा के प्रति स्वयं जागरूक हों एवं दूसरों को भी प्रेरित करें। थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा ने कहा कि गांव-गांव पुलिस कर्मियों द्वारा ग्रामीणों एवं खास तौर से महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है क्योंकि हमारी जागरूकता ही हमारी सुरक्षा का कवच है। बैठक में प्रधान महेंद्र पाल गंगवार,शमशुल खां,जफर खां,इस्राइल मंसूरी,नरेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### शीशगढ़ पुलिस लोगों को कर रही जागरूक

**मानपुर, अमृत विचार :** शाही में हुई महिला की हत्या के बाद शीशगढ़ पुलिस काफी सतर्क हैं, पुलिस कर्मी गांव- गांव घूमकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। 6 महीने पहले शाही और शीशगढ़ में 9 महिलाओं की एक ही तरीके से हत्या की गई थी, जिस पर लखनऊ तक हंगामा मचा था। पुलिस की सख्ती के बाद फिर उसी पैटर्न पर एक महिला की हत्या के बाद फिर हड़कंप मचा हुआ है। शीशगढ़ इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस की 7 टीमें क्षेत्र में लगाई गई है और गांव - गांव जाकर लोगों को जागरुक कर रही हैं, एक टीम में महिला पुलिसकर्मी सहित चार लोग हैं।

# हिन्दुत्वः समग्र दार्शनिक अनुभूति


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

दर्शन और वैज्ञानिक विवेक से हिन्दुओं ने विश्व वरेण्य संस्कृति का विकास किया। इसका ध्येय विश्व का लोकमंगल रहा है। हिन्दू धर्म जगत की व्यवस्था को बनाए रखने की आचार संहिता है। धर्म का संवर्द्धन और पालन प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है। हिन्दू मन पूरे विश्व को परिवार मानता है। प्रकृति के अंश हैं हम सब।

लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हिन्दुओं को हिंसक कहा है। इस वक्तव्य पर अखिल भारतीय प्रतिक्रिया हो रही है। नेता प्रतिपक्ष से सदन की मर्यादा और अतिरिक्त शालीन व्यवहार की अपेक्षा रहती है,लेकिन राहुल जी ने मर्यादा तोड़ दी। वे प्रधानमंत्री को संसदीय परंपरा के अनुसार माननीय नहीं कहते। वे उन्हें 'नरेंद्र मोदी' कहते हैं। वे संभवतः यह बात भी नहीं जानते कि संसदीय व्यवस्था में नेता प्रतिपक्ष का पद बेहद सम्माननीय होता है। ब्रिटिश संसदीय परंपरा में वह 'गवर्मेंट इन वेटिंग' कहा जाता है। कमाल है कि वे भारतीय उपमहाद्वीप के अभिजनों की विश्ववरेण्य हिन्दू संस्कृति से अपरिचित हैं। हिन्दू उन्हें हिंसक दिखाई पड़ते हैं। हिन्दू समाज व्यवस्था का मूलभूत तत्व लोककल्याण है। हिन्दू भारत की प्रकृति और संस्कृति के संवाहक हैं। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। हिन्दू जीवनशैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है।

हिन्दुत्व समग्र दार्शनिक अनुभूति है,लेकिन भारतीय राजनीति के आख्यान में हिन्दू तत्व के अनेक चेहरे हैं। उग्र हिन्दुत्व, सांप्रदायिक हिन्दुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिन्दुत्व पर आक्रामक हैं। हिंसक हिन्दुत्व राहुल जी ने जोड़ा है। अंग्रेजी भाषांतर में हिन्दुत्व को हिन्दुइज्म कहा जाता है। इज्म विचार होता है। विचार 'वाद' होता है। वाद का प्रतिवाद भी होता है। पूंजीवाद-कैप्टलिज्म है। समाजवाद सोशलिज्म है। इसी तरह कम्युनिज्म है। अंग्रेजी का हिन्दुइज्म भी हिन्दूवाद का अर्थ देता है,लेकिन हिन्दुत्व हिन्दूवाद नहीं है। हिन्दुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। आस्तिकता हिन्दू जीवन की मूल प्रकृति है। हिन्दू होना परिपूर्ण लोकतंत्री होना है। हिन्दू सभी विचारों का आदर करते हैं।

हिन्दू धर्म वैदिक धर्म का विकास है। हिन्दू होना भारतीय जीवनशैली है। इस्लाम और ईसाईयत पंथ हैं। वे भारत के बाहर विकसित हुए। भारत में उनका परिचय हिन्दू धर्म से हुआ। हिन्दुओं के लिए भी इस्लाम व ईसाईयत सर्वथा नए विश्वास थे। भारतीय जनता का एक हिस्सा इस्लाम व ईसाईयत को भी धर्म कहता है,लेकिन हिन्दू धर्म ईसाईयत या इस्लामी पंथिक विश्वास जैसा नहीं है। ईसाईयत और इस्लाम में एक ईश्वर, एक देवदूत या पैगम्बर और एक पवित्र पुस्तक के प्रति विश्वास की धारणा है। हिन्दू धर्म किसी एक पवित्र पुस्तक या देवदूत से बंधा नहीं है। कुछ विद्वान भारत में सभी धर्मों में समन्वय की बातें करते हैं। वे इस्लाम और ईसाईयत को भी धर्म कहते हैं। सच यह नहीं है। पंथ, मत, मजहब और रिलीजन अनेक हैं। धर्म एक है। इसे सनातन धर्म भी कहते हैं। इसे वैदिक धर्म भी कहते हैं। भारत में धर्म और धार्मिक विकास की यात्रा मजेदार है। यहां दर्शन और वैज्ञानिक विवेक का जन्म पहले हुआ और धर्म संहिता का विकास बाद में। जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता हिन्दू दर्शन की विशेषता है। यहां साधारण हिन्दू भी आस्था पर प्रश्न करते हैं और संवाद भी। प्रश्नाकुलता और उदारता हिन्दू समाज की बड़ी पूंजी है। सबके प्रति बंधुभाव हिन्दू की प्रकृति है। ऐसा उदार हिन्दू समाज हिंसक नहीं हो सकता।

हिन्दू विचार में प्रकृति शाश्वत है। प्राकृतिक नियम शाश्वत होते हैं। प्रकृति सुंदर है। आनंदरस से भरी पूरी है। यह सत्य है। शिव है। कल्याणकारी है। इसी शिव और सुंदर का संवर्द्धन हम सबका कर्तव्य है। यह प्रतिपल सृजनशील है। नया आता है। अरुण होता है। तरुण होता है। गृह नक्षत्र सुनिश्चित नियम में गतिशील रहते हैं। प्रकृति के गोचर प्रपंचों में हिंसा नहीं है। वैदिक पूर्वजों ने प्रकृति के संविधान को 'ऋतु' कहा है। ऋतु वैज्ञानिक अनुभूति है और हिन्दू प्रतीति है। हिन्दू दृष्टि में प्रकृति की शक्तियां उपास्य हैं। इन्द्र, अग्नि, पृथ्वी, पर्जन्य, मरुत, रूद्र आदि अनेक वैदिक देवता हैं। वरुण देवता प्राकृतिक नियमों के संरक्षक-ऋताव हैं। हिन्दू विश्वास में देवता भी नियम पालन करते हैं। मरुत वायुदेव भी नियमानुसार गतिशील ऋतजाता हैं (ऋ०3-15-11)। हिन्दू आस्तिकता में किसी भी शक्तिशाली मनुष्य या देवता को नियम पालन न करने की छूट नहीं है। ऋतु के संरक्षक शक्तिशाली वरुण को भी नहीं।

ऋग्वेद के अनुसार धरती और आकाश वरुण के नियम से धारण किए गए हैं-वरुणस्य धर्मणा (6-70-1)। ऐसे अनुभवजन्य विश्वास में हिंसा की जगह नहीं है। प्राकृतिक नियमों का धारण करना धर्म है। बताते हैं कि शक्तिशाली वरुण ने सूर्य का मार्ग निर्धारित किया है। यह है ऋतु नियम। सूर्य ने यह नियम पालन किया। यह हुआ सूर्य का धर्म। वैदिक काल के बाद ऋतु और धर्म एक ही अर्थ में कहे जाने लगे। ऋतु मार्गदर्शी है। इसके अनुसार कर्म करना धर्म है। धर्मानुसार कर्म में हिंसा नहीं। विष्णु बड़े देवता हैं। उन्होंने तीन पग चलके पूरी धरती नाप ली। ऋग्वेद के अनुसार वे धर्म धारण करते हुए तीन पग चले।

सूर्य, सविता देवता हैं। वे भी द्युलोक, अंतरिक्ष और पृथ्वी को धर्मानुसार प्रकाश से भरते हैं। (4-53-3) प्रजापति सत्यधर्मा हैं (10-121-9) सूर्य भी सत्यधर्मा हैं। प्रकृति की सभी शक्तियां ऋतुबद्ध धर्म आचरण करती हैं। इसलिए हिन्दुओं का आचरण भी नियमबद्ध होता है। सुख आनंद का आधार सत्य है। सत्य नित्य है। सत्य बोलना धर्म है। वैदिक काल से ही झूठ के लिए 'अनृत' शब्द प्रयुक्त होता रहा है। ऋतु सत्य है। अनृत झूठ है। पूर्वजों ने मानव समाज के लिए नियमों का विकास किया। देशकाल के अनुसार इसमें नया जुड़ता रहा है। काल बाह्य छूटता रहा है। इसी आचार संहिता का नाम धर्म पड़ा। हिन्दू धर्म सतत् विकासशील है। हिन्दू ईश्वर को भी मानने या न मानने के लिए स्वतंत्र हैं। बृहदारण्यक उपनिषद् (2-5-11) में कहते हैं, ''धर्म सभी भूतों का मधु है। समस्त भूत इस धर्म के मधु हैं।'' इसी मधु का नाम हिन्दुत्व है। हिन्दू मन स्वाभाविक ही उदार है।

दर्शन और वैज्ञानिक विवेक से हिन्दुओं ने विश्व वरेण्य संस्कृति का विकास किया। इसका ध्येय विश्व का लोकमंगल रहा है। हिन्दू धर्म जगत की व्यवस्था को बनाए रखने की आचार संहिता है। धर्म का संवर्द्धन और पालन प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है। हिन्दू मन पूरे विश्व को परिवार मानता है। प्रकृति के अंश हैं हम सब। प्रकृति में रहते हैं। इसी के अंगभूत घटक हैं। प्रकृति से हमारे व्यवहार की आत्मीयता भी हिन्दुत्व है। हिन्दू संपूर्ण अस्तित्व के प्रति सत्यनिष्ठ हैं। कठोपनिषद् में नचिकेता और यम के बीच प्रश्नोत्तर हैं। नचिकेता ने यम से पूछा, "जो धर्म से पृथक हैं, अधर्म से पृथक हैं, भूत भविष्य से भी पृथक हैं, कृपा कर के आप मुझे वही बताइए।" यहां दिक्काल से परे किसी अमृत तत्व की जिज्ञासा है। हिन्दू दिक्काल से परे भी सोचते रहे हैं। धर्म राष्ट्रजीवन की आचार संहिता है। इस आचार संहिता का विकास हजारों वर्ष की साधना से हुआ है। नचिकेता धर्म अधर्म और देशकाल-भूत भविष्य से परे सम्पूर्ण सत्य का जिज्ञासु है।

हिन्दुओं ने वैदिक काल में ही सभा और समितियों का विकास कर लिया था। सभा में मधुर बोलना उच्चतर जीवन मूल्य है। सभा के योग्य लोग सभ्य कहे जाते थे। लोकसभा पवित्र सदन है। कार्यवाही के नियम हैं। अध्यक्षीय आसन का सम्मान सभी सदस्यों का कर्तव्य है। इसी पवित्र सदन में प्रधानमंत्री को नमस्कार करते लोकसभा अध्यक्ष के झुकने की व्याख्या की गई। इस व्याख्या ने भारत का मन आहत किया है। वरिष्ठों का सम्मान हिन्दू संस्कृति का महत्वपूर्ण अंश है। ऋग्वेद में कहा गया है, "नमः ऋषभ्या, पूर्वेभ्यः, पूर्वजेभ्यः, पथिकृभ्यः-ऋषियों को नमस्कार, हमसे पूर्व जन्मे लोगों को नमस्कार, पूर्वजों को नमस्कार और पथ प्रदर्शक को नमस्कार है,लेकिन पवित्र संसद में झुककर नमस्कार का मजाक बनाया गया। यह आहतकारी है।

# भारतीय दर्शन एवं संत परंपरा

भारत जैसे विचारवान देश में इस प्रकार की विवेकहीन धार्मिकता या अंधभक्ति कई बिंदुओं की ओर इशारे कर रही है। जैसे-जैसे भौतिक व्यवस्थाएं संपन्न हुई हैं वैसे-वैसे मानसिक जटिलताएं बढ़ती गई हैं।

भारतीय दर्शन एवं संत परंपरा में विविध शंकराचार्य, गिरी, संत, संन्यासी, तपस्वी, ऋषि, मुनि, यति, नाथ, जोगी, मंहत और भी बहुत कुछ है। मठ, मढ़ी, आश्रम भी है। अखाड़ा परिषद जहां से प्रमाणित साधु कुंभ के उपरांत निकलते हैं, ऐसी सुनियोजित व्यवस्था है फिर भी कंवल बाबा, चटनी बाबा, भोले बाबा साकार हरी जैसे बाबाओं के दरबार भी हरे-भरे रहते हैं। हाथरस कांड गवाही देते हुए कह रहा है कि एक सामान्य सिपाही लाखों लोगों का भगवान बन गया। लाखों अनुयायी चरण धूल के लिए व्यग्र होते हुए अपने प्राण भी गवां देते हैं। ऐसे दरबार और लाखों अनुयायी पोल खोलते हैं। हमारी सामाजिक एवं धर्म व्यवस्था की। आज जब भारत बुलेट ट्रेन, सुपरसोनिक वायुयानों और तकनीकी प्रगति के युग का दावा ठोंक रहा है,उस देश में लाखों लोग किसी के पैरों की धूल लेकर कृतकृत्य हुए जा रहे हैं। चमत्कारी पानी संतान प्राप्ति की दिव्य औषधि बना हुआ है।


प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक, उझानी, बदायूं

भारत जैसे विचारवान देश में इस प्रकार की विवेकहीन धार्मिकता या अंधभक्ति कई बिंदुओं की ओर इशारे कर रही है। जैसे-जैसे भौतिक व्यवस्थाएं संपन्न हुई है वैसे-वैसे मानसिक जटिलताएं बढ़ती गई हैं। इन जटिलताओं का आसन समाधान पाने के लिए अल्प शिक्षित या अशिक्षित वर्ग इन फर्जी बाबाओं के दरबार में चक्कर काटता है। अधिकांश भीड़ ग्रामीण महिलाओं की मिलेगी जो अपनी छोटी-छोटी शंकाओं के समाधान इन दरबारों में ढूंढने पहुंच जाती हैं। ये लोग बहुत छोटे से दायरे का ही जीवन देखते व समझते हैं। ज्यादा बड़ी-बड़ी जटिल पौराणिक बाते, धर्मवेत्ताओ के आख्यान प्रवचन समझने में इन्हें मुश्किल लगती है,चूंकि इनका अधिकांश समय बुद्धि आधारित कार्य पर न होकर श्रम पर आधारित होता है। ये बाबा उनके इसी अल्प ज्ञान का लाभ उठाकर आसान शब्दों में लच्छेदार बातें पेश कर देते हैं,उन्ही के जीवन के उदाहरणों को सुनाकर लोकप्रियता हासिल कर लेते हैं। समस्या ये है कि भारत जैसे देश में असली संत, नकली साधु, कथावाचक, सरस कथावाचक, मोटिवेशनल स्पीकर,ओझा तांत्रिक, सिद्धि वाले बाबा जी, गाने वाले बाबाजी, जेल वाले बाबाजी, तेल वाले बाबा जी सबके पास उनकी सधी सधाई श्रोता पार्टी है। सब "मामेकम शरणं व्रज"(केवल मेरी शरण में आ जाओ) कहते हुए भक्त गढ़े जा रहे हैं। लाखों लोग अपना काम धाम छोड़कर इन बाबाओं का प्रताप बढ़ा रहे हैं। इससे इतना तो स्पष्ट होता है कि ये बाबागिरी एक मनोवैज्ञानिक खेल है। इस मनोवैज्ञानिक खेल का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लाभ, प्रभाव राजनीति पर भी है।

भारत का आदमी इतना खाली हो चुका है कि अपने जीवन की समस्या स्वयं न सुलझाकर, कहीं भी उलझने को तैयार हो जाता है। तुलसीदास जी तो कह ही गए थे "पंडित सोई जो गाल बाजवा।" और ये सारे बाबा काबा, तरह-तरह के वाचक अपने विचार को इनके माध्यम से विचारधारा बनाने की महत्वाकांक्षा हासिल कर लेते हैं। भारत जैसे देश में सामाजिक जागरूकता की दिशा में बड़े प्रयास चाहिए। धर्म के नाम पर होती सांस्कृतिक होड़, आर्थिक प्रदर्शन की होड़ रोकनी होगी। जिस किसी के अधिक फॉलोअर हैं ऐसे व्यक्ति कभी भी समाज के लिए "हर्ड पॉइजनिंग" (भीड़ के कानों में जहर घोलने) जैसे कार्य कर सकते हैं। इन पर अंकुश लगाना अत्यंत आवश्यक है।

# बिहार के इंजीनियरों से श्रेष्ठ निर्माता त्रेतायुग के वानर थे


अरविन्द त्रिपाठी
कानपुर

रामायण का पुल, जिसे 'सेतु बंध' के रूप में जाना जाता है, साहस और दृढ़ संकल्प का एक वसीयतनामा था। यह केवल एक भौतिक संबंध नहीं था, बल्कि ईश्वरीय इच्छा और भक्तों के अटूट संकल्प का प्रकटीकरण था।

पुल पर चलकर-पुल पार होते हैं, न कि नदी। 'सुशासन बाबू' के राज में विगत पंद्रह दिनों के अंतराल में समय और दूरी को पार करने के लिए बने बिहार की विभिन्न नदियों के ग्यारह पुल ढह गए। यह चौंका देने वाली ऐसी घटनाओं का विस्फोटक सिलसिला है,जिसने न केवल राज्य और वहां की सरकार, प्रशासन के साथ-साथ पूरे लोक निर्माण विभाग और तकनीकी व्यवस्था को हिला दिया,बल्कि मानवीय भावना को भी गहराई से झकझोर दिया। इससे विश्व में बिहार की इंजीनियरिंग और मेधा पर गंभीर सवाल उठे हैं।

राजनीतिक हलकों में ऐसा ध्वनित होता रहता है कि वर्तमान केन्द्रीय सरकार राम राज्य के उच्चादर्शों को प्रतिमान मानते हुए कार्य कर रही है। बिहार की सरकार उसी राम राज्य का मजबूत हिस्सा है। त्रेतायुगीन कथाओं के इतिहास में अंकित रामायण के महाकाव्य में भी एक भव्य पुल मौजूद है। भगवान राम की सेना के दो वानर बंधुओं नल और नील के मार्गदर्शन में वानर सेना द्वारा निर्मित पुल ने भारत और श्रीलंका की भूमि को जोड़ा, जिससे विशाल समुद्र को पार करके राक्षसराज रावण की लंका के द्वीप साम्राज्य तक पहुंचा जा सका। न केवल चट्टानों और गारे से,बल्कि भक्ति की इच्छा और विश्वास की शक्ति से बनाया गया यह पुल आज भी उद्देश्य और आस्था के मिलन का प्रतीक माना जाता है।

बिहार के हृदय में पुलों की एक गहरी कहानी है, जहां मिथकों की प्राचीन प्रतिध्वनियां और आधुनिक समय की वास्तविकताएं आपस में टकराती हैं। इस कहानी का रिश्ता बिहार से यूं कायम होता है कि बिहार की बेटी जगदंबा सीता के लिए हजारों साल पहले एक पुल बनाया गया था। राक्षसराज रावण ने उनका पंचवटी से अपहरण कर लिया और लंका ले गया,जिसके बाद उनके स्वामी भगवान श्रीराम ने उन्हें बचाने के लिए अदम्य धैर्य और साहस के साथ वीरतापूर्ण अभियान शुरू किया। शक्तिशाली हनुमान के नेतृत्व में वानर सेना ने राम के प्रति अपनी अटूट निष्ठा और न्याय के प्रति अपनी भक्ति से प्रेरित होकर विशाल महासागर पर पुल बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। यह पुल हजारों साल बाद भी मिथ और विज्ञान के बीच आज भी देखा जा सकता है, जिसके अस्तित्व पर समय-समय पर सवाल खड़े किए गए।

अब इसकी तुलना आधुनिक बिहार के पुलों से करें,जहां इंजीनियरिंग बुनियादी ढांचे और स्थिरता की चुनौतियों का सामना करती है। आवागमन और प्रगति को सुविधाजनक बनाने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन के बाद बने ग्यारह पुल अब टूट और बिखर गए हैं। इन्हें बनाने के लिए टेंडर जारी करने से लेकर तमाम विशेषज्ञ समितियों की ओर से चरणवार जांचा-परखा और मंजूर किया गया,लेकिन तकनीकी विफलताओं और पर्यावरणीय तनावों में निहित होने के बावजूद, इन पुलों के ढहने के कारण मानवीय प्रयास और नश्वर सरलता की सीमाओं की गहरी कहानी को प्रतिध्वनित करते हैं।

रामायण का पुल, जिसे 'सेतु बंध' के रूप में जाना जाता है, साहस और दृढ़ संकल्प का एक वसीयतनामा था। यह केवल एक भौतिक संबंध नहीं था,बल्कि ईश्वरीय इच्छा और भक्तों के अटूट संकल्प का प्रकटीकरण था। माता सीता और प्रभु राम के प्रति अपने प्रेम और निष्ठा से प्रेरित वानर सेना ने इस चमत्कार को बनाने के लिए अथक परिश्रम किया। उनके प्रयासों को एक ही उद्देश्य ने प्रेरित कियाः एकजुट होना और बचाव करना, विशाल महासागर द्वारा उत्पन्न दुर्जेय चुनौती को पार करना।

इसके विपरीत बिहार के पुल अपनी इंजीनियरिंग क्षमता के बावजूद अपने डिजाइन से परे की ताकतों के सामने झुक गए। भूविज्ञान, जलवायु और शायद अपेक्षाओं (इसे भ्रष्टाचार भी पढ़ सकते हैं) के बोझ की जटिलताएं उन पर भारी पड़ीं। फिर भी इन पुलों का जन्म भी उद्देश्य से हुआ था-समुदायों को जोड़ना, व्यापार को सुविधाजनक बनाना, जीवन को ऊपर उठाना। तो फिर रामायण के पुल को आज के बिहार के पुलों से क्या अलग करता है? यह केवल इस्तेमाल की गई सामग्री या इस्तेमाल की गई तकनीक नहीं है,बल्कि इरादे का सार और भावना की गहराई है। सेतुबंध का पुल अटूट विश्वास और धार्मिकता की खोज की नींव पर बनाया गया था। यह इस विश्वास का प्रमाण था कि समर्पण और एकता के माध्यम से असंभव को भी जीता जा सकता है। इसके विपरीत, बिहार के पुलों को विशेषज्ञता और आधुनिक तकनीक से तैयार किया गया था, लेकिन उन्हें ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसने मानव निर्माण की नाजुकता को उजागर किया। वे हमें याद दिलाते हैं कि प्रगति और नवाचार के बीच, एक विनम्र सत्य छिपा है प्रकृति की दुर्जेय शक्तियों के सामने हमारी रचनाओं की नश्वरता।

बिहार इन पुलों के ढहने के बाद के हालात से जूझ रहा है। यह न केवल इंजीनियरिंग की कमियों पर,बल्कि इतिहास और मिथक के स्थायी सबक पर भी विचार करने का समय है। रामायण का पुल एक कालातीत प्रकाश स्तंभ की तरह खड़ा है,जो हमें याद दिलाता है कि सच्ची महानता केवल निर्माण के कार्य में नहीं है, बल्कि इसे चलाने वाले लचीलेपन और उद्देश्य की भावना में है। बिहार में ग्यारह पुलों की कहानी में हम मानवीय महत्वाकांक्षा के द्वंद्व को देखते हैं,जहां निर्माण की इच्छा का सामना अस्तित्व की कठोर वास्तविकताओं से होता है। फिर भी इस चिंतन में आशा है कि जो कुछ गिर गया है उसके खंडहरों से, हम इस बात की गहरी समझ के साथ पुनर्निर्माण कर सकते हैं कि न केवल भौतिक खाई को पाटना,बल्कि समझ और भावना के अंतराल को भी पाटना क्या होता है,जो हमें एक सभ्यता के रूप में एकजुट करते हैं।

# अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन


जगपाल सिंह भाटी
बरेली

हमारे ऋषि-मुनि पूर्वज, वैज्ञानिक, शात्र-पुराण और हमारा अनुभव सब प्रमाणिक तौर पर यह वाक्य कहते हैं- "प्रथम सुख निरोगी काया" "स्वास्थ्य एक अनमोल रत्न है", "हेल्थ इज वेल्थ" आदि। हमारा मुस्कुराता हुआ तेजमय चेहरा ही हमारे उत्तम स्वास्थ्य का दर्पण होता है। आपके चेहरे पर प्रसन्नता और खुशी सभी नजर आएगी जब आपका शरीर एक दम स्वस्थ्य और फिट होगा। हमारे इस नश्वर शरीर में यदि कहीं भी किसी भी अंग में थोड़ी सी भी परेशानी एवं पीड़ा है तो उतने से ही हम बेचैन हो जाते हैं। संसार की सारी खुशियां त्योहार, उत्सव और हर्षोल्लास उस व्यक्ति के लिए व्यर्थ व निरर्थक हैं,जिसके तन में कोई रोग लगा है। उसको कोई भी आनंद सुहाता नहीं है। उसको किसी भी आनंद में आनन्द नहीं मिल सकता और यदि आपका तन-मन स्वस्थ है तो छोटी सी खुशी में भी आप झूमने लगेंगे। आपके स्वस्थ चेहरे पर प्रसन्नता का भाव और तेज दूर से ही झलकता नजर आएगा।

आज की इस मिलावटी दौर में स्वास्थ्य को स्वस्थ रखना बेहद कठिन और चुनौतीपूर्ण हो गया है। लाभ, लोभ, लालच और विलासिता के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति अपने पैरों पर कुल्हाड़ी चला रहा है। हर कोई अपने-अपने फायदे के लिए एक दूसरे को धोखा दे रहा है, जिसकी वजह से शुद्ध वस्तुएं मिलना असंभव सा हो गया है। यहां तक आज के समय में हवा और पानी भी जहरीले हो चले हैं। इस बेहद नाजुक दौर में निरोग स्वस्थ रहना कठिन हो गया है। बच्चा, जवान और बूढ़ा हर कोई आज दवा पर निर्भर हो गया है। मोटापा हाई ब्लड प्रेशर, शुगर कब्ज, अनिद्रा, कमजोरी, नजर कमजोर होना एवं समय से पूर्व बूढ़ा दिखना जैसे फैशन बन गया है। हम कुछ दैनिक नियमों से काफी हद तक अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। नियमित रूप से कम से कम 15 मिनट तक योग, व्यायाम, प्राणायाम या सुबह का टहलना जरूर करें।

प्रातः उठने के पश्चात सबसे पहले आंखों पर ताजे पानी से छप्पा लगाए इससे आखें स्वस्थ रहतीं हैं। सुबह खाली पेट दो गिलास गुनगुना या ताजा पानी अवश्य पिएं। नहाने से पहले और खाने के बाद पेशाब अवश्य जाएं। पानी पीकर तुरंत बाद पेशाब नहीं जाना चाहिए और पेशाब करने के तुरंत बाद पानी नहीं होना चाहिए। खड़े होकर भी पानी न पिएं। लघु शंका (पेशाब) और दीर्घ शंका (लेट्रीन) करते समय अपने दातों को दबाकर रखें। दांत मजबूत और स्वस्थ रहेंगे। कुछ भी खाने के बाद और सोने से पूर्व कुल्ला अवश्य करें। सोने से पूर्व एक गिलास दूध या पानी पीकर सोने से नींद अच्छी आती है। हमेशा पूर्व और दक्षिण दिशा में सिर करके सोना चाहिए। आपका भोजन अधिक से अधिक सादा, हल्का, कम और प्रकृति के अनुकूल होना चाहिए। भोजन प्रसन्न मुद्रा में और चबा-चबा कर करें। अतः आप अपने स्वास्थ्य के प्रति सदैव सचेत और सतर्क रहें, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है।

# ब्रह्म से मिलन का महापर्व


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

पुरी रथ यात्रा का त्योहार भगवान जगन्नाथ को समर्पित है। ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति इस पुरी रथ यात्रा में पूरी श्रद्धा से भाग लेता है, वह जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाता है। भगवान जगन्नाथ के रथ पर सवार होने का एक दर्शन ही बहुत शुभ माना जाता है। इसके साथ ही काम, क्रोध और लोभ से छुटकारा मिलता है। पुरी में होने वाली रथ यात्रा सबसे भव्य आयोजनों में से एक है, जो दुनियाभर से पर्यटकों को आकर्षित करती है। उत्सव के दिन तीन देवताओं की पूजा की जाती है, उनमें भगवान बलभद्र, जो भगवान जगन्नाथ के बड़े भाई हैं, सुभद्रा, जो भगवान जगन्नाथ और भगवान बलभद्र की बहन हैं और भगवान जगन्नाथ शामिल हैं।

प्रत्येक देवता के पास एक रथ है। भगवान बलभद्र के रथ में 16 पहिए हैं, जबकि भगवान जगन्नाथ के रथ में 18 पहिए हैं। इसी तरह सुभद्रा के रथ में 14 पहिए हैं। भक्तगण जगन्नाथ मंदिर से भगवान कृष्ण, भगवान बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियों को गुंडिचा मंदिर ले जाते हैं। फिर मूर्तियों को रथों में स्थापित किया जाता है। पुजारी स्नान पूर्णिमा मनाते हैं, जो एक प्रथा है जिसमें तीन मूर्तियों को पानी (109 बाल्टी) से नहलाया जाता है। नहाए गए मूर्तियों को जुलूस के दिन तक अलग रखा जाएगा। इस आयोजन को अंसारा कहा जाता है। ओडिशा के शाही उत्तराधिकारी चेरा पहरा की रस्म निभाते हैं। राजा देवताओं को ले जाता है और चेरा पहरा के आयोजन के दौरान उन्हें रथों पर रखता है। पुरी रथ यात्रा उत्सव की शुरुआत विशेष प्रार्थना और अनुष्ठानों के साथ देवताओं के आह्वान से होती है और इसे 'रथ प्रतिष्ठा' के नाम से जाना जाता है। इसके बाद तीन मुख्य देवता, देवी सुभद्रा, भगवान जगन्नाथ और भगवान बलभद्र को उनके संबंधित रथों में बैठाया जाता है। देशभर से भक्त भगवान के रथ को खींचने की उत्कट इच्छा के साथ आते हैं, क्योंकि यह कार्य बहुत पवित्र माना जाता है। रंग-बिरंगी शोभायात्रा ढोल, तुरही या ढोल पर बजने वाले भक्ति गीतों की ध्वनि के साथ आगे बढ़ती है। जुलूस अंत में गुंडिचा मंदिर पहुंचता है जिसे भगवान जगन्नाथ की मौसी का निवास माना जाता है। इस त्योहार को 'घोष यात्रा', 'दशावतार यात्रा', 'नवदिन यात्रा' या 'गुंडिचा यात्रा' के नाम से भी जाना जाता है। पुरी रथ यात्रा उत्सव एकीकरण और समानता का प्रतीक है। यह उन दुर्लभ त्योहारों में से एक है, जो सभी प्रकार के भेदभावों से ऊपर है। यहां तक कि मुसलमान भी इस अद्भुत रथ उत्सव में भाग लेते हैं। इस परंपरा की शुरुआत तब होती है जब राजा इंद्रद्युम ने जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियां बनवाई तो रानी गुंडिचा ने मूर्तियां बनाते हुए मूर्तिकार विश्वकर्मा और मूर्तियों को देख लिया जिसके चलते मूर्तियां अधूरी ही रह गई तब आकाशवाणी हुई कि भगवान इसी रूप में स्थापित होना चाहते हैं। इसके बाद राजा ने इन्हीं अधूरी मूर्तियों को मंदिर में स्थापित कर दिया। उस वक्त भी आकाशवाणी हुई कि भगवान जगन्नाथ साल में एक बार अपनी जन्मभूमि मथुरा जरूर आएंगे। स्कंदपुराण के उत्कल खंड के अनुसार राजा इंद्रद्युम ने आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के दिन प्रभु के उनकी जन्मभूमि जाने की व्यवस्था की। तभी से यह परंपरा रथयात्रा के रूप में चली आ रही है। एक दूसरी कथा भी जिसके अनुसार सुभद्रा के द्वारिका दर्शन की इच्छा पूरी करने के लिए श्रीकृष्ण और बलराम ने अलग-अलग रथों में बैठकर यात्रा की थी। सुभद्रा की नगर यात्रा की स्मृति में ही यह रथयात्रा पुरी में हर साल होती है। इस रथयात्रा के बारे में स्कंद पुराण, नारद पुराण, पद्म पुराण और ब्रह्म पुराण में भी बताया गया है। इस भव्य रथ उत्सव को देखने के लिए हर साल दस लाख से अधिक तीर्थयात्री पुरी आते हैं।

# शिक्षा में नई व्यवस्थाओं की चुनौतियां


शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

सभी चुनौतियों के भली-भांति विश्लेषण के उपरांत ही ऐसी व्यवस्थाएं लागू की जानी चाहिए ताकि शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह से निर्बाध एवं व्यवस्थित बनी रहे।

हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा एक नई व्यवस्था को मंजूरी दी गई है। यह नई नीति उच्च शिक्षण संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों में प्रवेश को लेकर बनाई गई है एवं आयोग ने इसे सत्र 2024-25 से ही लागू करने के निर्देश दिए हैं। इस नीति के अनुसार विदेशी विश्वविद्यालयों की तर्ज पर भारतीय विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को वर्ष में दो बार प्रवेश का मौका दिया जाएगा। सत्र में प्रथम बार प्रवेश जुलाई-अगस्त में तथा दूसरी बार जनवरी-फरवरी में होंगे।

वर्तमान में लागू व्यवस्था के अंतर्गत विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले की प्रक्रिया वर्ष में केवल एक बार अर्थात जुलाई-अगस्त में होती है। नई व्यवस्था को लागू करने एवं इससे संबंधित समस्त इंतजामात सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि यूजीसी के द्वारा प्रवेश नीति संबंधी यह निर्णय ऐसे समय पर लिया गया है, जबकि सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया जोरों से चल रही है। नवीन व्यवस्था को लागू करने के पीछे यूजीसी का तर्क यह है कि इस पद्धति के लागू हो जाने से उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले से संबंधित दिक्कतें दूर हो जाएंगी। किन्हीं कारणों से यदि कोई विद्यार्थी जुलाई-अगस्त में दाखिला लेने से चूक जाता है तो वह पुनः जनवरी-फरवरी में यह अवसर प्राप्त कर सकेगा। नतीजतन उसे अपने पूरे साल का नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा एवं उसकी शिक्षा बिना किसी व्यवधान के आगे बढ़ती रहेगी। इससे पूर्व भी यूजीसी के द्वारा ऑनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा में प्रवेश को लेकर यह व्यवस्था लागू की गई थी। उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2022 में ऑनलाइन कोर्स में जुलाई सत्र में 19.73 लाख, जबकि जनवरी सत्र में 4.28 लाख प्रवेश हुए थे। स्पष्ट है कि विद्यार्थियों की एक अच्छी खासी संख्या ने संबंधित पाठ्यक्रमों में जनवरी सत्र में प्रवेश लिया था। ऐसी स्थितियों को देखते हुए ही नियमित पाठ्यक्रमों में भी दो बार प्रवेश लेने की व्यवस्था को लागू करने का फैसला लिया गया है। यद्यपि यूजीसी का निर्देश है कि इस नियम को लागू किए जाने से पहले उच्च शिक्षण संस्थानों को शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात, बुनियादी ढांचा इत्यादि की जानकारी यूजीसी को देनी होगी। निस्संदेह यह व्यवस्था विद्यार्थियों के हित में है, क्योंकि प्रायः ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें विद्यार्थी जानकारी के अभाव में किसी बीमारी की वजह से अथवा पिछली परीक्षा का परिणाम देर में आने की वजह से अगली कक्षा में प्रवेश लेने से चूक जाता था। नतीजा यह होता था कि विद्यार्थी को एक बार चूकने के उपरांत पुनः अपना प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए पूरे साल इंतजार करना पड़ता था, जिससे उसका समय बर्बाद हो जाया करता था। प्रवेश संबंधी नई व्यवस्था के लागू हो जाने के बाद इन सभी दिक्कतों से छुटकारा मिल जाएगा।

इसी प्रकार शिक्षा मंत्रालय के द्वारा सत्र 2025-26 से दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं को भी वर्ष में दो बार कराए जाने के विचार पर सैद्धांतिक सहमति दे दी गई है। प्रथम बार परीक्षा फरवरी में एवं दूसरी बार अप्रैल में होगी। खास बात यह है कि विद्यार्थी के लिए दोनों ही परीक्षाओं में शामिल होने का विकल्प खुला रहेगा। जिस परीक्षा में विद्यार्थी का प्रदर्शन बेहतर होगा, उस परीक्षा में विद्यार्थी के द्वारा प्राप्त किए गए स्कोर को ही उसका अंतिम स्कोर माना जाएगा। इस व्यवस्था से भी कहीं न कहीं विद्यार्थी का हित सुनिश्चित होगा। मान लीजिए कि किसी कारणवश विद्यार्थी का पेपर पहली परीक्षा में खराब हो जाता है तो उसके पास दूसरी परीक्षा का विकल्प हो जाने के कारण किसी भी तरह का तनाव उस पर हावी नहीं हो पाएगा, लेकिन जहां एक ओर इन नवीन व्यवस्थाओं को विद्यार्थियों के हित में माना जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ इनके सामने कुछ चुनौतियां भी हैं, जिनको अगर हल्के में लिया गया तो ये व्यवस्थाएं कहीं न कहीं नुकसानदेह भी साबित हो सकती हैं।

दो बार प्रवेश की व्यवस्था को लागू करने से पहले इस बात पर अवश्य मंथन किया जाना चाहिए कि कक्षाओं का संचालन किसी भी तरह से बाधित न हो एवं पाठ्यक्रम समय पर पूरा हो सके। दो बार प्रवेश लेने की सुविधा कहीं न कहीं विद्यार्थियों को लापरवाही की स्थितियों की ओर धकेल सकती है। यहां पर एक विकल्प यह हो सकता है कि ऐसी व्यवस्था केवल उन्हीं विद्यार्थियों के लिए लागू की जाए जो किन्हीं वाजिब कारणों की वजह से सत्र के आरंभ में प्रवेश लेने से चूक गए हैं। ठीक इसी प्रकार दो बार बोर्ड परीक्षाओं का आयोजित किया जाना भी विद्यार्थियों के तनाव को कम करने के साथ ही उन्हें एक सीमा से अधिक बेफिक्र बना सकता है एवं उनके अंदर यह प्रवृत्ति पैदा हो सकती है कि पहली परीक्षा में प्रदर्शन की ओर ध्यान कदापि न दिया जाए। इन सभी चुनौतियों के भली-भांति विश्लेषण के उपरांत ही ऐसी व्यवस्थाएं लागू की जानी चाहिए ताकि शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह से निर्बाध एवं व्यवस्थित बनी रहे।

## सार-संक्षेप

### गोरखनाथ विवि में भी होगी एमबीबीएस की पढ़ाई

**लखनऊ।** गोरखपुर में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम के मेडिकल कॉलेज (श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर) में एमबीबीएस की पढ़ाई होगी। नेशनल मेडिकल कॉउंसिल(एनएमसी) ने नीट काउंसलिंग के जरिए इस सत्र में प्रवेश लेकर पाठ्यक्रम शुरू करने की मान्यता दे दी है। विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने बताया कि एमबीबीएस की मान्यता मिल जाने से वाराणसी और लखनऊ के बाद गोरखपुर में निजी क्षेत्र का पहला मेडिकल कॉलेज होगा।

### मुजफ्फरनगर दंगा: अदालत में पेश हुए मंत्री-पूर्व विधायक

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।** मुजफ्फरनगर में 2013 में हुए सांप्रदायिक दंगे में भड़काऊ भाषण देने के सिलसिले में प्रदेश सरकार के मंत्री कपिलदेव अग्रवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान एवं अन्य आरोपी एक स्थानीय सांसद-विधायक अदालत (एमपी-एमएलए कोर्ट) में शनिवार को पेश हुए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 9 जुलाई की तारीख तय की है। अभियोजन अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि विशेष एमपी/एमएलए अदालत के न्यायाधीश देवेंद्र सिंह फौजदार ने इस मामले की आगे की सुनवाई के लिए 9 जुलाई की तारीख तय की है।

### कड़ी सुरक्षा के बीच सीटीईटी का आयोजन आज

**लखनऊ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से आयोजित होने वाली सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीटीईटी) 2024 का आयोजन रविवार (7 जुलाई) को किया जाएगा। सभी अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 5 जुलाई को जारी कर दिए गए हैं। बिना एडमिट कार्ड के उम्मीदवारों को परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थी इस बात का ध्यान रखें कि केंद्र पर रिपोर्टिंग का समय 7 बजे निर्धारित किया गया है। सीबीएसई सीटीईटी 2024 परीक्षा देश भर के 136 शहरों में 20 भाषाओं में आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पाली में होगी। पहली पाली में परीक्षा सुबह 9 :30 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी।

### पांच जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदले

**लखनऊ।** प्रदेश के पांच जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बदल दिए गए हैं। संयुक्त निदेशक ग्रेड के चिकित्सकों में बस्ती जिला अस्पताल में वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ.रामेश्वर मिश्र को बदायूं का सीएमओ, अयोध्या में तैनात डॉ.रजत कुमार चौरसिया को सिद्धार्थनगर, अमेठी के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.संजय कुमार को बहराइच, सीतापुर में एसीएमओ डॉ.राजीव नयन को फतेहपुर का और शामली के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.अनिल कुमार को शामली का सीएमओ बनाया गया है।

### लोन दिलाने नाम पर ठगी, गिरोह के 11 शख्स गिरफ्तार

**नोएडा, एजेंसी।** सेक्टर 49 थाने की पुलिस ने बैंक से लोन दिलवाने के नाम पर लोगों को अपने जाल में फंसा कर उनके साथ ठगी करने वाले गिरोह के दो पुरुष एवं नौ महिलाओं समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस ने आशीष कुमार उर्फ अमित, जितेंद्र कुमार वर्मा, निशा उर्फ स्नेहा, दिव्या, लक्ष्मी यादव, पूनम, पूजा सहित 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि ये लोग लोगों को सस्ते दर पर लोन दिलवाने के नाम पर अपने झांसी में लेते थे तथा उनसे लोन की प्रक्रिया के विभिन्न कारण बताकर अपने खाते में रकम डलवा लेते थे। की है।

### एचटी लाइन का तार टूटकर गिरा, बाइक सवार जिंदा जला

**शिवली (कानपुर)।** धरमपुर गौरी गांव में रात को मसाला लेने जा रहे एक बाइक सवार युवक पर 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन टूटकर गिर गई। जिससे युवक बाइक समेत जिंदा जल गया। शिवली कोतवाली क्षेत्र के धरमपुर गांव निवासी सुदामा (36) सरसों बेचने का काम करता था। शुक्रवार की रात को वह बाइक से मसाला लेने पास के गौरी जा रहा था। वह धरमपुर व गौरी गांव के बीच पहुंचा था कि उसके ऊपर अचानक 11 हजार वोल्टेज का विद्युत का तार टूटकर गिर गया।

# किसी भी स्थिति में बख्शे न जाएं जमीन पर कब्जा करने वाले : मुख्यमंत्री योगी

## कहा- जनसमस्याओं के निस्तारण में नहीं चलेगी अफसरों की हीलाहवाली

- गोरखपुर में मुख्यमंत्री ने सुनीं 400 लोगों की समस्याएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर



जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं से रूबरू मुख्यमंत्री। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जमीन कब्जाने वाले किसी भी दशा में न बख्शे जाएं। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली नहीं चलेगी। अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर जनसमस्याओं का निस्तारण कराएं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने 400 लोगों की समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

बारिश के कारण मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक कर सभी लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों की ओर से जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए, ताकि इलाज के लिए उन्हें परेशान न होना पड़े।

### मुख्यमंत्री ने की गोसेवा, खिलाया गुड़

मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन-पूजन किया और गोशाला में जाकर गोसेवा की। गोवंश को उन्हें गुड़ खिलाया। गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए।

# बाढ़ से सुरक्षित हैं हम: मंत्री

संवाददाता, अयोध्या

- बाढ़ की परियोजनाओं पर चर्चा करने अयोध्या पहुंचे स्वतंत्र देव सिंह



**अमृत विचार:** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शनिवार को बाढ़ परियोजनाओं पर चर्चा करने के लिए अयोध्या पहुंचे। भारी बारिश के बीच रामनगरी पहुंचे स्वतंत्र देव ने तटीय इलाकों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि नेपाल में भारी बारिश के बाद सरयू समेत अन्य नदियों में बाढ़ की नौबत आ जाती है।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि बाढ़ की 238 परियोजनाएं चल रही है, जिसमें लगभग सभी पूरी हो चुकी है। हमारी कोशिश है कि किसानों को किसी तरह की हानि न पहुंचे। इसके लिए परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। बस्ती से अयोध्या पहुंचे स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि परियोजनाएं पूर्ण होने के बाद पूर्वांचल का इलाका बाढ़ से सुरक्षित है। अयोध्या, देवीपाटन, आजमगढ़ मण्डल समेत गोंडा, बाराबंकी व अम्बेडकरनगर तक हमारी परियोजनाएं कार्य कर रही हैं। जिले स्तर पर लगातार समीक्षाएं चल रही हैं। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि मां आशीर्वाद बनाये रखें।

### राहत कार्य पर सतर्क नजर रखें अधिकारी: योगी

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बारिश के मौसम में अधिकारी राहत कार्य पर सतर्क नजर रखें और प्रभावित लोगों की मदद करें। उन्होंने कहा कि पूरी तत्परता से राहत कार्य किए जाएं। आपदा से प्रभावित लोगों को अनुमन्य राहत राशि का अविलंब वितरण कराया जाए। मुख्यमंत्री ने शनिवार को राहत से जुड़े अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल भराव की स्थिति में जल निकासी के लिए प्रभावी प्रबंध किए जाएं। नदियों के जल स्तर की सतत निगरानी की जाए। फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराई जाय, ताकि प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा सके।

# राहुल गांधी देख रहे प्रधानमंत्री बनने का सपना : आठवले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राजधानी पहुंचे केंद्रीय मंत्री को एक कार्यक्रम किया गया सम्मानित



**अमृत विचार :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले शनिवार को राजधानी पहुंचे। रविन्द्रालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और सपा को पूर्व से कुछ सीटें ज्यादा मिली हैं। इसके लिए दोनों पार्टियों ने संविधान बदलने का झूठा प्रोपेगेंडा फैला कर वोटरों को गुमराह किया।

आठवले ने कहा कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे थे, उनका सपना इतनी जल्दी पूरा होने वाला नहीं है। अभी हमारी सरकार 20 से 25 वर्ष और सत्ता में रहेगी। जनता हमारे साथ है। हाथरस मामले पर आठवले ने कहा, पुलिस प्रशासन की लापरवाही की वजह से इतना बड़ा हादसा हुआ। पुलिस को आगे से ध्यान रखना चाहिए।

# आप सांसद संजय सिंह के मामले में सुनवाई 15 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में शनिवार को वे हाजिर नहीं हुए। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 15 जुलाई की तारीख नियत की है। संजय सिंह व 13 नामजद के खिलाफ 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाने में आचार संहिता की उल्लंघन के आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज किया था। केस में अन्य आरोपी जमानत करा चुके है, जबकि संजय सिंह के खिलाफ जमानती वारंट जारी है।

# अयोध्या संग्रहालय के डिजाइन पर मंथन

अयोध्या कार्यालय

- दो वर्ष में तैयार हो जाएगा अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम संग्रहालय



**अमृत विचार:** सरयू तट स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय अगले दो वर्ष में विश्व स्तर के स्वरूप में तैयार हो जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट इसका जीर्णोद्धार कर रही है। इसकी जिम्मेदारी राजकीय निर्माण निगम को दी गई है। संग्रहालय के निर्माण और गुणवत्ता की देखभाल भारत सरकार की संस्था इंजीनियर इंडिया लिमिटेड करेगी। डिजाइन वास्तु के अनुसार नोएडा की फर्म डिजाइन एसोसिएट करेगी।

मंदिर निर्माण समिति के दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन शनिवार को राम मंदिर की तर्ज पर अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय को भी भव्यता और दिव्यता दिए जाने पर मंथन हुआ। इसके लिए एक विजन डॉक्यूमेंट भी तैयार किया गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की अध्यक्षता में संग्रहालय के कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान राजकीय निर्माण निगम के साथ भारतीय इंजीनियरिंग लिमिटेड के इंजीनियर के साथ दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू अंतर्राष्ट्रीय म्यूजियम के भी एक्सपर्ट मौजूद रहे। इस दौरान संग्रहालय के नवनिर्माण किए जाने पर मंथन किया गया।

बैठक के बाद राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने बताया कि एक वर्ष पहले राम मंदिर संग्रहालय को लेने की इच्छा जताई थी। जिसे प्रदेश सरकार ने राम मंदिर ट्रस्ट को सौंप दिया गया था। कहा कि दो वर्षों में राम कथा संग्रहालय बनकर तैयार हो जाएगा।

# बिल्डर की फर्मों की जांच, सवा करोड़ वसूले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विशेष अनुसंधान शाखा ने एक साथ की कार्रवाई, गलत तरीके से आईटीसी क्लेम वसूला

**अमृत विचार:** जीएसटी के 25 अफसरों की पांच टीमों ने लैंड डेवलप करने, प्लॉट विक्रय और अपार्टमेंट बनाकर बेचने वाले बड़े बिल्डर के पांच प्रतिष्ठानों पर एक साथ जांच की।

अलग-अलग जिलों में घंटों चली जांच में बड़ी मात्रा में टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है। दस्तावेजों की जांच में तीन साल से गलत तरीके से आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) क्लेम सरकार से वसूलने की जानकारी सामने आई है। यही नहीं फर्म ने सालाना टर्नओवर कम दिखाकर जीएसटी चोरी कर बड़ा खेल भी किया है। विशेष अनुसंधान शाखा ने पेनाल्टी समेत कर चोरी का करीब सवा करोड़ रुपया जमा कराया है। सूचना के आधार पर एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 अमरेश त्रिपाठी ने ज्वाइंट कमिश्नर अखिलेश कुमार सिंह को एक बड़ी टीम गठन करने को कहा। संबंधित सभी जिलों के दलों को सक्रिय किया गया।

> बिल्डर के अलग-अलग जिलों के प्रतिष्ठानों पर जीएसटी टीम की विशेष अनुसंधान शाखा ने एक साथ कार्रवाई की। इसमें गलत तरीके से आईटीसी क्लेम बिल्डर द्वारा वसूला जा रहा था। जांच में इसकी पुष्टि होने पर बिल्डर ने सवा करोड़ रुपया जमा कराया है। - **अमरेश त्रिपाठी,** एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-2

संयुक्त आयुक्त सिंह ने बताया कि एक साथ बिल्डर के लखनऊ गोमतीनगर के दो, बाराबंकी एक, सीतापुर (नैमिष) एक और नोएडा मिलाकर कुल पांच प्रतिष्ठानों पर जीएसटी टीम ने कार्रवाई की। कई घंटे प्रतिष्ठानों में अभिलेखों को खंगाला गया, तो गलत तरीके से आईटीसी क्लेम कर सरकार को कई करोड़ का चूना लगाने की जानकारी हुई।

# विस उप चुनाव में जीत के लिए कार्यकर्ता मजबूती से जुटें: संतोष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने कहा कि विधानसभा उप चुनाव में जीत के लिए पार्टी नेता व कार्यकर्ता मजबूती से जुटें। वह शनिवार को भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों, अभियानों व प्रदेश कार्यसमिति बैठक की तैयारियों पर चर्चा कर रहे थे।

राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि संगठन के विस्तार का कार्य निरंतर व अनवरत चलता है। प्रदेश में होने वाले उपचुनाव को मजबूती से लड़कर विजय सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ काम करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीतिक कार्यक्रमों व अभियानों के साथ ही अपने सामाजिक व राष्ट्रीय दायित्वों के प्रति भी सजग है। प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन के संकल्प के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता समेत स्थानीय नागरिकों को भी जोड़ने का काम करना है।

# वरिष्ठ पत्रकार अजय उपाध्याय का निधन

**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार अजय उपाध्याय (66) का वाराणसी में शनिवार शाम को हृदय गति रुकने से निधन हो गया।



वाराणसी के इंदिरा नगर निवासी अभय उपाध्याय ने बताया कि उनके बड़े भाई अजय उपाध्याय का शनिवार शाम 4 बजे उनके आवास पर निधन हो गया। उन्होंने बताया कि वह दिल्ली में रह रहे थे और तीन-चार दिन पहले उनसे (अभय से) मिलने आए थे।

# चुनाव आयोग को तलाश एक अदद अफसर की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अफसरों के न भेजने पर आयोग ने फिर लिखा पत्र

**अमृत विचार:** प्रदेश में नगर निकाय उप चुनाव कराने के लिए अब राज्य निर्वाचन आयोग को सिर्फ एक आईएएस अधिकारी की तलाश है। उप चुनाव के लिए मतदान आठ जुलाई को होना है, पर अभी तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी के तौर पर संयुक्त निर्वाचन आयुक्त की तैनाती नहीं की गई है। पूर्व में मांगे गए अधिकारियों के न भेजने पर आयोग ने फिर सरकार को पत्र भेजा है।

प्रदेश में 29 जिलों में नगर निकायों के खाली पड़े सदस्यों की सीटों पर चुनाव होना है। चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने सरकार को पत्र भेजकर आयोग में निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति करने की मांग की थी। पत्र में कहा गया था कि आयोग में स्वीकृत अपर निर्वाचन आयुक्त, संयुक्त निर्वाचन आयुक्त, उप निर्वाचन आयुक्त व सहायक निर्वाचन आयुक्तों की तैनाती की जाय, पर अभी तक इन अफसरों की तैनाती नहीं की गई है। अब आयोग ने दोबारा पत्र भेजकर संयुक्त निर्वाचन आयुक्त तैनात किए जाने की मांग की है। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि चुनाव पर सतर्क नजर रखने के लिए जिले स्तर पर चुनाव प्रेक्षक तैनात किये गए हैं।


# राजस्व निरीक्षक-लेखपाल को पीटा

**संडीला, (हरदोई)।** राजस्व निरीक्षक और लेखपाल डीएम के आदेश पर अमल करने के लिए खेत की मेड़ बंदी करने पहुंचे। उसी बीच वहां पहुंचे लोग पहले तो राजस्व टीम को गाली-गलौज करने लगे, उसके बाद उनकी पिटाई शुरू कर दी। मामला कासिमपुर थाने के दुलारपुर आंख का बताया गया है। पुलिस ने राजस्व निरीक्षक की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। जिलाधिकारी के आदेश पर अमल करने के लिए लेखपाल गिरिजा शंकर के साथ कासिमपुर थाने के दुलारपुर आंट पहुंचे, जहां भगौती प्रसाद व रामकिशोर के खेत की मेड़ बंदी करनी थी। उसी बीच गांव के फूल मियां, इज़हार अली, अकील आदि वहां पहुंच कर मारपीट करने लगे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वर्ग पहेली-123

**बाएं से दाएं**
3. 1. किसी बात 2. वर्णन 3. बातचीत, बहस, चर्चा।
4. घूमता हुआ, चक्कर खाता हुआ।
7. 1. कोई चीज़ इतनी तेज़ी से फेंकना या ढकेलना कि वह चक्कर खाते हुए आगे बढ़े 2. लुढ़कने में प्रवृत्त करना।

**ऊपर से नीचे**
1. एक प्रकार का विद्युत चुंबकीय विकिरण जिसकी आवृत्ति उप-आण्विक कणों के आपसी टकराव से निकलती है।
2. 1. किसी कथन के पश्चात् होने वाली बातचीत (कथन)
3. 1. अपवित्र, अशुद्ध, नापाक, मलिन, गंदा 2. दुष्ट, ख़राब।
5. प्रेमिका, प्रेयसी।
6. खाने योग्य (पदार्थ)।



### वर्ग पहेली -122 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 से | ■ | 2 झों | 3 क | ना |
| 4 क | रा | वा | ■ | ट | ■ |
| म | ■ | ■ | 5 अ | ■ | ■ |
| 6 अ | प | र | द | न | ■ |
| स | ■ | ■ | ब | ■ | 7 अ |
| ल | ■ | ■ | दा | ■ | चे |
| ■ | ■ | 8 अ | ना | कृ | त |

## सुडोकू -36

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 7 | | 9 | | 8 |
| | | | 2 | | | 7 | | 3 |
| | | 6 | 1 | 8 | | 4 | | |
| 8 | | 7 | | 9 | | | | 4 |
| 5 | | | | | | | | 1 |
| 4 | | | | 3 | | 6 | | 5 |
| | | 5 | | 4 | 6 | 2 | | |
| 9 | | 2 | | | 7 | | | |
| 6 | | 8 | | 2 | | | 3 | |

### सुडोकू -35 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 8 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 5 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 |
| 3 | 2 | 5 | 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 7 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 1 | 3 | 5 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 जुलाई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 8 जुलाई 04 .59 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य पूर्ण रात्रि तक।

**मेष:** आज सरकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लाभ उन्नति का अवसर प्राप्त हो सकते हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में संलग्न लोगों को व्यापार को बढ़ाने की ओर ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा के योग हैं।

**वृष:** आज संघर्ष करने से भाग्य साथ देगा विरोधी गुप्त रूप से आपके विरुद्ध सक्रिय रहेंगे। सावधानी बनाए रखें। सामाजिक कार्य में अभिरुचि बढ़ेगी। दूसरों की छोटी-मोटी बातों को तूल न देते हुए अपने लक्ष्य पर फोकस करना उचित रहेगा।

**मिथुन:** आज विरोधी पक्ष आपकी कमजोरी का लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। आपकी सूझबूझ से परिस्थितियों अनुकूल होने लगेंगे। कारोबार में विस्तार की योजना साकार होती हुई नजर आएगी। आर्थिक मामलों में शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क:** आज परोपकार, दया, धर्म में अभिरुचि बढ़ेगी। किसी पुराने कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता प्राप्त होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। मजदूर वर्ग को रोजगार संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा। किसी भी जोखिम भरी योजना में निवेश करने से बचना चाहिए।

**सिंह:** आज नौकरी की तलाश में इधर से उधर भटकना पड़ सकता है। आपको शारीरिक परिश्रम अधिक करना पड़ सकता है। पहले के रुके हुए कार्य पर फोकस करना होगा। उद्योग धंधे से जुड़े लोगों को अपेक्षा से कम सफलता मिलेगी।

**कन्या:** आज किसी पुराने मुकदमे से छुटकारा मिलेगा। जेल से मुक्त होंगे। समाज में आपके कार्यों की सराहना होगी। व्यापार में नए मित्र बनेंगे। शासन सत्ता का लाभ मिलेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य के लिए लंबी यात्रा पर जाना सफल होगा।

**तुला:** आज नौकरी में पदोन्नति के योग बनेंगे। भूमि, भवन आदि के कार्य में लगे लोगों को विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। कोई काफी समय से रुका हुआ कार्य संपन्न होगा। राजनीति में आपके नेतृत्व की सराहना होगी।

**वृश्चिक:** आज किसी प्रियजन से दूर जाना पड़ सकता है। राजनीति में मिली असफलता अपमान का सबब बनेगी। व्यापार में तनाव होने से मन खिन्न रहेगा। यात्रा में किसी अनजान व्यक्ति पर अधिक विश्वास करना हानिकारक सिद्ध होगा।

**धनु:** आज कोई महत्वपूर्ण कार्य धन के अभाव में बाधित हो सकता है। कृषि कार्य में रुचि कम रहेगी। सरकारी की कोई योजना आपके लिए उन्नति कारक सिद्ध होगी। निर्माण संबंधी कार्य में अकारण विघ्न आ सकते हैं। किसी व्यापारिक यात्रा पर जा सकते हैं।

**मकर:** आज कार्यक्षेत्र में झूठे आरोप में जेल जाना पड़ सकता है। नौकरी में मनचाही जगह स्थानांतरण हो सकता है। राजनीतिक विरोधी षड्यंत्र रच कर फसा सकते हैं। किसी विश्वासपात्र व्यक्ति से धोखा मिल सकता है। व्यापार में अधिक परिश्रम करना पड़ेगा।

**कुंभ:** आज नौकरी में अधीनस्थ से तालमेल बैठाने का प्रयास करें। लंबित कार्य निपट सकेंगे। व्यापार में नए अनुबंध के लिए आपको कठिन प्रयास करना पड़ेगा। आध्यात्मिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों को कोई सरकारी सहायता मिल सकती है।

**मीन:** आज दूर देश में लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। वाहन खरीदने की पुरानी इच्छा पूर्ण हो सकती है। शुभचिंतकों की सलाह की अनदेखी करने से बचना चाहिए अन्यथा बाद में पछताना पड़ सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
परदेशी बाबू — सुबह : 11.29
कोहराम — रात : 07.00

**&pictures**
वलाटी — सुबह :11.22
कंजूस मखीचूस — रात : 08.00

**Sony Pix**
वंडर वुमन — सुबह : 08.57
65 — रात : 07.25

**Zee Cinema**
फुकरे 3 — सुबह : 10.26
सूर्यवंशी — रात : 08.30

**Colors Cineplex**
रुध्रन् — दोपहर : 01.13
हनुमान — रात : 08.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा तुम्हारे रिजल्ट का क्या हुआ?
चिंटू- पापा 80 प्रतिशत आए हैं।
पापा- लेकिन मार्कशीट पर तो सिर्फ 40 प्रतिशत लिखा है?
चिंटू- बाकी के 40 प्रतिशत आधारकार्ड लिंक होने पर होने पर सीधे अकाउंट में आएंगे।
चप्पल, दे चप्पल, दे चप्पल!

मास्टर जी- बताओ कौन सी ऐसी चीज है, जो खींचने से छोटी होती है?
टिंकू- सर बीड़ी...
मास्टर जी- नशेड़ी की औलाद, तू निकल मेरी क्लास से बाहर!

## एक नजर

### शाह ने असम के सीएम से बाढ़ के बारे में ली जानकारी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से बात कर राज्य में भारी बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति की जानकारी ली है। शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने असम के मुख्यमंत्री से बात कर वहां हुई भारी बारिश के बाद उत्पन्न स्थिति की जानकारी ली है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्य को हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। शाह ने कहा, भारी बारिश के कारण असम में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। मौजूदा स्थिति के बारे में असम के मुख्यमंत्री से बात की।

### बीआरएस के 7वें विधायक कांग्रेस में हुए शामिल

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के गदवाल से विधायक बंदला कृष्णमोहन रेड्डी शनिवार को यहां जुबली हिल्स स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। रेवंत रेड्डी ने कृष्णमोहन रेड्डी का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया। इस कार्यक्रम में पर्यटन और संस्कृति मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव के साथ अन्य प्रमुख नेता उपस्थित थे। रेड्डी कांग्रेस में शामिल होने वाले बीआरएस के सातवें विधायक हैं। अब तक छह बीआरएस विधायकों ने पार्टी छोड़ दी है।

### विभव की न्यायिक हिरासत 16 तक बढ़ाई

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार की न्यायिक हिरासत शनिवार को 16 जुलाई तक बढ़ा दी। कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर हमला करने का आरोप है। कुमार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल के सामने पेश किया गया, जिन्होंने उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें उसी दिन एक मजिस्ट्रेट अदालत ने पांच दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया था।

### दलाई लामा और कैलाश सत्यार्थी ने लिखी पुस्तक

**नई दिल्ली।** मानवता के लिए एक साझा लक्ष्य की वकालत करने के लिए शांति के लिए नोबेल पुरस्कार के दो विजेताओं (तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा और कैलाश सत्यार्थी) ने पूंजा पांडे के साथ मिलकर एक पुस्तक 'द बुक ऑफ कंपैशन' लिखी है। इस पुस्तक के जरिए आज के समय में करुणा की जरूरत को उजागर किया गया है। इस पुस्तक का विमोचन 22 जुलाई को किया जाएगा।

# कश्मीर से दो विधान, दो प्रधान, दो निशान समाप्त हो गए हैं : शाह

## 102वें अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित किया

गांधीनगर, एजेंसी

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात के गांधीनगर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से दो विधान, दो प्रधान और दो निशान समाप्त हो गए हैं और वहां तिरंगा बड़ी शान से लहरा रहा है। शाह ने शनिवार को यहां 102वें अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित सहकार से समृद्धि कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और सचिव, सहकारिता मंत्रालय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



● कहा- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कारण बंगाल और कश्मीर आज भारत का हिस्सा

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती है। आज अगर बंगाल और कश्मीर भारत का हिस्सा हैं, तो इसका एकमात्र कारण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने ही एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेगे के आंदोलन का नेतृत्व किया और इसके लिए लड़ते-लड़ते अपने प्राण न्यौछावर कर दिये। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से दो विधान, दो प्रधान और दो निशान समाप्त हो गए हैं और वहां तिरंगा बड़ी शान से लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि आज बाबू जगजीवन राम जी की भी पुण्यतिथि है, जिन्होंने देश के दलितों के लिए कई विकास कार्यक्रम चलाए और सामाजिक समरसता और धर्म परिवर्तन के विरोध की नींव रखी।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज सहकारिता क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों कार्यकर्ताओं के लिए कई प्रकार से एक बहुत महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन प्रधानमंत्री ने एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की थी। पिछली सरकारों ने कभी अलग सहकारिता मंत्रालय की आवश्यकता महसूस नहीं की। गुजरात की धरती से आने वाले मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद आज के समय में सहकारिता की ज़रूरत को समझकर 2021 में एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की थी।

## बसपा नेता की हत्या में आठ संदिग्ध पकड़े गए

**चेन्नई।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या के सिलसिले में कम से कम आठ संदिग्धों को पकड़ा गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। हालांकि दिवंगत नेता के समर्थकों और नेताओं ने सवाल उठाया है कि गिरफ्तार किए गए संदिग्ध क्या असली अपराधी हैं। आर्मस्ट्रांग के समर्थकों ने दावा किया कि उनकी हत्या योजना बनाकर की गई थी और उन्होंने 52 वर्षीय आर्मस्ट्रांग की मौत की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराए जाने की मांग की। मोटरसाइकिल सवार छह लोगों के एक समूह ने चेन्नई नगर निगम के पूर्व पार्षद आर्मस्ट्रांग की शुक्रवार को पेरम्बूर में उनके घर के पास हत्या कर दी थी।

## जगन्नाथ मंदिर: रत्न भंडार को खोलने की तिथि पर होगा मंथन

भुवनेश्वर, एजेंसी

● उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने समिति की बैठक के बाद जानकारी दी

ओडिशा सरकार द्वारा गठित उच्च-स्तरीय समिति रत्न भंडार को पुनः खोलने की तारीख तय करने के लिए नौ जुलाई को बैठक करेगी। इस समिति का गठन जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार में आभूषणों समेत कीमती वस्तुओं की सूची बनाने के काम की निगरानी के लिए किया गया है। उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने शनिवार को पुरी में समिति की पहली बैठक के बाद यह जानकारी दी।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान न्यायमूर्ति रथ ने कहा, उपलब्ध दस्तावेजों और ब्यौरे की जांच करने के बाद यह पाया गया कि रत्न भंडार की एक डुप्लिकेट चाबी पुरी सरकारी खजाने में है, इसलिए हमने रत्न भंडार को फिर से खोलने की तारीख तय करने के लिए नौ जुलाई को समिति की एक और बैठक आयोजित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक को अगली बैठक में समिति के समक्ष रत्न भंडार की डुप्लिकेट चाबी पेश करने को कहा गया है।

रथ ने कहा कि चूंकि खजाने का आंतरिक कक्ष कई दशकों से नहीं खुला है और दरवाजे का ताला काम नहीं कर रहा होगा, इसलिए इसे ध्यान में रखते हुए ऐसी स्थिति में ताला तोड़ने के लिए सरकार की मंजूरी से मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी।

## दो इनामी सहित पांच नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में शनिवार को दो इनामी माओवादियों समेत पांच नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में पांच नक्सलियों करटम सुक्का (41), सोयम बदरा (40), दिरदो केशा (28), मुचाकी मासा (55) और मड़कम हड़मा (38) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया। नक्सली करटम सुक्का पर दो लाख तथा सोयम बदरा पर एक लाख रुपये का इनाम है।

## छह मंजिला इमारत ढही, एक की मौत

सूरत, एजेंसी

गुजरात के सूरत शहर के पाल इलाके में शनिवार दोपहर छह मंजिला आवासीय इमारत ढह गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम तीन से चार लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने बताया कि इमारत ढहने के तुरंत बाद एक महिला को सुरक्षित बचा लिया गया जबकि रात में मलबे से एक व्यक्ति का शव निकाला गया। यह घटना दोपहर में करीब दो बजकर 45 मिनट पर हुई।



गहलोत ने बताया कि बचाव अभियान जारी है, क्योंकि स्थानीय लोगों का दावा है कि मलबे के नीचे अभी भी तीन से चार लोग फंसे हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इमारत का निर्माण 2016-17 में हुआ था। आयुक्त ने कहा, करीब पांच फ्लैटों में लोग रहते थे, जिनमें से ज्यादातर इस इलाके के कारखानों में काम करने वाले लोग थे। जब बचाव कार्य शुरू हुआ, तो हमें फंसे हुए लोगों की चीखें सुनाई दीं

## डीयू ने अंकपत्र, डिग्री में सुधार शुल्क दोगुना किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने अपने डिग्री प्रमाणपत्र या अंकपत्र में कोई सुधार चाहने वालों के लिए शुल्क दोगुना कर दिया है। स्नातक के दिन से छह साल के भीतर अंकपत्र में सुधार चाहने वालों के लिए शुल्क 500 रुपये से बढ़ाकर 1,000 रुपये और छह साल से अधिक की अवधि के लिए 1,000 से बढ़ाकर 2,000 रुपये कर दिया है। छह साल के भीतर डिग्री प्रमाणपत्र में सुधार चाहने वालों के लिए शुल्क 500 से बढ़ाकर 1,000 रुपये कर दिया है।

## संसद सदस्यों के लिए अपमानजनक टिप्पणियों को वापस लें : धनखड़



मेधावी छात्रों को उत्कृष्टता पदक प्रदान करते उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़। ● एजेंसी

नयी दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम की सांसदों को अंशकालिक बताने वाली टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए शनिवार को कहा कि यह अत्यधिक अपमानजनक है और इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। धनखड़ ने केरल के तिरुवनंतपुरम में भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसटी) के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संसद के सदस्यों को अंशकालिक बताया जाना अपमानजनक है।

उन्होंने कहा कि संसद को ही कानून बनाने का अधिकार है। गौरतलब है कि चिदम्बरम ने एक साक्षात्कार में सांसदों को अंशकालिक बताया है। धनखड़ ने नाम लिए बिना वरिष्ठ सांसद के शब्दों को संसद की बुद्धिमत्ता का अक्षम्य अपमान बताया। उपराष्ट्रपति ने सवाल किया, क्या हम संसद में अंशकालिक लोग हैं? वरिष्ठ सांसद के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा, मेरे पास इस तरह की कहानी की निंदा करने के लिए पर्याप्त शब्द नहीं हैं।

## केजरीवाल राजनीतिक षड़यंत्र के शिकार

नयी दिल्ली, एजेंसी

**बोलीं सुनीता केजरीवाल**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को आरोप लगाया कि उन्हें (अरविंद केजरीवाल को) गहरी राजनीतिक साजिश का शिकार बनाया गया है और ईडी ने एक गवाह के झूठे बयान के आधार पर आबकारी नीति मामले में उन्हें गिरफ्तार किया। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि ईडी ने अरविंद केजरीवाल को तेलुगु देशम पार्टी के सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के बयान के आधार पर गिरफ्तार किया था। तेदेपा सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का घटक दल है। सुनीता केजरीवाल ने लोगों से दिल्ली के मुख्यमंत्री का समर्थन करने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल एक ईमानदार, शिक्षित और देशभक्त व्यक्ति हैं और अगर जनता उनका समर्थन नहीं करती है, तो 'आप' नेता के साथ किए गए व्यवहार को देखते हुए कोई भी शिक्षित व्यक्ति राजनीति में नहीं आना चाहेगा। उन्होंने दावा किया कि मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी ने अपने बेटे राघव मगुंटा रेड्डी की गिरफ्तारी और उन्हें जमानत न मिलने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री के साथ अपनी मुलाकात के बारे में ईडी को दिया अपना बयान बदल दिया।



थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने नई दिल्ली में रक्षा अलंकरण समारोह-2024 के दौरान कीर्ति चक्र (मरणोपरांत) से सम्मानित कैप्टन अंशुमान सिंह की पत्नी स्मृति सिंह से बातचीत की। ● एजेंसी

## कारोबार/कृषि

### बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2075, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1775, रविन्द्रा 1990, फॉर्चुन ली. 1625, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1655, राग गोल्ड 1615, गृहणी 1510, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1630, आशीर्वाद मस्टर्ड 1925, स्वास्तिक 2045 ।किराना-(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19500, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-25500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल - (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4800, खजाना 4800 ।दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10900, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 6950-7400 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10200-10900, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8400, लाल हिंदुस्तान 8500, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8900, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17200।

# महाराष्ट्र सरकार सेमीकंडक्टर संयंत्र के लिए तीन कंपनियों से कर रही बात : फडणवीस

## होरिबा इंडिया की चिकित्सा उपकरण की विनिर्माण इकाई के उद्घाटन के बाद बोले

नागपुर, एजेंसी

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवा''र को कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के लिए तीन कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। वह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ बुटीबोरी क्षेत्र में होरिबा इंडिया की चिकित्सा उपकरण और उपभोग्य सामग्रियों की विनिर्माण इकाई का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। होरिबा इंडिया, जापानी फर्म होरिबा लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी है।

फडणवीस ने पुणे और नागपुर में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए होरिबा के चेयरमैन अतुशी होरिबा को धन्यवाद दिया।



उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार राज्य में सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के लिए होरिबा सहित तीन कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। उन्होंने होरिबा को प्रस्ताव दिया है कि वह नागपुर में सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करे। उन्होंने कहा कि इसके लिए जमीन आरक्षित रखी जाएगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने शहर में अपना संयंत्र शुरू करने के लिए होरिबा इंडिया को धन्यवाद दिया। होरिबा इंडिया ने एक बयान में कहा कि नागपुर संयंत्र में लगभग 200 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा और यह भारत में 30,000 से अधिक डायग्नोस्टिक लैब और अस्पतालों को सेवाएं देगा।

### आईवीपी सेमीकंडक्टर को राजस्व मिलने की उम्मीद

**चेन्नई।** फैबलेस सेमीकंडक्टर स्टार्टअप आईवीपी सेमीकंडक्टर प्राइवेट लिमिटेड ने घरेलू बाजार में सेमीकंडक्टर चिप का उत्पादन करने के अपने अभियान के तहत एक उत्पादन परीक्षण संयंत्र स्थापित करने की योजना बनाई है। आईवीपी सेमीकंडक्टर के सह-संस्थापक और सीईओ राजा मणिकम ने कहा कि कंपनी ने अपनी विस्तार योजनाओं के लिए 50 लाख अमेरिकी डॉलर हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य पहले घरेलू बाजार में ग्राहकों की सेवा करना और बाद में कंपनी का विस्तार करके उसे वैश्विक ब्रांड बनना है। मणिकम ने कहा, आज घरेलू सेमीकंडक्टर उद्योग को कई वैश्विक कंपनियां सेवा दे रही हैं। मैं एक भारतीय कंपनी के रूप में उद्योग की सेवा करना चाहता हूं। आईवीपी सेमीकंडक्टर एक भारतीय कंपनी है। उन्होंने कहा, हम मौजूदा खिलाड़ियों के प्रतिस्पर्धी बनने जा रहे हैं, जिनमें से ज़्यादातर वैश्विक कंपनियां हैं।

## आर्थिक लचीलापन के लिए नवाचारी नीतियों की जरूरत : प्रो पांडे

**नयी दिल्ली।** डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विवि, लखनऊ के कुलपति प्रो. जे.पी. पांडे ने शनिवार को कहा कि आर्थिक लचीलापन बढ़ाने में नवाचारी नीतियों पर जोर दिये जाने की जरूरत है। प्रो पांडे ने जैपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट गाजियाबाद द्वारा आज लचीली अर्थव्यवस्था का निर्माणः सतत विकास के लिए नीतियां और रणनीतियां पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ पर सतत विकास प्राप्त करने के लिए शिक्षा, उद्योग और नीति निर्माताओं के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में जापान के कोनान विवि के प्रो. केन निशिकावा और जैपुरिया टीम का नेतृत्व सेठ आनंदराम जैपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष शिशिर जैपुरिया ने किया।

## पीएनबी पर रिजर्व बैंक ने लगाया 1.31 करोड़ जुर्माना

नयी दिल्ली, एजेंसी

● बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत लगाया जुर्माना

भारतीय रिजर्व बैंक ने सरकारी क्षेत्र के बैंक पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) पर 1.31 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना किया है। रिजर्व बैंक ने कल देर रात जारी आदेश में कहा कि पंजाब नेशनल बैंक पर 'ऋण और अग्रिमः वैधानिक और अन्य प्रतिबंध' और अपने ग्राहक को जानें निर्देश, 2016 के निर्देशों के अनुपालन नहीं करने पर 1,31,80,000 रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है।

केन्द्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत लगाया गया है। केन्द्रीय बैंक ने 31 मार्च, 2022 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में बैंक का पर्यवेक्षी मूल्यांकन के लिए वैधानिक निरीक्षण किया गया था। उसके निर्देशों और उस संबंध में संबंधित पत्राचार का पालन न करने के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर, बैंक को एक नोटिस जारी किया गया था, जिसमें उसे कारण बताने की सलाह दी गई थी कि उस पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए। नोटिस पर बैंक के जवाब और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान दिए गए मौखिक प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद रिजर्व बैंक ने पाया कि बैंक के खिलाफ आरोप सही पाए गए, जिसके लिए मौद्रिक दंड लगाया जाना उचित था।

### राइट टू रिपेयर पोर्टल से जुड़ेंगे वाहन विनिर्माता

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केन्द्र सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने वाहन विनिर्माण क्षेत्र की कंपनियों को सामान्य मरम्मत करवाने के ग्राहकों के अधिकार को प्रभावी बनाने के अभियान में सक्रियता से जुड़ने पर बल दिया है।

### सर्राफा

**बरेली**

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72900 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71900 |
| सिल्वर (पक्की) | 905 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,200 |
| चांदी आभूषण | 91,700 |

## रतन कुमार बंधन बैंक के अंतरिम एमडी व सीईओ

कोलकाता, एजेंसी

निजी क्षेत्र के बंधन बैंक ने अपने कार्यकारी निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी रतन कुमार केश को 10 जुलाई से अंतरिम प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीईओ के रूप में नियुक्त किया है। बैंक के वर्तमान एमडी और सीईओ तथा संस्थापक चंद्रशेखर घोष नौ जुलाई को सेवानिवृत्त होंगे।

बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि केश तीन महीने के लिए या नए पदाधिकारी के कार्यभार संभालने तक, जो भी पहले हो,



अंतरिम एमडी और सीईओ होंगे। केश की नियुक्ति बैंक के शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। वह मार्च 2023 से बंधन बैंक के कार्यकारी निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी हैं। इससे पहले वह आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, यस बैंक और एक्सिस बैंक में काम कर चुके हैं।

## एम3एम इंडिया को नयी परियोजना से 4,000 करोड़ की आय की उम्मीद

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी एम3एम इंडिया को गुरुग्राम में नयी आवासीय परियोजना से 4,000 करोड़ रुपये की आय की उम्मीद है। कंपनी ने गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर एक नयी आवासीय परियोजना एम3एम एल्टीट्यूड शुरू की है, जहां वह 350 विशिष्ट अपार्टमेंट बनाएगी। एम3एम इस चार एकड़ की परियोजना को विकसित करने के लिए 1,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जबकि बिक्री से अनुमानित राजस्व करीब 4,000 करोड़ रुपये है। कंपनी इस परियोजना में 10 करोड़ रुपये से लेकर 30 करोड़ रुपये की कीमत वाले अपार्टमेंट बेच रही है।

## चीनी, नमक और संतृप्त वसा की जानकारी मोटे अक्षरों में देनी होगी

नयी दिल्ली, एजेंसी

● खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी देने का निर्णय लिया गया

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के लेबल पर कुल चीनी, नमक और संतृप्त वसा की पोषण संबंधी जानकारी मोटे अक्षरों में और अपेक्षाकृत बढ़े हुए फॉन्ट आकार में प्रदर्शित करनी होगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि एफएसएसएआई के अध्यक्ष अपूर्व चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित खाद्य प्राधिकरण की 44वीं बैठक में पोषण संबंधी जानकारी के संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन) विनियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी देने का निर्णय लिया गया। इस संशोधन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उपभोग किए जा रहे उत्पाद के पोषण मूल्य को बेहतर ढंग से समझने और स्वस्थ निर्णय लेने हेतु सशक्त बनाना है। प्रस्तावित संशोधन से संबंधित मसौदा अधिसूचना अब सुझावों एवं आपत्तियों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से सार्वजनिक की जाएगी।

## हमें बेहतर करना चाहिए था, इसमें कोई छिपी बात नहीं : पेटीएम संस्थापक

**नयी दिल्ली।** पेटीएम के संस्थापक विजय शेखर शर्मा ने शनिवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई से मिली सीख के बारे में बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि यह व्यक्तिगत स्तर पर एक भावनात्मक झटका था, जबकि पेशेवर स्तर पर उन्हें जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाने का सबक मिला। शर्मा ने बिना किसी लाग-लपेट के कहा, मैं कहूंगा कि पेशेवर स्तर पर हमें बेहतर करना चाहिए था, इसमें कोई छिपी बात नहीं है। हमारे ऊपर जिम्मेदारियां थीं, हमें उन्हें और बेहतर तरीके से निभाना चाहिए था।

## खेल डायरी

### विनेश ने जीता स्पेन ग्रां प्री का स्वर्ण पदक

**मैड्रिड।** पेरिस ओलंपिक जाने वाली भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को स्पेन ग्रां प्री में महिलाओं के 50 किलोवर्ग का स्वर्ण पदक जीता। दो बार की विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता विनेश ने फाइनल में मारिया तियुमेरेकोवा को 10-5 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। पूर्व में रूस की खिलाड़ी रही मारिया अब तटस्थ खिलाड़ी के तौर पर खेलती है। बुधवार को ऐन मौके पर शेंगेन वीजा पाने वाली विनेश ने तीन मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई। विनेश ने पहले क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन को 12-4 से हराया। इसके बाद कनाडा की मेडिसन पार्क्स को चित किया और सेमीफाइनल में कनाडा की ही कैटी डचाक को 9-4 से मात दी।

### सबसे उम्रदराज ग्रैंडस्लैम चैंपियन विक का निधन

**लंदन।** विंबलडन विजेता और टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल विक सेक्सास का 100 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह सबसे उम्ररदाज ग्रैंड स्लैम चैंपियन थे। सेक्सास की बेटी टोरी की पुष्टि के आधार पर उनके निधन की घोषणा की। उनका शुक्रवार को निधन हो गया। वह हॉल ऑफ फेम के सबसे उम्रदराज सदस्य थे और 1953 विंबलडन एकल खिताब जीतने वाले इस खिलाड़ी को इसमें 1971 में शामिल किया गया था।

### भुल्लर मोरक्को में संयुक्त दूसरे स्थान पर

**रबात (मोरक्को)।** ओलंपिक की तैयारी में लगे भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने दूसरे दौर में पांच अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाया, जिससे वह 20 लाख डालर इनामी इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए। पहले दौर में तीन अंडर 70 का कार्ड खेलने वाले भुल्लर का कुल स्कोर आठ अंडर है और वह शीर्ष पर चल रहे अमेरिकी खिलाड़ी जॉन कैटलिन से केवल एक शॉट पीछे हैं।

### अभय एशियाई स्क्वाश टूर्नामेंट में दो स्वर्ण की दौड़ में

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह शनिवार को मलेशिया के जोहोर में एशियाई डबल्स स्क्वाश चैम्पियनशिप में पुरूष युगल और मिश्रित स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए। शीर्ष वरीय अभय और वेलावन सेंथिलकुमार ने जापान के टोमोटाका एंडो और नाओकी हयाशी की जोड़ी पर 23 मिनट में 11-9, 11-2 से शानदार जीत सं पुरुष युगल खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया जिसमें उनकी भिड़ंत मलेशिया के दूसरे वरीय ओंग साई हंग और स्याफिक कमाल की जोड़ी से होगी। फिर अभय ने तीसरी वरीय अनुभवी जोशना चिनप्पा ने मिश्रित युगल सेमीफाइनल में चेंग नगा चिंग और लाई चेउक नाम मैथ्यू की हांगकांग की जोड़ी पर 11-8, 11-10 से जीत हासिल की। अब अभय और जोशना का सामना मिश्रित युगल फाइनल में हांगकांग के दूसरे वरीय टोंग त्सज विंग और टैंग मिंग हांग की जोड़ी से होगा।

### टाईब्रेकर में हारा भारत, कारुआना ने जीता खिताब

**बुखारेस्ट (रोमानिया)।** भारत के आर प्रज्ञानंदा और डी गुकेश को चार खिलाड़ियों के बीच खेले गए टाइब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा जिसमें दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना ने तीनों रैपिड गेम जीतकर सुपरबेट क्लासिक में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। कारुआना क्लासिकल प्रारूप में नीदरलैंड के अनीश गिरी से हार गए, जिससे मुकाबला रोचक बन गया क्योंकि गुकेश, प्रज्ञानंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा सभी उनकी बराबरी पर पहुंच गए। प्रज्ञानंदा मुख्य बाजी में अलीरेजा के सामने एक समय बेहद मुश्किल स्थिति में फंसे हुए थे। जबकि गुकेश और प्रज्ञानंदा ने अपनी अपनी बाजियां ड्रॉ खेली जिससे विजेता का फैसला करने के लिए चार खिलाड़ियों के बीच टाइब्रेकर की स्थिति बन गई। अमेरिका के इस खिलाड़ी ने टाइब्रेकर में तीनों प्रतिद्वंदियों गुकेश, प्रज्ञानंदा और अलीरेजा को हराकर 68500 अमेरिकी डॉलर का पहला पुरस्कार जीता।

# जिम्बाब्वे के घर में भारतीय युवा पस्त

## पहले टी-20 में जिम्बाब्वे ने भारत को 13 रन से हराया, रजा और चतारा ने झटके 3-3 विकेट



अभिषेक शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते जिम्बाब्वे के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**हरारे, एजेंसी**

कप्तान सिकंदर रजा के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर जिम्बाब्वे ने शनिवार को खेले गए पहले टी-20 मुकाबले में भारत को 13 रनों से हराकर 8 साल बाद ऐतिहासिक जीत दर्ज की। बल्लेबाजों के लिए मुश्किल भरी पिच पर 116 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की बल्लेबाजी फ्लॉप रही। जिम्बाब्वे की गेंदबाजी के आगे भारतीय बल्लेबाज तू चल मैं आया की तर्ज पर पवेलियन लौटते रहे और पूरी टीम 19.5 ओवर में 102 रन पर सिमट गई। यह 2024 में भारत की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में पहली और पिछले आठ साल में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी पहली हार है।

भारत की ओर से कप्तान शुभमन गिल ने 29 गेंदों में पांच चौके लगाते हुये सर्वाधिक (31) रनों की पारी खेली। 11वें ओवर में सिकंदर रजा ने गिल को बोल्ड का मैच का रुख पलटा। हालांकि इसके बाद वाशिंगटन सुंदर और आवेश खान ने एक बार फिर से टीम की वापसी करते हुये मैच रूख भारत के पक्ष में कर दिया था। आवेश ने 12 गेंदों में तीन चौके लगाते हुये 16 रन बनाये। वॉशिंगटन सुंदर एक चौका और एक



**8** वर्षों में जिम्बाब्वे के खिलाफ पहली बार हारा भारत

**2024** में भारत की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में पहली हार

सिकंदर रजा की गेंद को समझने में नाकाम हुए कप्तान शुभमन गिल। ● एजेंसी

छक्का लगाते हुए 27 रन बनाए। भारत के आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। टी-20 मुकाबले में यह जिम्बाब्वे की भारत के खिलाफ तीसरी जीत है। जिम्बाब्वे की ओर से सिकंदर रजा और टेंडई चतारा ने तीन-तीन विकेट लिए। ब्रायन बेनेट, वेलिंग्टन मसाकाट्जा, ब्लेसिंग मुजाराबानी और ल्यूक जॉन्गवे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां हरारे स्पोर्ट्स क्लब में भारत के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ही ओवर में मुकेश कुमार ने इनोसेंट काइया (शून्य) को बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद वेस्ले मधेवीरे और ब्रायन बेनेट ने दूसरे विकेट के लिये 34 रन जोड़े। छठें ओवर में रवि बिश्नोई ने ब्रायन बेनेट (22) को बोल्ड कर जिम्बाब्वे को दूसरा झटका दिया।

बिश्नोई ने आठवें ओवर में वेस्ले मधेवीरे (21) को भी बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। कप्तान सिकंदर रजा ने (17) डिओन मेयर्स (23) रन बनाकर आउट हुये। क्लाइव मडांडे ने 25 गेंदों में नाबाद (29) रनों की पारी खेली। भारतीय गेंदबाजी के आगे जिम्बाब्वे के पांच बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल सके। रवि बिश्नोई (चार विकेट) और वॉशिंगटन सुंदर (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ने जिम्बाब्वे को निर्धारित 20 ओवरों में 115 स्कोर रोक दिया था। भारत की ओर से रवि बिश्नोई ने चार ओवर में 12 रन देकर चार विकेट चटकाए। वहीं वाशिंगटन सुंदर ने चार ओवर में 11 रन देकर दो विकेट लिए और इस तरह टी-20 में अपने 100 विकेट भी पूरे किए। मुकेश कुमार और आवेश खान को एक-एक विकेट मिला।

### स्कोर बोर्ड

| जिम्बाब्वे 115/9 (20 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| वेसली मेडेवेरे बो बिश्नोई | 21 | 22 | 3/0 |
| इनोसेंट केइया बो मुकेश | 0 | 1 | 0/0 |
| ब्रायन बेनेट बो बिश्नोई | 22 | 15 | 5/0 |
| सिकंदर रजा का बिश्नोई बो आवेश | 17 | 19 | 1/1 |
| डियोन मायर्स का और बो सुंदर | 23 | 22 | 2/0 |
| जोनाथन कैंपबेल रन आउट | 0 | 1 | 0/0 |
| क्लाइव मडांडे नाबाद | 29 | 25 | 4/0 |
| वेलिंगटन मसाकाजा स्ट जुरेल बो सुंदर | 0 | 0 | 0/0 |
| ल्यूक जोंगवी पगबाधा बो बिश्नोई | 1 | 3 | 0/0 |
| ब्लेसिंग मुजाराबानी बो बिश्नोई | 0 | 2 | 0/0 |
| टेंडाइ छटारा नाबाद | 0 | 9 | 0/0 |

अतिरिक्त : 2, गेंदबाजी : खलील 3-0-28-0, मुकेश 3-0-16-1, बिश्नोई 4-2-13-4, अभिषेक 2-0-17-0, आवेश 4-0-29-1, सुंदर 4-0-11-2

| भारत 102/10 (19.5 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक कैच मसाकाजा बो बेनेट | 0 | 4 | 0/0 |
| शुभमन गिल बोल्ड सिकंदर रजा | 31 | 29 | 5/0 |
| ऋतुराज कैच इनोसेंट बो मुजाराबानी | 7 | 9 | 1/0 |
| रियान पराग कैच ब्रॉडेन बो छटारा | 2 | 3 | 0/0 |
| रिंकू सिंह कैच ब्रॉडेन बो छटारा | 0 | 2 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल कैच मडांडे बो जोंगवी | 7 | 14 | 1/0 |
| वॉश्गिटन कैच मुजाराबानी बो जोंगवी | 27 | 34 | 1/1 |
| रवि बिश्नोई पगबाधा बो रजा | 9 | 8 | 2/0 |
| आवेश खान कैच रजा बो मसाकाजा | 16 | 12 | 3/0 |
| मुकेश बोल्ड रजा | 0 | 3 | 0/0 |
| खलील अहमद नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 3, गेंदबाजी : ब्रायन बेनेट 1-1-0-1, वेलिंगटन मसाकाजा 3-0-15-1, टेंडाइ छटारा 3 .5-1-16-3, ब्लेसिंग मुजाराबानी 4-0-18-1, ल्यूक जोंगवी 4-0-28-1, सिकंदर रजा 4-0-25-3

# करो या मरो मुकाबले में वापसी करना चाहेगी भारतीय महिला टीम



**मैच का समय : शाम 07:00 बजे**

**चेन्नई।** भारतीय महिला टीम पहले मैच में 12 रन से मिली हार के बाद रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में वापसी करने के लिए दूसरे टी-20 मैच में बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण में सुधार करना चाहेगी। भारत को शुक्रवार को हुए पहले मैच में कैच छूटने और बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे टीम दक्षिण अफ्रीका के चार विकेट पर 189 रन के जवाब में 20 ओवर में चार विकेट पर 177 रन ही बना सकी।

दक्षिण अफ्रीका के इस मौजूदा दौरे में यह पहली जीत थी और इससे पहले उसे वनडे श्रृंखला में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था जबकि एकमात्र टेस्ट में 10 विकेट से शिकस्त मिली थी। शुक्रवार के मैच के बाद दोनों टीमों के लिए कुछ चिंताएं बनी हुई हैं। भारत की ऋचा घोष और दक्षिण अफ्रीका की तजमिन ब्रिट्स को क्रमशः सिर में चोट और मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा था। खिलाड़ियों के दिमाग में क्षेत्ररक्षण में फ्लॉप शो जरूर चल रहा होगा। विशेषकर पर तब जब मुख्य कोच कोच अमोल मजूमदार इस मामले में बेहद सख्त हैं।

### हमने गेंदबाजी में गलतियां की : राधा

**चेन्नई।** भारतीय स्पिनर राधा यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में 12 रन की हार के बाद स्वीकार किया कि उनके गेंदबाजों ने कुछ गलतियां की जिसका टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा। तजमिन ब्रिट्स (81) और मारिजान कैप (57) ने गेंदबाजों की एक नहीं चलने दी जिससे दक्षिण अफ्रीका चार विकेट पर 189 रन बनाने में सफल रहा। जवाब में भारत चार विकेट पर 177 रन ही बना पाई। राधा ने कहा यह जानना महत्वपूर्ण था कि विकेट पर किस लेंथ और किस गति से गेंदबाजी करनी है। हमने गेंदबाजी इकाई के रूप में कुछ गलतियां की। हमने उन्हें 10 से 15 रन अधिक बनाने दिए। हमें उन्हें यॉर्कर लेंथ पर गेंद करनी चाहिए थी। हमें रणनीति पर अमल करना होगा और जल्द ही विकेट के व्यवहार को समझना होगा।



### विंबलडन सेंटर कोर्ट पर तेंदुलकर का अभिवादन

**लंदन।** चैंपियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का शनिवार को दोपहर में यहां पहुंचने पर विंबलडन सेंटर कोर्ट पर दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया। बादामी रंग का सूट पहने तेंदुलकर ने हाथ हिलाकर सभी के अभिवादन का जवाब दिया। विंबलडन ने एक्स पर डाले वीडियो के साथ लिखा सेंटर कोर्ट पर फिर आपका स्वागत है सचिन। सेंटर कोर्ट पर प्रस्तोता ने भी तेंदुलकर का स्वागत करते हुए कहा हमारे बीच भारत के महान क्रिकेटर, विश्व कप विजेता और क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले लीजेंड हैं।



सचिन तेंदुलकर का स्वागत कीजिये। इंग्लैंड के टेस्ट और सीमित ओवरों के कप्तान बेन स्टोक्स और जोस बटलर के साथ पूर्व कप्तान जो रूट भी रॉयल बॉक्स में बैठे थे। तेंदुलकर पिछले काफी साल से नियमित तौर पर विंबलडन देखने जाते हैं।

**पेरिस डायमंड लीग**

### साबले और जेना के सामने होंगे विश्व स्तरीय खिलाड़ी



**पेरिस।** भारत के शीर्ष स्टीपलचेस एथलीट अविनाश साबले और भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना रविवार को एक दिवसीय डायमंड लीग के पेरिस चरण में अपनी ओलंपिक तैयारियों को बेहतर करने की उम्मीद करेंगे।

मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने पिछले कुछ समय से परेशान कर रही जांघ की समस्या के कारण इसमें हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। साबले और जेना दोनों ही फॉर्म में नहीं हैं और उन्होंने ओलंपिक से पहले ज्यादा प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं लिया है। पर अब वे पेरिस की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की कोशिश करेंगे। ओलंपिक में एथलेटिक्स स्पर्धायें एक अगस्त से शुरू होंगी। 29 वर्षीय साबले ने अभी तक दो 3000 मीटर स्टीपलचेस स्पर्धाओं में हिस्सा लिया है। उन्होंने पोर्टलैंड में 8:21.85 और पंचकुला में 8:31.75 का समय निकाला था जबकि उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 8:11.20 है। एशियाई खेलों के मौजूदा स्वर्ण पदक विजेता ने कहा मैंने पिछले दो साल में गलतियां की हैं।

### इकाइयों से डाउनलोड होंगे खिलाड़ियों के पहचान पत्र

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया की ई-गवर्नेंस की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत अब खिलाड़ी सदस्य इकाइयों के पोर्टल से सीधे अपने पहचान पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। हॉकी इंडिया ने खिलाड़ियों के लिए डिजिटल पहचान पत्र को जारी करने की प्रणाली शुरुआत कर दी है। यह नई प्रणाली पहचान पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाती है। यह कई प्रमुख सुविधाएँ प्रदान करती है।

पंजीकरण और अनुमोदन प्रक्रिया में सदस्य इकाई पोर्टल पर खिलाड़ी पंजीकरण, सभी आवश्यक व्यक्तिगत विवरण तथा दस्तावेज प्रस्तुत करना, सदस्य इकाई द्वारा प्रोफाइल की समीक्षा, हॉकी इंडिया को स्वीकृत प्रोफाइल प्रस्तुत करना, हॉकी इंडिया द्वारा अंतिम समीक्षा और अनुमोदन तथा आखिर में खिलाड़ियों को सदस्य इकाई पोर्टल पर अपना विवरण दर्ज करके सीधे अपना डिजिटल आईडी कार्ड डाउनलोड करने की क्षमता शामिल है। इन सुविधाओं को लेकर अध्यक्ष दिलीप सिंह टिर्की ने कहा, हमें आधार कार्ड मॉडल की तरह डिजिटल खिलाड़ी पहचान पत्र पेश करने पर बहुत गर्व है।

# एंडर्स एंटोनसेन को हराकर राजावत सेमीफाइनल में

**कैलगरी (कनाडा), एजेसी**

भारत के प्रियांशु राजावत ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शीर्ष वरीय और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराकर कनाडा ओपन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विश्व में 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने शुक्रवार रात एक घंटे 19 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में एंटोनसेन को 21-11, 17-21, 21-19 से हराया। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी हालांकि क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई। यह तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी चीनी ताइपे के पेई शान हसीह और एन-त्जु हंग से 18-21 21-19 16-21 से हार गई। राजावत ने एंटोनसेन को हराकर करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। यह पहला अवसर है जबकि इस 22 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया। राजावत दूसरी बार विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना फ्रांस के अलेक्स लेनियर से



होगा। राजावत ने अच्छी शुरुआत की तथा पहले गेम में एक समय वह 7-4 से आगे थे। एंटोनसेन ने हालांकि जल्द ही स्कोर 9-9 से बराबर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद लगातार पांच अंक बनाए। एंटोनसेन ने फिर वापसी की कोशिश की लेकिन राजावत ने लगातार सात अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। एंटोनसेन ने दूसरे गेम में जबरदस्त वापसी की लेकिन राजावत ने उन्हें कड़ी चुनौती दी। तीसरे गेम में राजावत एक समय 5-1 से आगे थे लेकिन एंटोनसेन इंटरवल तक 11-10 मामूली बढ़त हासिल करने में सफल रहे।

### इंग्लैंड महिला टीम ने न्यूजीलैंड को 59 रन से हराया

**साउथेम्प्टन।** डेनिएल वायट (76), नेट साइवर ब्रंट (47) की शानदार पारियों के बाद सेरा ग्लेन और शार्लेट डीन की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने शनिवार को पहले टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 59 रनों हरा दिया है। इसी के साथ इंग्लैंड ने पांच टी-20 मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

इससे पहले इंग्लैंड की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 197 रन बनाये थे। 198 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड को दूसरे ही ओवर में जॉर्जिया प्लिमर (1) के रूप में पहला झटका लगा। सूजी बेट्स और एमेलिया केर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 138 रन ही बना सकी और उसे 59 रन से हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 197 रन का स्कोर खड़ा किया।

# घुटने के दर्द से जूझते हुए जीते ज्वेरेव

**लंदन, एजेंसी**




एलेक्जेंडर ज्वेरेव

- **ज्वेरेव बोले- पेप को देखा तो हो गया था नर्वस**
- **चौथे दौर में पहुंचे बेन शेल्टन, उगो हम्बर्ट भी जीते**
- **महिला वर्ग में चीन की जिन्यू जीतीं**

जर्मनी के खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने घुटने की समस्या, मैराथन टाई-ब्रेकर और रॉयल बॉक्स में अपने आदर्शों में से एक को देखने की घबराहट पर काबू पाकर यहां विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। ज्वेरेव ने शनिवार को सेंटर कोर्ट पर टाईब्रेकर में अपना छठा मैच प्वाइंट हासिल करने के बाद कैमरून नौरी को 6-4, 6-4, 7-6 (15) से हरा दिया। नौरी टूर्नामेंट में आखिरी ब्रिटिश खिलाड़ी थे। ज्वेरेव दूसरे सेट में गिरने के बाद बायें घुटने से परेशान रहे उन्हें कई बार उपचार की जरूरत पड़ी।

रॉयल बॉक्स में कई प्रमुख खेल हस्तियां बैठी थीं जिसमें से एक मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला को देखकर वह थोड़े नर्वस भी थे। ज्वेरेव ने कहा, जब मैंने पेप को देखा तो मैं कुछ गेम के दौरान नर्वस हो गया था। बेन शेल्टन भी चौथे दौर में पहुंच गए। तीसरे पांच सेट के मुकाबले में डेनिस शापोवालोव को हराया जिसे पहले सेट में बारिश के कारण रात भर के लिए स्थगित कर दिया था। वहीं, उगो हम्बर्ट ने ब्रैंडन नाकाशिमा को हराया जिससे अब उनका सामना कार्लोस अल्काराज से होगा। महिला वर्ग में चीन की जिन्यू वांग ने ब्रिटेन की हैरियट डार्ट को हराया। जबकि येलेना ओस्टापेंको ने बर्नार्डा पेरा को 6-1, 6-3 से पराजित किया।

### बारिश ने बाधित किया खेल, डि मिनौर को वॉकओवर

**लंदन।** बारिश के कारण लगातार दूसरे दिन विम्बलडन में खेल बाधित हो गया और मौसम विभाग का कहना है कि यह मौसम दोपहर तक बना रह सकता है। नौवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनौर को चौथे दौर में वॉकओवर मिला जब उनके प्रतिद्वंद्वी फ्रांस के क्वालीफायर लुकास पोउली ने चोट के कारण नाम वापिस ले लिया। दूसरे दौर में भारत के यूकी भांबरी और उनके फ्रांसीसी जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेट्टी को जर्मनी के केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी से पुरुष युगल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

# रोनाल्डो का सपना टूटा, फ्रांस सेमीफाइनल में पहुंचा

**हैम्बर्ग (जर्मनी), एजेंसी**

फ्रांस ने पुर्तगाल को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में जगह बनाई और क्रिस्टियानो रोनाल्डो का खिताब के साथ टूर्नामेंट से विदाई लेने का सपना तोड़ दिया।

इस मुकाबले को रोनाल्डो बनाम काइलियन एमबापे के बीच जंग के रूप में देखा जा रहा था लेकिन आखिर में फ्रांसीसी खिलाड़ी अपने आदर्श फुटबॉलर पर भारी पड़ा। दोनों टीम ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी लेकिन अतिरिक्त समय तक भी कोई टीम गोल नहीं कर पाई। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया जिसमें पुर्तगाल के जोआओ फेलिक्स का शॉट गोल पोस्ट से टकरा गया। इसके बाद थियो हर्नांडेज ने निर्णायक किक को गोल में बदलकर फ्रांस को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। फ्रांस को यूरो 2021 के अंतिम 16 में और विश्व कप 2022 के फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन यहां किस्मत उसके साथ थी। पुर्तगाल की इस हार से 39 वर्षीय रोनाल्डो ने यूरोपीय चैंपियनशिप से भी विदा ली। वह पहले ही घोषणा कर चुके थे कि वह आखिरी बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। रोनाल्डो ने रिकॉर्ड छह बार यूरोपीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। फ्रांस सेमीफाइनल में स्पेन से भिड़ेगा।




यूरो 2024 में फ्रांस के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में हार के बाद पेपे को गले लगाते पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो।

### मेरिनो के गोल से स्पेन सेमीफाइनल में, जर्मनी बाहर

**स्टुटगार्ट (जर्मनी)।** माइकल मेरिनो के अतिरिक्त समय के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से स्पेन ने रोमांचक क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी को 2-1 से पराजित करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीम निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी। जब मैच पेनल्टी शूटआउट की तरफ बढ़ रहा था तब स्थानापन्न खिलाड़ी मेरिनो ने 119वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को यादगार जीत दिलाई। मेरिनो ने गोल करने के बाद कॉर्नर फ्लैग के पास उसी तरह से जश्न मनाया जैसे उनके पिता मिगुएल मेरिनो ने 1991 में यूएफा कप में इसी स्टेडियम में खेले गए मैच में ओसासुना की तरफ से स्टुटगार्ट के खिलाफ गोल करने के बाद मनाया था। मेरिनो ने कहा मैं जानता था कि बहुत कम समय बचा है और यह हमारी तरफ से आखिरी हमला हो सकता है। कुछ सेकेंड तक तो मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि मैंने गोल कर दिया है। मैं बेहद खुश हूं। हमने कड़ी मेहनत की थी और हमें अपने पर भरोसा था। मैच में तीनों गोल स्थानापन खिलाड़ियों ने किए।




जर्मनी के खिलाफ मैच में हेडर लगाता स्पेन का खिलाड़ी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

